नई दिल्ली

मंगलवार 17 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 305
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 28
न्यून. 16

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




विदेश मंत्रालय ने साझा की फ्रांस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी

## प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को किया सभी के स्वागत का उद्घोष

# 'एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन 2026'...,आज से शुरू होगा वैश्विक नेताओं के भारत पहुंचने का सिलसिला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में भारत मंडपम में आयोजित किए जा रहे 'एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन-26' के गुरुवार (19 फरवरी) को होने वाले उद्घाटन समारोह को लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली फिलहाल पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। इस दौरान दुनियाभर से आने वाले वीवीआईपी मेहमानों के जमावड़े को देखते हुए सुरक्षा और यातायात को लेकर सरकार के स्तर पर चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। विदेशी राष्ट्राध्यक्षों का भारत पहुंचने का सिलसिला मंगलवार (17 फरवरी) से शुरू हो जाएगा और यह गुरुवार 19 फरवरी तड़के सुबह तक जारी रहेगा। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इस संबंध में दिग्गज वैश्विक नेताओं के नाम तथा उनके आगमन समय के साथ एक वृहद सूची साझा कर बताया कि 17 से 19 फरवरी तक सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश पहुंचने वाले विदेशी मेहमानों की कुल संख्या दो दर्जन यानी 24 तक पहुंच गई है। जिसमें कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप-राष्ट्रपति, क्राउन प्रिंस और कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख शामिल हैं। राष्ट्राध्यक्षों की संख्या में और अधिक इजाफा देखने को मिल सकता है।

**आज स्वदेश पहुंचेंगे ये 6 राष्ट्राध्यक्ष:** मंत्रालय ने बताया कि 17 फरवरी को भारत पहुंचने वाले दुनिया के शीर्ष नेताओं में सबसे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस, बोलीविया के उप-राष्ट्रपति एडमंड लारा मोंटानो, गुयाना के उप-राष्ट्रपति डॉ.भरत जगदेव, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, सर्बिया की राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक मुख्य हैं। इनमें से कुछ राष्ट्राध्यक्षों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति के अलावा सरकार द्वारा अभी इस संबंध में अन्य देशों के बारे में औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन जानकारी साझा किए जाने की उम्मीद है।

**बोले, 1.4 बिलियन लोगों की शक्ति के साथ भारत वैश्विक एआई परिवर्तन में नेतृत्व का दमखम रखता है**




### पीएम का अनोखा संस्कृत सुभाषितम

प्रधानमंत्री ने एआई इंपैक्ट सम्मेलन में भाग लेने वाले वैश्विक नेताओं, नव-प्रवर्तकों और विशेषज्ञों के राजधानी में एकत्रित होने पर गर्व व्यक्त किया है। इस आयोजन को महत्वपूर्ण पल बताते हुए उन्होंने कहा कि ये शिखर सम्मेलन भारत के युवाओं में मौजूद अपार क्षमता तथा वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र में देश के बढ़ते हुए कद को साफ तौर पर प्रदर्शित करता है। साथ ही पीएम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संस्कृत सुभाषितम् यानी देश-दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा में एक श्लोक 'दाने तपसि शौचं च विज्ञानं विनये नये' 'विस्मयो न हि कर्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा' को भी साझा किया। जिसका अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा, 'ये हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। जिससे देश के युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। ये अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और वैश्विक विकास में अहम योगदान दे रहा है'।

### एआई चर्चाओं से होगा ये लाभ

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैसे तो इस शिखर सम्मेलन की हमारी थीम सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय है। लेकिन मैं विश्वास के साथ यह कह सकता हूं कि इस आयोजन में होने वाली चर्चाओं के जरिए एआई के नवाचार, सहयोग और जिम्मेदार उपयोग पर अंतरराष्ट्रीय विमर्श को बल मिलेगा। जिससे एक प्रगतिशील, नवोन्मेषी और अवसर उन्मुख भविष्य का निर्माण होगा। हमारी 1.4 बिलियन जनसंख्या मजबूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम और अत्याधुनिक अनुसंधान की शक्ति से प्रेरित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एआई में भारत की प्रगति महत्वाकांक्षा और जिम्मेदारी दोनों को दर्शाती है। जिसने देश को प्रौद्योगिकीय उन्नति में अग्रणी स्थान पर ला खड़ा किया है।

### 18 फरवरी को बढ़ेगी तादाद

बुधवार (18 फरवरी) के दिन राजधानी पहुंचने वाले विदेशी वीवीआईपी मेहमानों की कुल संख्या 16 होगी। जिनमें फिनलैंड के प्रधानमंत्री ए.पेटेरी ओर्पो, स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज, सेशेल्स के उप-राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्ले, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ.नवीनचंद्र रामगुलाम, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक, स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी, संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, विश्व मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एमडी क्रिस्टालिना जॉर्जीवा, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कूफ, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओल्जास बेकतेनोव, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी-सिल्वा, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस और लिंचेस्टाइन के प्रिंस एच-एडम द्वितीय हैं। इसके अगले दिन यानी 19 फरवरी को सुबह तड़के साढ़े पांच बजे स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाई पार्मेलिन भारत पहुंचेंगे।

# भारत-फ्रांस रक्षा साझेदारी के लिए आज बड़ा दिन, मुंबई में मिलेंगे मोदी और मैक्रों

***रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा सहित क्षेत्रीय, वैश्विक महत्व के मुद्दों पर चर्चा करेंगे दोनों शीर्ष नेता***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूद चुनौतियों के इस जटिल दौर में मंगलवार (17 फरवरी) का दिन भारत और फ्रांस के आपसी सहयोग और रक्षा साझेदारी के लिए किसी ऐतिहासिक दिन से कम नहीं होगा। जिसके केंद्र में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित मुंबई और बेंगलुरु जैसे देश के दो बड़े महानगर रहेंगे। दिल्ली में भारत की मेजबानी में होने वाले 'वैश्विक एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन-2026' पर देश-दुनिया में हर खासो-आम की निगाहें टिकी हुई होंगी। जबकि मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक होगी। इसके अलावा बेंगलुरु में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच भी द्विपक्षीय स्तर का एक बेहद महत्वपूर्ण संवाद होगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने साझा की है।

**मुंबई की पहली बार यात्रा करेंगे मैक्रों** : फ्रांस के राष्ट्रपति का भारत का ये आधिकारिक दौरा 17 फरवरी से शुरू होकर 19 फरवरी को समाप्त होगा। जिसमें उनके साथ फ्रांस की फर्स्ट लेडी यानी राष्ट्रपति मैक्रों की धर्मपत्नी ब्रिगिट मैक्रों भी शामिल होंगी। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में दोनों राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में ⏩ शेष पेज 5 पर

### ये होगा मोदी-मैक्रों का बिंदुवार कार्यक्रम

- सोमवार रात करीब 12 बजे फ्रांस के राष्ट्रपति का छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन होगा।
- 17 फरवरी को पीएम मोदी, राष्ट्रपति मैक्रों दोपहर 3 बजकर 15 मिनट पर राजभवन में बैठक करेंगे।
- 4 बजकर 30 मिनट पर राजभवन में ही एमओयू आदान-प्रदान और दोनों नेताओं का संयुक्त प्रेस बयान होगा।
- शाम 5 बजकर 20 मिनट पर होटल ताजमहल पैलेस में दोनों भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष-26 का उद्घाटन कर व्यावसायिक नेताओं, स्टार्ट-अप और शोधकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।
- रात 7 बजकर 15 मिनट पर गेटवे ऑफ इंडिया पर भारत-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन के साथ उत्सव मनाया ⏩ शेष पेज 5 पर



# डिप्टी मैनेजर ही निकला चोर, लॉकर से 3.5 करोड़ का सोना चुराकर सट्टेबाजी में उड़ा दिया

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

बैंक लॉकर में सोना रखना अब भी सुरक्षित है या नहीं? यह सवाल बेंगलुरु के एक चौंकाने वाले मामले ने सबके मन में उठा दिया है। जहां लोग बैंक को सबसे भरोसेमंद जगह मानते हैं, वहां ही बैंक का उप प्रबंधक किरण कुमार ग्राहकों के सोने का सेंधमार निकला। डिप्टी मैनेजर ने कथित तौर पर 15 ग्राहकों के लॉकर से करीब 2.78 किलो (2,780 ग्राम) सोने के आभूषण चुराए, उन्हें बिना अनुमति गिरवी रखा और मिली रकम ऑनलाइन सट्टेबाजी में उड़ा दी। कर्नाटक के बेंगलुरु में इंडियन बैंक के एक उप प्रबंधक पर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की हेराफेरी करने और उन्हें बिना अनुमति के गिरवी रखने का आरोप है। जब्त किए गए सोने का कुल वजन लगभग 2,780 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 3.5 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक के मुख्य प्रबंधक ने 5 फरवरी को बेंगलुरु के गिरिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद ⏩ शेष पेज 5 पर

## यादव आठ दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आएंगे

# जेल से रिहा होंगे राजपाल यादव, जमानत के लिए कोर्ट में जमा करने पड़े 1.5 करोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**5 करोड़ रुपए का मामला था वो 11 करोड़ का हो गया**



बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव आठ दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आएंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया है। बेल देने से पहले राजपाल यादव ने दिल्ली हाई कोर्ट के कहने पर डिमांड ड्राफ्ट के जरिए मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 1.5 करोड़ रुपए दिए हैं। अब इस केस की अगली सुनवाई 18 मार्च के दिन होगी। राजपाल यादव के वकील ने 12 फरवरी के दिन मीडिया से कहा था कि ओरिजिनल 5 करोड़ रुपए का मामला था, लेकिन अब वो 11 करोड़ रुपए का हो गया है। अब तक, हमने इस केस में 2.5 करोड़ रुपए दे दिए हैं। पहले रजिस्ट्री में करीब 1 करोड़ रुपए जमा किए गए थे। वहीं सोमवार को राजपाल यादव ने 1.5 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जमा किया है।

## सबरीमाला में महिलाओं की एंट्री

# 9 जजों की पीठ करेगी फैसला 7 अप्रैल को होगी यह सुनवाई

**पीठ 7 अहम सवालों पर विचार करेगी**



सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर एक बार फिर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक पीठ 7 अप्रैल 2026 से इस मामले में सुनवाई शुरू करेगी। इस दौरान पीठ 7 अहम सवालों पर विचार करेगी, जिनके आधार पर यह तय होगा कि केरल के प्रसिद्ध सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर विवाद का अंतिम समाधान क्या होना चाहिए। इस दौरान केंद्र सरकार महिलाओं के मंदिर में प्रवेश का विरोध करेगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा ⏩ शेष पेज 5 पर

## फ्रांस की रक्षा मंत्री संग द्विपक्षीय बैठक से पहले बेंगलुरु पहुंचे राजनाथ सिंह

# बीईएल की मिसाइल एकीकरण सुविधा का किया उद्घाटन आकाश मिसाइल की 3,4 रेजीमेंट और रडार को दी हरी झंडी

***डीआरडीओ में गैस टरबाइन इंजन विकास परियोजनाओं की रक्षा मंत्री ने की समीक्षा***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन के साथ मंगलवार को होने भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद से ठीक एक दिन पहले सोमवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बेंगलुरु पहुंचे। जहां उन्होंने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के परिसर में मिसाइल एकीकरण सुविधा का उद्घाटन किया। साथ ही आकाश मिसाइल सिस्टम की तीसरी और चौथी रेजिमेंट और माउंटेन फायर कंट्रोल रडार को हरी झंडी प्रदान की है। रक्षा ⏩ शेष पेज 5 पर



### एआई से बढ़ता रणनीतिक आत्मविश्वास

रक्षा मंत्री ने इन तमाम आयोजनों के बीच दिए अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सशस्त्र सेनाओं ने स्वदेश में विकसित की गई हवाई रक्षा प्रणाली और एंटी-ड्रोन सिस्टम ने अत्यंत प्रभावी ढंग से दुश्मन के खतरों को ⏩ शेष पेज 5 पर

### कावेरी इंजन परीक्षण का लिया जायजा

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ के समीक्षा कार्यक्रम से इतर विभिन्न स्वदेशी इंजनों और उनके कलपुर्जों की प्रदर्शनी का भी दौरा किया। साथ ही स्वदेशी कावेरी इंजन के पूर्ण आफ्टरबर्नर परीक्षण का जायजा लिया। मंत्रालय ने कहा कि संगठन की गैस टरबाइन अनुसंधान प्रयोगशाला (जीटीआरई) में वैज्ञानिकों और अधिकारियों से बातचीत में राजनाथ सिंह ने कहा कि वे एक राष्ट्रव्यापी मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण करते हुए अगली पीढ़ी के इंजनों पर ध्यान करते हुए एयरो ⏩ शेष पेज 5 पर




## खबर संक्षेप

### एआई इम्पैक्ट समिट के चलते कई इलाकों में लगा जाम

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में पांच दिवसीय एआई इम्पैक्ट समिट के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और यातायात का मार्ग बदलने के कारण सोमवार को राजधानी के कई हिस्सों में जाम की शिकायत की। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सराय काले खां के पास, डीएनडी फ्लाईओवर, विकास मार्ग-आईटीओ खंड, नारायणा, दिल्ली कैंट मेट्रो स्टेशन क्षेत्र और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन-पुल मिठाई कॉरिडोर सहित प्रमुख मार्गों और परिवहन केंद्रों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गई। भारत 16 से 20 फरवरी तक एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी कर रहा है, जिसमें मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, विदेशी प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सदस्यों सहित 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। दिल्ली पुलिस ने शहर भर में 10 हजार से अधिक कर्मियों को तैनात किया है, जिनमें से लगभग पांच हजार यातायात कर्मचारी वाहनों की आवाजाही, मार्ग परिवर्तन और वीआईपी मार्गों का प्रबंधन कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि एक समन्वय प्रकोष्ठ यातायात प्रवाह, खुफिया जानकारी और आपात प्रतिक्रिया की निगरानी कर रहा है, जबकि निर्धारित वीवीआईपी गलियारों के साथ एम्बुलेंस तैनात की गई हैं।

### वसंत कुंज में ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज साउथ थाना एरिया के रजोकरी इलाके में सोमवार को जानलेवा एक्सीडेंट का मामला सामने आया। हादसे में ट्रक ने एक बाइक सवार को कुचल दिया। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। मृतक रैपिडो राइडर था। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार सोमवार को सुबह 11:44 बजे वसंत कुंज साउथ थाने में एक रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट के बारे में पीसीआर कॉल आई, जिसमें एक मोटरसाइकिल एक ट्रक के नीचे आ गई थी। बाइक सवार को अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। यह हादसा बंदर फार्म के आगे, सुराना फार्म के पास, चर्च रोड, मॉल रोड, वसंत कुंज में हुआ। संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से भाग गया। मृतक की उम्र 27 साल है और वह महरौली का रहने वाला था तथा रैपिडो बाइक चलाता था। पुलिस आरोपी ट्रक चालक का पता लगाने और उसे पकड़ने की कोशिश में लगी हैं।

### प्लास्टिक बैग फैक्टरी में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** शहजादा बाग स्थित प्लास्टिक बैग निर्माण करने वाली एक फैक्टरी में सोमवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने जानकारी दी कि आग लगने की सूचना पूर्वाह्न 11:37 बजे मिली थी। आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आग से निकलता धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में चिंता का माहौल पैदा हो गया। डीएफएस अधिकारी ने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## 21 साल बाद आरोपी दंपति गिरफ्तार

# मजदूरी के पैसे ना मिलने पर की थी मासूम की हत्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**



क्राइम ब्रांच ने नांगलोई थाने के 21 साल पुराने मर्डर केस को सुलझा लिया है। 15 दिन अलग अलग जगहों पर छापेमारी के बाद मुख्य आरोपी दंपति को बांका, बिहार से अरेस्ट किया गया। सिकंदर उर्फ सुकवा (60) निवासी बांका, बिहार और मंजू (77) पर मजदूरी के पैसे ना मिलने पर मासूम की हत्या का आरोप है। आरोपियों को 22 जुलाई 2006 को तीस हजारी कोर्ट द्वारा भगौड़ा घोषित किया गया था।

पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल 2004 को 14 साल की बच्ची अपने घर शिव राम पार्क नांगलोई में अकेली थी। उसके माता पिता बिहार गए थे और उसका भाई नरेश कुमार नोएडा में अपने दोस्त की शादी में शामिल होने गया था। अगले दिन सुबह 4:30 बजे जब लड़की का भाई शादी से वापस आया, तो उसने घर बंद पाया। उसे पीछे से घर में घुसना पड़ा और अपनी बहन को बिस्तर पर मरा हुआ पाया। उसका गला कटा हुआ था और उसके गले से खून बह रहा था। नांगलोई थाने की पुलिस ने जांच शुरू की तो आरोपी फरार पाये गये। अब गिरफ्तार करने पर पूछताछ में आरोपी सिकंदर ने बताया कि वह मृतक के पिता गणेश का बहुत अच्छा दोस्त था और उसके वॉटर-प्रूफिंग प्रोजेक्ट्स पर उसके साथ मजदूर के तौर पर काम करता था। लड़की के पिता एक कॉन्ट्रैक्टर थे। उन्होंने कई सालों से उसकी मजदूरी नहीं दी थी। यह भी पता चला कि मृतक के पिता ने अपनी कमाई से सिकंदर के नाम पर एक प्लॉट खरीदने का वादा किया था, लेकिन ऐसा भी नहीं किया। इन पैसे की दिक्कतों की वजह से सिकंदर और उसकी पत्नी ने बदला लेने के इरादे से लड़की के मर्डर की साजिश रची। आरोपियों ने मासूम नाबालिग लड़की का चाकू से गला रेतकर बेरहमी से मर्डर किया और गाजियाबाद चला गया था, जहां वह एक दोस्त के साथ 15 दिन रहा और बाद में वे बरौनी जिला, बिहार चले गए थे। वहां पर दोनों एक साल तक रहे। बाद में वे कोलकाता चले गए और 2025 तक रहे। इस दौरान दोनों ने गुजारे के लिए मजदूरी कर गुजर बसर की थी।

# हिमांशु भाऊ गिरोह के दो बदमाश मुठभेड़ में अरेस्ट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**



क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज ने बाहरी दिल्ली में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद हिमांशु भाऊ गिरोह के दो कथित बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनसे हथियार व कारतूस बरामद किये गये। आरोपी एक अवैध हथियार आपूर्ति गिरोह का हिस्सा थे। इनके नाम विक्की उर्फ मोगली और चंदर भान बताये गये। दोनों हत्या, हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के कई मामलों में शामिल थे।

पुलिस ने बताया कि विक्की पर हत्या के मामलों के संबंध में हरियाणा पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। 22 और 23 जनवरी की दरमियानी रात हिरन कुदना-दिचाऊं कलां रोड पर यूईआर-2, फ्लाईओवर के नीचे आरोपियों को तब रोका गया दोनों एक बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने भागने की कोशिश में गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ के दौरान विक्की ने दो गोलियां चलाई, जिनमें से एक गोली हेड कांस्टेबल की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली मारी, जिसके बाद उसे काबू में कर लिया गया। विक्की से एक पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद किए गए, जबकि चंदर भान से एक पिस्तौल और छह कारतूस बरामद हुये। पुलिस ने अवैध हथियार आपूर्ति श्रृंखला से कथित तौर पर जुड़े तीन और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जिनमें उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी यामीन खान, गौतमबुद्धनगर निवासी सतीश कुमार उर्फ डल्लू और दिल्ली निवासी ईश्वर सिंह उर्फ सोनू शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली के विभिन्न स्थानों से और भी सामान बरामद किया गया है। इस मामले में अब तक कुल पांच पिस्तौल, 28 कारतूस और दो गाड़ियां जब्त की जा चुकी हैं। विक्की 2012 से आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है और दिल्ली और हरियाणा में सक्रिय हिमांशु भाऊ गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों के साथ संबंध रखता है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **कुलदीप, पुत्रः देवा नंद, निवासीः डब्लूजेड–23ए, गली नं.–2, संत गढ़, तिलक नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.445/2019 U/S 33 DE Act** के तहत एक मामला **थाना तिलक नगर, पश्चिमी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **कुलदीप** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **कुलदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.445/2019 U/S 33 DE Act, थाना तिलक नगर, पश्चिमी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **कुलदीप** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **19.03.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, विकास मदन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07 (पश्चिम),
कमरा नं.–289, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2098/WD/2026**
(अदालती मामला)


# पुलिस मुख्यालय में सरदार पटेल के पोर्ट्रेट अनावरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**



दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस पर सोमवार को पुलिस कमिश्नर सतीश गोलछा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के पोर्ट्रेट का अनावरण किया। हेडक्वार्टर बिल्डिंग के सामने कांच की ऊंचाई पर लगा यह पोर्ट्रेट, बाहरी हिस्से पर एक शानदार 32 फीट ऊंचा 3डी इंस्टॉलेशन है। अनावरण समारोह में दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी रही। पुलिस अधिकारियों ने 'लौह पुरुष' को नमन किया।

इस खास मौके पर पुलिस कमिश्नर ने हेडक्वार्टर के रिसेप्शन एरिया में एक मॉडल ट्रॉफी विट्रीन का भी अनावरण किया। यह विटरीन खास तौर पर प्रतिष्ठित देश का सबसे अच्छा पुलिस स्टेशन ट्रॉफी दिखाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो पुलिसिंग में बेहतरीन काम और पब्लिक सर्विस के प्रति कमिटमेंट का प्रतीक है। इस इवेंट को पर्यावरण की जिम्मेदारी के तौर पर मनाते हुए सीपी ने पीएचक्यू परिसर में एक पेड़ भी लगाया। टेक्नोलॉजिकल पहलों को और मज़बूत करते हुए सीपी ने पीएचक्यू में पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) और कैरेक्टर वेरिफिकेशन रिपोर्ट (सीवीआर) के लिए एक नया वेब एप्लिकेशन लॉन्च किया। इसे पब्लिक इस्तेमाल के लिए लॉन्च किया गया। वेब और टैबलेट-बेस्ड इंटरफेस इस्तेमाल में आसानी सुनिश्चित करता है, साथ ही तेज सर्विस डिलीवरी और बेहतर मॉनिटरिंग सिस्टम को भी मुमकिन बनाता है। पीसीसी और सीवीआर सर्टिफिकेट इस पोर्टल के जरिए स्पेशल ब्रांच द्वारा पूरी तरह से डिजिटाइज्ड तरीके से वेरिफाई किए जाते हैं और एप्लिकेशन के 21 दिनों के अंदर एप्लीकेंट को उनके ई-मेल पर उपलब्ध करा दिए जाते हैं। इस एप्लिकेशन का लॉन्च टेक्नोलॉजी से चलने वाली स्मार्ट पुलिसिंग को मजबूत करने और पब्लिक की सुविधा में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## बुध विहार में जीजा ने महिला का गला काटा, हालत गंभीर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**



रोहिणी जिले के बुध विहार में सोमवार दोपहर एक महिला का गला काट दिया। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

nपुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 12:21 बजे बुध विहार थाने में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें बताया गया कि एक महिला का गला काट दिया गया है और वह होश में है। लोकल पुलिस पॉकेट-17, वेस्ट मेगा मॉल, सेक्टर-24 रोहिणी में मौके पर पहुंची। घायल महिला को पहले ही बीएसए हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया गया था। बिल्डिंग की तलाशी के दौरान पुलिस ने बहुत बहादुरी दिखाई और आरोपी जय प्रकाश यादव पुत्र सुनील यादव निवासी जनता विहार, नजफगढ़ को पकड़ लिया। वह पास की एक बिल्डिंग की छत पर छिपा हुआ मिला। वह पीड़िता का जीजा है और कोचिंग सेंटर में टीचर है। शुरुआती जांच में पता चला कि अप्रैल 2025 से उसका अपनी पत्नी, जो एक टीचर है और उसके परिवार के साथ झगड़ा चल रहा था। पीड़ित एक थेरेपी सेंटर में काम करती है। घायल का इलाज चल रहा है और वह बयान देने लायक नहीं है। जुर्म करने के लिए इस्तेमाल किया गया एक कटर ब्लेड बरामद हो गया है।

## दिल्ली सरकार ने 'शीशमहल' मामले में हुई प्रगति का विवरण मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व आधिकारिक आवास से संबंधित सभी मामलों में हुई प्रगति का विवरण पेश करने को कहा है। पिछले हफ्ते पीडब्ल्यूडी के कई शीर्ष अधिकारियों और दिल्ली के मुख्य सचिव ने एक बैठक में सरकारी बंगले '6 फ्लैगस्टाफ रोड' से जुड़े सतर्कता और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों की स्थिति पर चर्चा की थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस बंगले को 'शीशमहल' करार दिया था। पार्टी ने आरोप लगाया था कि अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान बंगले में रहे केजरीवाल ने इसके कायाकल्प और साज-सज्जा पर अत्यधिक राशि खर्च की थी। अधिकारियों के मुताबिक, मुख्यमंत्री कार्यालय ने इन मामलों में पिछले एक साल में हुई प्रगति के साथ-साथ यह भी विवरण मांगा है कि निलंबित और सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई की जा रही है या नहीं। पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में कई अधिकारियों को निलंबित किया गया था, जिनमें से कुछ सेवानिवृत्त हो गए हैं। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) मामले की जांच कर रहा है। सरकार ने विस्तृत जानकारी मांगी है, जो हम उपलब्ध करा रहे हैं। साल 2024 में केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और इस बंगले को खाली करने के बाद पीडब्ल्यूडी ने इसके आंतरिक हिस्से का विस्तृत ऑडिट किया था। साल 2022 में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर सतर्कता विभाग ने बंगले के कायाकल्प और साज-सज्जा के दौरान कथित वित्तीय अनियमितताओं और लागत में वृद्धि की जांच शुरू की थी। बाद में 2024 में इसमें शामिल पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की गई और कुछ को निलंबित कर दिया गया।

## दिल्ली देहात में फिर शुरू हुई जल बोर्ड की लापरवाही

- डीजेबी एम सेवाऐप पर भेज सकते है मीटर रीडिंग

**दया राम ▶▶ नई दिल्ली**

कोरोना काल के बाद फिर से दिल्ली देहात के ग्रामीण इलाकों में दिल्ली जल बोर्ड की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि लंबे समय से पानी के मीटर की नियमित रीडिंग नहीं ली जा रही, जिसके चलते उपभोक्ताओं को औसत खपत के आधार पर बढ़े हुए बिल थमा दिए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप, जल बोर्ड उपभोक्ताओं को आर्थिक और जल बोर्ड कार्यालयों के चक्कर काट परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई-कई महीनों तक मीटर रीडर क्षेत्र में नहीं आते। बाद में एकमुश्त या

### मीटर रीडिंग और पारदर्शी बिलिंग प्रणाली लागू नहीं

दिल्ली देहात के नरेला, बवाना के निवासी स्पष्ट कहते हैं कि वे पानी की उचित कीमत देने को तैयार हैं, लेकिन गलत और बढ़े हुए बिल किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं। यदि समय पर मीटर रीडिंग और पारदर्शी बिलिंग प्रणाली लागू नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में यह उपभोक्ताओं और स्थानीय जल बोर्ड कार्यालय के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

### औसत बिलिंग से बढ़ी परेशानी

जानकारों के अनुसार, जब मीटर रीडिंग समय पर दर्ज नहीं होती, तो विभाग औसत खपत के आधार पर बिल तैयार करता है। यह औसत अक्सर पुराने उच्च उपभोग के आंकड़ों पर आधारित होता है, जिससे कम पानी इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को भी ज्यादा बिल भरना पड़ता है।

अनुमानित खपत के आधार पर बिल जारी कर दिया जाता है, जो वास्तविक उपयोग से कहीं अधिक होता है। इससे उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई राशि जमा करनी पड़ रही है या फिर बिल संशोधन के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। वहीं, इस संबंध में दिल्ली जल बोर्ड के एक अधिकारी का कहना है कि जल बोर्ड उपभोक्ता इस समस्या से बचने के लिए डीजेबी एमसेवा ऐप के माध्यम से रीडिंग दर्ज करा सकते हैं। वहीं, अधिकारी ने यह भी बताया कि लेट पेमेंट सरचार्ज योजना को 15 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है और आज ही योजना का लाभ उठाएं।

## दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड समारोह को गृह मंत्री ने किया संबोधित

# नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के बाद मामलों में दोषसिद्धि दर बढ़ेगी : शाह

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि देश में आने वाले वर्षों में तीन नए आपराधिक कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि की दर 80 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। ने यह भी कहा कि माओवादी हिंसा के खिलाफ लड़ाई अपने अंतिम चरण में है और इस साल मार्च तक इस खतरे को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने कहा कि न्याय पर आधारित तीन नए आपराधिक कानून पिछले 11 वर्षों में देश द्वारा हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक हैं, जो आने वाले कुछ वर्षों में पूरी तरह से लागू होने के बाद मामलों के निपटारे और दोषसिद्धि की दर को बढ़ाने में मदद करेंगे। गृह मंत्री तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) का जिक्र कर रहे थे - जिन्होंने एक जुलाई, 2024 को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 'इंडियन एविडेंस एक्ट' (भारतीय साक्ष्य अधिनियम) की जगह थी। गृह मंत्री ने दिल्ली पुलिस की कई नयी पहलों की भी शुरुआत की, जिनमें विशेष प्रकोष्ठ के लिए एक एकीकृत मुख्यालय और 'सेफ सिटी' परियोजना का पहला चरण शामिल है। उन्होंने कहा कि 'सेफ सिटी' परियोजना के पहले चरण के तहत, 10,000 एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरों में से 2,100 कैमरों को निगरानी नेटवर्क से जोड़ा जा चुका है। शाह ने यह भी कहा कि पहले से मौजूद 15,000 सीसीटीवी कैमरों को भी इसमें एकीकृत किया गया है। गृह मंत्री ने दिल्ली पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी के सामने आने वाली चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने में सक्षम रही है, जो देश के लोकतंत्र का दिल और उसके सम्मान एवं पहचान की प्रतीक है।

### सुरक्षित शहर परियोजना के तहत कई पहल का किया ऐलान

दिल्ली पुलिस ने अपने 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर सुरक्षित शहर परियोजना के तहत बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी उन्नयन से जुड़ी कई पहल की घोषणा की है जिसमें निगरानी प्रणालियों का विस्तार और नई सुविधाओं का निर्माण शामिल है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षित शहर परियोजना के तहत कमान एवं नियंत्रण केंद्र को और मजबूत किया जाएगा और राष्ट्रीय राजधानी में कई सीसीटीवी कैमरे पहले ही लगाए जा चुके हैं। यह निगरानी प्रणाली उन्नत सुविधाओं से लैस है, जैसे हाथ के इशारों की पहचान, चेहरे की पहचान और भीड़ ज्यादा होने पर अलर्ट देना, ताकि वास्तविक समय पर निगरानी को और अधिक बेहतर बनाया जा सके। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आपात स्थितियों और बड़ी घटनाओं के दौरान जमीनी समन्वय को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल कमांड वाहनों को भी तैनात किया जाएगा।


intec CAPITAL LIMITED
Sapne Aapke, Bharosa Apno Ka

## इंटेक कैपिटल लिमिटेड

CIN: L74899DL1994PLC057410
**पंजी. कार्यालय** : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110019
T.: +91-11-4652200/300; F.: +91-1146522333
Website: www.inteccapital.com, Email ID: complianceofficer@inteccapital.com

### डाक मतदान सूचना और ई-वोटिंग जानकारी

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 ("दि रूल्स") (समय समय पर लागू वैधानिक संशोधन(नों) अथवा पुनः क्रियान्वयन(नों) समेत) के नियम 20 और 22 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("दि एक्ट") की धारा 108 और 110 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, और इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सैक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवालयी मानक ("एसएस-2"), भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड के नियमन 44 (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 (दि "सेबी लिस्टिंग रेगुलेशंस") समय-समय पर संशोधित अनुसार, कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून 2021, 20/2021 दिनांक 08 दिसम्बर 2021, 3/2022 दिनांक 05 मई 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022, 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर 2025 और अन्य सम्बद्ध सरकुलर्स (सामुहिक रूप से "एमसीए सरकुलर्स" के रूप में संदर्भित) और सभी अन्य लागू कानूनों और नियमनों के अनुसरण में, इंटेक कैपिटल लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सदस्यों को एतद द्वारा सूचना दी जाती है। नीचे संलग्न प्रस्तावों को दूरस्थ इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रक्रिया (दूरस्थ ई-वोटिंग) के माध्यम से मतदान के द्वारा डाक मतदान के माध्यम से कम्पनी के सदस्यों द्वारा पारित किए जाने (कट-ऑफ तिथि के अनुसार) प्रस्तावित हैं। सदस्यों की सहमति अथवा असहमति का संचार केवल दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

डाक मतदान सूचना कम्पनी की वेबसाइट http://www.inteccapital.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट अर्थात www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। ये विवरण स्टॉक एक्सचेंजेज जहां कम्पनी के इक्विटी शेयर सूचीकृत हैं, अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

एमसीए और सेबी सरकुलर्स के अनुसार, सूचना कम्पनी के केवल उन सदस्यों को इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस)/कम्पनी/ रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") अर्थात बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड के पास पंजीकृत हैं। सूचना का इलैक्ट्रोनिक प्रेषण 16 फरवरी 2026 को पूर्ण कर लिया गया है। अन्य विषयों के साथ-साथ दूरस्थ ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीका इंगित करते हुये सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.inteccapital.com पर, स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट अर्थात www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 ("रूल्स"), समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों, लिस्टिंग नियमनों के नियमन 44 और आईसीएसआई द्वारा जारी एसएस-2 के अनुसरण में, सम्पादित किये जाने वाले प्रस्तावित बिजनेस के सम्बन्ध में इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा अपना मतदान करने के लिये इसके सदस्यों को सक्षम बनाने के लिये www.evotingindia.com पर सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक मतदान सुविधा प्रदान करने के लिये कम्पनी प्रसन्न हैं। नियमों के साथ पठित अधिनियम, एसएस-2 और एमसीए सरकुलर्स के अनुसरण में विवरण निम्नानुसार हैं :-

ए. शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 ("कट ऑफ तिथि") के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य केवल दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने के लिये अपने अधिकार का उपयोग करने के लिये पात्र होंगे। कोई व्यक्ति जो कट ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, इस सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु माने।

बी. ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का तरीका : सदस्यों को ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से सूचना में विनिर्दिष्टनुसार बिजनेस पर दूरस्थ रूप से अपने मतदान करने के लिये एक अवसर प्राप्त होगा। ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने हेतु लॉगइन प्रत्यायक ई-मेल के माध्यम से सदस्यों को उपलब्ध करवाये जाएंगे। ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने हेतु विस्तृत प्रक्रिया सूचना में प्रदान की गई है। विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाए गए हैं।

सी. दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि बुधवार, 18 फरवरी 2026 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) प्रारम्भ होगी और बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इसके पश्चात दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल सीडीएसएल द्वारा मतदान हेतु अयोग्य कर दिया जाएगा और मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।

डी. एक बार किसी प्रस्ताव पर मतदान कर दिया जाता है तो सदस्य को तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ई. कट ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सभी सदस्य (वे सदस्य जो कम्पनी / आरटीए/ डिपॉजिटरीज के पास अपने ई-मेल पते पंजीकरण नहीं करवाने की वजह से सूचना प्राप्त नहीं कर चुके हैं, समेत) सूचना में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तावित बिजनेस के सम्बन्ध में मतदान करने के हकदार होंगे।

एफ. निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से डाक मतदान आयोजित करने हेतु संवीक्षाकर्ता के रूप में श्री प्रियंक कुकरेजा (आईसीएसआई सदस्यता सीओपी-19465, एसीएस नं. ए40585) को नियुक्त किया गया है।

जी. डाक मतदान का परिणाम शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को या इससे पूर्व घोषित किया जाएगा। उक्त परिणामों सहित संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.inteccapital.com पर अपलोड की जाएगी और स्टॉक एक्सचेंज को www.bseindia.com पर और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी संचारित की जाएगी। कम्पनी डाक मतदान के परिणाम कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में भी प्रदर्शित करेगी।

एच. यदि आपके पास एजीएम में उपस्थित होने और ई-वोटिंग प्रणाली से ई-वोटिंग के सम्बन्ध में कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं, आप बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यूएस") और हैल्प सेक्शन के तहत www.evotingindia.com पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ई-मेल लिख सकते हैं अथवा श्री नितिन कुंदर (022-62343626) अथवा श्री असावरी कालोखे (022-62343624) अथवा श्री राकेश दलवी (022-62343611) से सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/-
(निहारिका गुप्ता)
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एम.नं. : ए59325

दिनांक : 16.02.2026
स्थान : नई दिल्ली

## विकास के लिए स्थानीय निकायों को सशक्त करना सरकार की प्राथमिकता

# निगम को सड़कों और सफाई व्यवस्था के लिए दी करोड़ों रुपये की मदद : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने राजधानी को साफ, विकसित और प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। इसी दिशा में दिल्ली सरकार ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को करोड़ों रुपये की विशेष आर्थिक मदद दी है। यह राशि सड़कों की मरम्मत, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, नगर निगम के स्कूलों को सुधारने और लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए दिया गया है।

इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्त ने सोमवार को दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के पूरे विकास के लिए नगर निगम जैसे स्थानीय निकायों को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इस मदद में मुख्यमंत्री विकास फंड (सीएमडीएफ) से भी विशेष राशि शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजधानी में साफ-सफाई की व्यवस्था और 60 फुट से कम चौड़ी सड़कों का रखरखाव दिल्ली नगर निगम के पास है। इसी को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान सड़कों को पक्का करने और विकास कार्यों के लिए लगभग 1330 करोड़ रुपये के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इसके माध्यम से लगभग 1000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण, मरम्मत और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। यह पहल विशेष रूप से धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि दिल्ली में मॉनसून के बाद अक्टूबर-नवंबर के महीनों में प्रदूषण स्तर में तीव्र वृद्धि देखी जाती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी सड़क सुधार कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि 30 सितंबर 2026 तक प्रमुख परियोजनाओं का निष्पादन सुनिश्चित हो सके। इसके लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को गति देने, अग्रिम तैयारियां शुरू करने और निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। उनका कहना है कि समय पर काम पूरे होने से नागरिकों को प्रदूषण से राहत मिलेगी और राजधानी की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। सफाई व्यवस्था को और आधुनिक बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने करीब 2300 करोड़ रुपये की लंबी अवधि की योजना को मंजूरी दी है। यह योजना 10 साल के ओपेक्स मॉडल पर चलेगी। इसके तहत सड़कों की बेहतर सफाई के लिए 70 नई मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें लगाई जा रही हैं। इसके अलावा, 1000 इलेक्ट्रिक लिटर पिकर भी तैनात किए जा रहे हैं, जिससे सफाई व्यवस्था और तेज, पर्यावरण के अनुकूल और आधुनिक बनेगी।

### निगम स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये देगी सरकार


शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने नगर निगम के प्राथमिक स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये देने का निर्णय लिया है। इस राशि से स्कूलों की इमारतें मजबूत की जाएंगी, साफ-सफाई की सुविधाएं सुधारी जाएंगी, कक्षाओं को आधुनिक बनाया जाएगा और बच्चों के लिए अच्छा पढ़ाई का माहौल तैयार किया जाएगा। इसके अलावा, नगर निगम के सामुदायिक भवनों की मरम्मत के लिए भी 50 करोड़ रुपये अलग से दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी कॉलोनियों में बने निगम के करीब 298 सामुदायिक भवनों में गरीब परिवार शादी और अन्य कार्यक्रम करते हैं, इसलिए इन भवनों का सुधार जरूरी है।

### सरकार दिल्ली को आधुनिक महानगर के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली को ऐसे आधुनिक महानगर के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां स्वच्छ पर्यावरण, मजबूत बुनियादी ढांचा, बेहतर शिक्षा व्यवस्था और सुगम नागरिक सुविधाएं एक साथ सुनिश्चित हों। दिल्ली नगर निगम को प्रदान किया गया यह विशेष वित्तीय सहयोग केवल बजटीय सहायता नहीं, बल्कि राजधानी के भविष्य में किया गया निवेश है। सरकार का लक्ष्य है कि विकास कार्यों की गति तेज हो, प्रदूषण में ठोस कमी आए और नागरिकों के जीवन स्तर में प्रत्यक्ष सुधार दिखाई दे।

## निगम सदन बैठक चढ़ी हंगामे की भेंट

# विपक्ष ने साधा रेखा सरकार पर निशाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सदन बैठक उस समय हंगामे की भेंट चढ़ गई जिस समय आम आदमी पार्टी के निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा निगम आयुक्त की वित्तीय शक्ति 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपए किए जाने का मामला उठाया। इस पर महापौर आसन संभाल रहे उपमहापौर जय भगवान यादव ने नेता विपक्ष नारंग से कहा कि इस विषय पर अब यहां चर्चा संभव नहीं है। इस मामले को लेकर नेता विपक्ष महापौर आसन के पास जा पहुंचे जिसके बाद सत्तापक्ष के पार्षद भी बचाव में उठ खड़े हुए। नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि भाजपा की चुने हुए पार्षदों को दरकिनार कर अफ़सरशाही को खुली छूट क्यों? लोकतंत्र कमजोर करने की साज़िश बर्दाश्त नहीं होगी। आप सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। बता दें कि महापौर राजा इकबाल की अध्यक्षता में सदन की प्रारंभिक प्रक्रिया शौक प्रस्ताव, दुर्घटना रिपोर्ट पढ़ी गई। इसके बाद पार्षदों ने बोलना शुरू किया जिसके कुछ समय बाद किसी जरूरी कार्य के चलते महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह को बाहर जाना पड़ा। इसके बाद उपमहापौर जय भगवान यादव ने महापौर का आसन संभाला। भाजपा पार्षद प्रीति और रितु गोयल ने बाद नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने निगम आयुक्त की वित्तीय शक्तियां बढ़ाने का मामला जोर शोर से उठाया। सतापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का भी दौर चला और नेता सदन प्रवेश वाही ने विपक्ष के आरोपों को भ्रमित करने वाले बताया।

## 'फांसी घर' मामले में विशेषाधिकार समिति ने केजरीवाल और अन्य को दिया अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति की अगली बैठक 6 मार्च 2026 को की गई निर्धारित
- अरविंद केजरीवाल और अन्य ने लिखित जवाब देकर समिति के समक्ष पेश होने के लिए मांगा समय

दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, राम निवास गोयल और राखी बिरला को 'फांसी घर' मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने और अपना पक्ष रखने के लिए अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया है। समिति ने इस अंतिम उपस्थिति के लिए 6 मार्च 2026 की तिथि निर्धारित की है। यह निर्णय सोमवार हुई विशेषाधिकार समिति की बैठक में लिया गया, जिसमें चारों व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत लिखित जवाब पर विचार किया गया।

इन उत्तरों में उन्होंने अपना पक्ष के लिए कुछ दिनों की मोहलत मांगी है। विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत ने सोमवार को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने लिखित जवाब में 2, 3, 4, 5 या 6 मार्च में से किसी भी दिन पेश होने का समय मांगा है। इसी तरह, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिरला ने भी कुछ दिनों का समय मांगा है। समिति ने इन अनुरोधों को स्वीकार करते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए अंतिम तिथि 6 मार्च तय की है जिससे जांच प्रक्रिया में और देरी न हो। उल्लेखनीय है कि यह मामला मूल रूप से दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता द्वारा उठाया गया था। यह 9 अगस्त 2022 को दिल्ली विधानसभा परिसर के भीतर उद्घाटन किए गए 'फांसी घर' की प्रमाणिकता से संबंधित है। विशेषाधिकार समिति को उद्घाटन से जुड़ी परिस्थितियों का तथ्यात्मक और प्रक्रियात्मक मूल्यांकन करने और मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया था। इन सभी को विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए कई मौके दिए गए थे लेकिन वे पिछले दिए गए सभी अवसरों पर समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए समिति ने पारदर्शिता, जवाबदेही और संस्थागत अखंडता सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। समिति ने इस बात पर जोर दिया कि निष्पक्ष और व्यापक जांच को पूरा करने के लिए संबंधित सभी व्यक्तियों का सहयोग देना अनिवार्य है।

# पूर्वी दिल्ली में ट्रैफिक व्यवस्था होगी बेहतर: रेखा

## मुख्यमंत्री ने विकास के लिए 1075 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी और जलभराव जैसी समस्याओं से भी स्थायी राहत मिलेगी। यह बात सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित रामलीला मैदान में लगभग 1075 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के अवसर पर कही।

ये परियोजनाएं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग से जुड़ी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना पार क्षेत्र के नागरिक वर्षों से अपनी गलियों, नालियों और सड़कों के समुचित विकास की प्रतीक्षा कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद भी किसी क्षेत्र की बुनियादी समस्याएं जैसे टूटी सड़कें, खुली नालियां, अच्छे स्कूलों और अस्पतालों की कमी, वैसी ही बनी रहें तो यह साफ तौर पर प्रशासन की नाकामी दिखाता है। मौजूदा सरकार केवल राजनीति नहीं, बल्कि काम के नतीजों पर भरोसा करती है। दिल्ली का कोई भी इलाका अब विकास से वंचित नहीं रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'यमुना के इस पार और उस पार' का भेद समाप्त कर पूरी दिल्ली को समान रूप से विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में जब क्षेत्र की सड़कों का निर्माण, नालों का ढकना और अन्य बुनियादी सुविधाएं धरातल पर दिखाई देंगी, तब जनता को अपने निर्णय और सरकार पर विश्वास का वास्तविक प्रतिफल महसूस होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष में दिल्ली सरकार ने विकास कार्यों को गति देने के लिए नई कार्य संस्कृति स्थापित की है। इसी के मद्देनजर परियोजनाओं की नियमित निगरानी, समयबद्ध क्रियान्वयन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह केवल शिलान्यास का कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित दिल्ली के निर्माण का संकल्प है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं। इस अवसर पर दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, यमुना पार विकास बोर्ड के अध्यक्ष और गांधी नगर के विधायक अरविंदर सिंह लवली, लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा, विश्वास नगर के विधायक ओम प्रकाश शर्मा, शाहदरा के विधायक संजय गोयल, कृष्णा नगर के विधायक अनिल गोयल, पटपड़गंज के विधायक रविन्द्र सिंह नेगी, त्रिलोकपुरी के विधायक रवि कांत सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

# झुग्गी बस्तियों में रहने वालों को सम्मानजनक आवास देने के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दिल्ली के शहरी विकास मंत्री ने भलस्वा स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का किया निरीक्षण

दिल्ली सरकार झुग्गी-झोपड़ी एवं स्लम बस्तियों में रहने वाले निवासियों को सम्मानजनक आवास देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। यह बात दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को भलस्वा स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का निरीक्षण करने के दौरान कही। मंत्री सूद ने कहा कि यहां पर 7400 ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स बनाये गए है जिनका समय पर आवंटन न होने के कारण अब यह जर्जर हालत में है और इसके पुनर्निर्माण और मरम्मत आदि के कार्य करवाने के लिए आज यह विजिट रखी गयी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता निरंतर इस विषय को लेकर संवेदनशील और चिंतित रही हैं कि झुग्गी बस्तियों में रहने वाले परिवारों एवं उनके बच्चों को बेहतर और सम्मानजनक जीवन कैसे उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन फ्लैट्स का निर्माण करदाताओं के पैसे से हुआ है, इसलिए सरकार इनका समुचित विकास कर पात्र एवं योग्य लाभार्थियों को पारदर्शी तरीके से आवंटित करने पर विचार कर रही है। फिलहाल यह पूरी प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है और पुराने फ्लैट्स की तकनीकी जांच की जा रही है। शहरी विकास मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्रतिबद्धता है कि किसी भी झुग्गी निवासी को विस्थापित नहीं किया जाएगा। उन्हें इन-सीटू डेवलपमेंट, री-डेवलपमेंट अथवा रिहैबिलिटेशन प्लान के तहत सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस दिशा में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। मंत्री ने दोहराया कि सरकार का उद्देश्य केवल आवास उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को बेहतर, सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन का अवसर प्रदान करना भी है।

# शिक्षक की कोई जाति नहीं होती: कुलपति

## डीयू में सामाजिक सद्भाव को लेकर शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षक की कोई जाति नहीं होती। शिक्षक की जाति पढ़ाना है। उसका सामाजिक कर्तव्य ज्ञान और शिक्षा प्रदान करना है। अगर कोई शिक्षक आपस में या विद्यार्थियों के साथ भेदभाव करता है तो वह ठीक नहीं। प्रो. योगेश सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों से संवाद के दौरान बोल रहे थे। कुलपति ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में कोई भी ऐसी अप्रिय घटना न हो जिससे सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचे। विद्यार्थियों को भी समझाएं और स्वयं भी इस विषय इस पर गंभीरता से ध्यान दें। इस दौरान कुलपति ने कॉलेजों व विभागों के विभिन्न वर्गों के शिक्षकों और विद्यार्थियों से अलग-अलग संवाद किया। कुलपति ने कहा कि यूजीसी के जो नए नियम आए हैं वह अभी सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उन्हें लेकर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं की जानी चाहिए।

इस अवसर पर दिल्ली यूनिवर्सिटी वुमेन्स एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो. गीता सहारे ने कहा कि समाज में शांति बनाए रखने के लिए शिक्षकों की अहम भूमिका है।

## एलजी और मुख्यमंत्री ने नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर में पार्किंग का किया उद्घाटन

# डीडीए ने दिल्ली की जनता को समर्पित की मल्टी लेवल कार पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा नेहरू प्लेस के डिस्ट्रिक्ट सेंटर में बनाई गई मल्टी लेवल कार पार्किंग सोमवार को जनता को समर्पित कर दी गई। इस पार्किंग का उद्घाटन उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ सोमवार को किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि नेहरू प्लेस में इस स्वचालित मल्टीलेवल कार पार्किंग परिसर को सौंपना बहुत संतोषजनक है। इससे लंबे समय से चली आ रही सार्वजनिक आवश्यकता पूरी हुई है और साथ ही क्षेत्र में अनधिकृत पार्किंग के कारण होने वाली पार्किंग भीड़-भाड़ और यातायात में काफी कमी आएगी। नेहरू प्लेस जिला केंद्र पुनर्विकास योजना के भाग के रूप में डीडीए द्वारा विकसित, यह सुविधा व्यवस्थित, सुलभ और स्थायी शहरी बुनियादी ढांचे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उपराज्यपाल ने कहा कि हमारी नीति अनधिकृत पार्किंग के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति है। उन्होंने कहा कि मैं नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे इस आधुनिक सुविधा का सक्रिय रूप से उपयोग करें और हरित और स्मार्ट दिल्ली के हमारे सामूहिक विज़न का समर्थन करें। इस अवसर पर दक्षिणी दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, डीडीए के उपाध्यक्ष एन.सरवण कुमार और डीडीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

दिल्ली उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली सरकार दिल्ली की जनता को अच्छे नतीजे दे रही है। इसी संयुक्त प्रयास से दिल्ली को साफ, सुव्यवस्थित और विकसित बनाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। यह बात सोमवार को नेहरू प्लेस स्थित छह मंजिला मल्टी-लेवल पार्किंग के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने केंद्र और उपराज्यपाल के साथ समन्वय स्थापित करने का अपेक्षित प्रयास नहीं किया, जिस कारण अनेक जनहित से जुड़े कार्य वर्षों तक लंबित रहे। इसके विपरीत, उपराज्यपाल ने विभिन्न स्थलों का स्वयं निरीक्षण कर नालों की सफाई, सड़कों के निर्माण व बुनियादी ढांचे से संबंधित परियोजनाओं की लगातार निगरानी की। वह उस समय भी दिल्लीवासियों की सेवा में सक्रिय रहे, जब व्यवस्थाएं ठहराव का सामना कर रही थीं। मुख्यमंत्री ने छह मंजिला आधुनिक पार्किंग रोटेशन के आधार पर यहां प्रतिदिन करीब 2 हजार वाहनों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी।उ न्होंने कहा कि राजधानी के जिन इलाकों में पार्किंग की कमी है, वहां डीडीए की उपलब्ध जमीन पर पार्क या पार्किंग बनाने की व्यापक योजना तैयार की जा रही है।

### छह मंजिला पार्किंग में 660 कारें हो सकेंगी पार्क

मल्टी-लेवल कार पार्किंग सुविधा को एक बेसमेंट और पांच ऊपरी मंजिलों वाली छह-स्तरीय संरचना के रूप में विकसित किया गया है। दिव्यांग व्यक्तियों और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए निर्दिष्ट स्थानों सहित 660 कारों के लिए व्यवस्थित पार्किंग प्रदान करने की क्षमता के साथ, यह 350 से अधिक दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा भी प्रदान कर सकता है। इसको बनाने में पारंपरिक ईंटों के स्थान पर हल्के ऑटोक्लेव्ड एरेटिड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉकों का उपयोग किया गया है, जिससे भूकंप प्रतिरोधकता बढ़ गयी है, जबकि शियर दीवारें अतिरिक्त संरचनात्मक स्थिरता प्रदान करती हैं। इसमें वैक्यूम डीवाटरड कंक्रीट (वीडीसी) तकनीक भी है, जो पहली बार स्वीडन में प्रयोग में लायी गई थी, जो सतह के टिकाऊपन को बढ़ाती है और दरार को कम करती है, जिससे यह कम रखरखाव आवश्यकताओं के साथ अधिक मात्रा में वाहन आवाजाही के लिए उपयुक्त है।

# किसी भी छात्र का रोल नंबर रोका नहीं जा सकता: खुराना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा लाया गया नया कानून स्पष्ट रूप से प्रावधान करता है कि किसी भी छात्र का रोल नंबर रोका नहीं जा सकता। यह बात सोमवार को भाजपा विधायक हरीश खुराना ने प्रैसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक मजबूत, ईमानदार और पारदर्शी सरकार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कार्य कर रही है।

यही बात आम आदमी पार्टी के नेताओं और उनके संयोजक अरविंद केजरीवाल को असहज कर रही है। इसलिए प्रतिदिन कोई न कोई नया भ्रम और आरोप खड़ा किया जा रहा है। हाल ही में सौरभ भारद्वाज द्वारा एपीजे स्कूल, साकेत के मामले को लेकर नया विवाद खड़ा किया गया है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह मामला वर्ष 2020 से लंबित है। उस समय दिल्ली में किसकी सरकार थी, यह सब जानते हैं। यदि यह मुद्दा गंभीर था, तो पांच वर्षों तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अब यह आरोप लगाया जा रहा है कि बच्चों के रोल नंबर जानबूझकर रोके गए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई थी और उस समय हस्तक्षेप कर बच्चों को राहत दिलाई गई थी। अंतर केवल इतना है कि अब हमारी सरकार ने इस विषय पर स्थायी समाधान देने के लिए कानून बनाया है। दिल्ली सरकार द्वारा लाया गया नया कानून स्पष्ट रूप से प्रावधान करता है कि किसी भी छात्र का रोल नंबर रोका नहीं जा सकता। हरीश ने कहा कि शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी बच्चे का भविष्य बाधित नहीं होने दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एनपीटीआई में 31वें अनिवार्य फाउंडेशन कोर्स



**फरीदाबाद।** सेक्टर-33 स्थित राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) में फाउंडेशन कोर्स के 31वें बैच का उद्घाटन किया गया। ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सीपीएसयू-पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन, ग्रिड-इंडिया और एनएचपीसी लि. के 100 से अधिक नव-नियुक्त अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि एम.जी. गोखले, सदस्य (हाइड्रो), सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी रहे।

### हाईवे पर कार-बाइक की टक्कर, एक घायक


**फरीदाबाद।** दिल्ली-मथुरा हाईवे पर सेक्टर-16 स्थित मैगपाई टूरिज्म रिजॉर्ट के सामने सोमवार सुबह



करीब 9 बजे एक कार और बाइक की टक्कर में युवक घायल हो गया। गनीमत रही कि हादसा बड़ा रूप नहीं ले सका और हेलमेट की वजह से बाइक सवार की जान बच गई।

### दो फैक्टरियों में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**गाज़ियाबाद।** साहिबाबाद औद्योगिक साइट चार में दो फैक्टरियों में भाषण आग लग गयी।



जिसमें लाखों रुपए का नुकसान हो गया। अग्निशमन विभाग की दस गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि के फ़ायर स्टेशन में ऑटोटेक व भारत आयल फैक्ट्री साइट चार औद्योगिक साहिबाबाद गाजियाबाद में आग की सूचना मिली। फायर स्टेशन वैशाली से मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अग्निशमन अधिकारी सहित 3 फायर टैंडर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

# आयोजकों ने श्रद्धालुओं को पशुपतिनाथ मंदिर का 5 मुखी सिद्ध रुद्राक्ष भेंट किया

**महाशिवरात्रि भजन जैमिंग नाइट में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बेस ड्रम की गूंज जब मंदिर की घंटियों की अनुगूंज से मिलती है, तो कंपन सिर्फ पैरों तक नहीं, दिल की धड़कनों तक पहुंच जाता है। महाशिवरात्रि की शाम जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम का नज़ारा कुछ ऐसा ही था। यहां आयोजित 'बिगेस्ट महाशिवरात्रि भजन जैमिंग नाइट' ने स्टेडियम को एक विशाल आध्यात्मिक धाम में बदल दिया। यह वह क्षण था जब भारत की प्राचीन चेतना ने आधुनिकता का हाथ थामा और हजारों लोगों के मन में भक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा। इस पूरे आयोजन के केंद्र में थीं वाया वेदा की संस्थापक काजल बिहानी, जिनकी आंखों के सामने उनका आध्यात्मिक स्वप्न साकार हो रहा था। हजारों मोबाइल स्क्रीन की रोशनी के बीच उन्होंने नई पीढ़ी को अपनी जड़ों की ओर लौटते देखा। भावुक होते हुए उन्होंने कहा, "जो भी आत्माएं उस रात हमारे साथ तारों के नीचे खड़ी रहीं, आप ही इस आयोजन की धड़कन थीं। जब हजारों लोगों को एक साथ मंत्रों में डूबते देखा, तो लगा हमारी सामूहिक ऊर्जा सचमुच दिव्यता का सेतु बन गई है। हमारी प्राचीन जड़ें आधुनिक जीवन के साथ इतनी सुंदरता से धड़क सकती हैं यही भविष्य का मार्ग है।

भगवान शिव और माता पार्वती की 'महानिशा' सिर्फ ग्रंथों की कथा नहीं रही, बल्कि दस हजार कंठों की गर्जना बनकर सजीव हो उठी। शहरी आध्यात्मिक मंच वाया वेदा ने जिस आध्यात्मिक क्रांति का वादा किया था, वह उस रात साकार होती दिखी। सुहास सावंत ने मंच संभालते ही अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से समूचे स्टेडियम को झंकृत कर दिया। "जय महाकाल" की गूंज मानो आसमान तक पहुंच रही थी। इसके बाद गजेंद्र प्रताप सिंह ने "कैलाश में निवासी" और "दूल्हा बने हैं बाबा" जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति के चरम पर पहुंचा दिया। स्टेडियम झूमते हाथों और बंद आंखों का सागर बन गया। "ॐ नमः शिवाय" के सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ रोशनी और सुरों का अद्भुत संगम देखने को मिला।

यह 'भजन क्लबिंग' का ऐसा रूप था, जहां मंच और दर्शकों के बीच की दूरी पूरी तरह मिट चुकी थी और खुले आसमान के नीचे सिर्फ भक्ति की एक लहर थी। आयोजकों ने श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ मंदिर की विभूति और पशुपतिनाथ मंदिर का 5 मुखी सिद्ध रुद्राक्ष भेंट किया, जिससे देश-विदेश के प्रमुख तीर्थों से आध्यात्मिक जुड़ाव का एहसास मिला।

# जश्न-ए-फरीदाबाद 5: कला, साहित्य और संगीत का महाकुंभ 20 से 22 फरवरी तक

**सीएम सैनी ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




फरीदाबाद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्र (एफएलसीसी) की ओर से 20 से 22 फरवरी 2026 तक सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में जश्न-ए-फरीदाबाद 5 का भव्य आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस सांस्कृतिक महाकुंभ में कला, साहित्य, संगीत और लोक परंपराओं का रंगारंग संगम देखने को मिलेगा। तीन दिनों तक चलने वाला यह महोत्सव फरीदाबाद की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देने का संकल्प लेकर आ रहा है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उनके मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने संदेश साझा करते हुए बताया कि बजट सत्र की व्यस्तताओं के कारण मुख्यमंत्री उपस्थित नहीं हो पाएंगे, लेकिन उन्होंने आयोजन की सफलता की कामना की है। संस्थापक प्रधान व सांस्कृतिक सचिव विनोद मलिक ने बताया कि उत्सव का उद्देश्य शहर में साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रधान नवीन सूद ने स्पष्ट किया कि प्रवेश पूर्णतः निशुल्क रहेगा। कोषाध्यक्ष वसु मित्र सत्यार्थी ने लाइव बैंड, हरियाणवी नृत्य और रागनी गायन को विशेष आकर्षण बताया।

**पुस्तक मेला और सदाबहार नगमे**

उत्सव का आगाज 20 फरवरी सुबह 11 बजे पुस्तक मेले के उद्घाटन से होगा। पूर्व आईपीएस एवं कुलपति विभूति नारायण और डॉ. राजश्री सिंह उद्घाटन करेंगे। देश के प्रतिष्ठित प्रकाशकों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शाम 6 बजे केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर समारोह का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त आयुष सिन्हा और विधायक सतीश फागना उपस्थित रहेंगे। संगीतमय कार्यक्रम सदाबहार नगमे में महान गायक किशोर कुमार को श्रद्धांजलि दी जाएगी। मुंबई के गायक राजेश अय्यर और इंडियन आइडल फाइनलिस्ट अंकिता मिश्रा प्रस्तुति देंगी। मंच संचालन हास्य कलाकार प्रदीप पल्लवी करेंगे।

**दोषी अधिकारियों पर करवाई की मांग**

# किसानों पर लाठीचार्ज के बाद राजनीति गरमाई, कांग्रेस, सपा ने की भर्त्सना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



लोनी के भाजपा के पूर्व सांसद वीके सिंह के गोद लिए गांव मीरपुर हिंदू गांव में डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर लाठीचार्ज का मामला गर्मा गया है। कांग्रेस, सपा ने जहां इस लाठीचार्ज की भर्त्सना करते हुए लाठी चार्ज करने वाले अधिकारियों के खिलाफ करवाई की मांग की है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित ग्रामीणों से मिला और उनका हाल जाना।

सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि लोनी विधानसभा क्षेत्र में मीरपुर हिंदू गांव में पीछले 40 दिन से कई गांव के किसान नगर निगम गाजियाबाद द्वारा पर धरने पर बैठे हुए थे । रविवार को पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण अपनी मांग कर रहे किसानों पर बड़े बेरहमशी लाठियां बरसाई महिलाओं को पुलिस के जवानों ने अधिकारियों ने मारा पीटा। उन्होंने कहा कि इस कांड की जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की फितरत में शामिल है कि यदि कोई अपने हक के लिए आवाज उठता है, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पुलिस उसे लाठी के बल पर कुचलने का काम करती है। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पीड़ित ग्रामीणों के साथ खड़ी है। यदि दोषियों के खिलाफ करवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। शर्मा अपने साथ पी सी सी सदस्य राजाराम भारती जिला उपाध्यक्ष उमेश त्यागी, जिला महामंत्री रिजवान मलिक विनोद धाम महफूज अली, बीडी दुबे तथा जिला सचिव, सत प्रकाश त्यागी प्रमुख रूप से साथ थे।

# दो दिन में दूसरी आग: 4 पुलिसकर्मी समेत 37 झुलसे

**दमकल विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-24 में सोमवार को एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग ने हड़कंप मचा दिया। आग की चपेट में आकर 4 पुलिसकर्मी समेत कुल 37 लोग झुलस गए। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, प्लॉट नंबर 19 और 20 में स्थित कल्का स्टील नामक फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। आग बुझाने के प्रयास के दौरान फैक्ट्री परिसर में रखे तेल से भरे ड्रमों ने स्थिति को और भयावह बना दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले एक जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद आग तेजी से फैलती चली गई। तेल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों के कारण लपटें ऊंची उठने लगीं और कुछ ही मिनटों में पूरा परिसर धुएं से भर गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 7 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। पुलिस टीम भी तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन आग की तीव्रता के कारण बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण रहा। आग की चपेट में आकर करीब 15 से 20 वाहन जलकर खाक हो गए, जिनमें ट्रक, कारें और दोपहिया वाहन शामिल हैं। हादसे में झुलसे लोगों में फैक्ट्री कर्मचारी और मौके पर पहुंची पुलिस टीम के जवान शामिल हैं।

**एक दिन पहले भी लगी थी आग**

गौरतलब है कि रविवार देर शाम इसी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एमजीए इंडस्ट्रीज में भी भीषण आग लगी थी। उस घटना में सीएनसी मशीन के कंप्रेसर में विस्फोट के बाद आग भड़क उठी थी। मशीनों में मौजूद तेल और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया था। दमकल विभाग की 7 से 8 गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। उस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई थी।

**सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल**

लगातार दो दिनों में दो औद्योगिक इकाइयों में आग लगने की घटनाओं ने सेक्टर-24 की औद्योगिक सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**आरोपियों के कब्जे से 1 जिंदा कारतूस बरामद**

# तीन दर्जन से ज्यादा चोरी की वारदात करने का इनामी बदमाश पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



सोहना क्राइम ब्रांच ने चोरी की तीन दर्जन से ज्यादा वारदातों में संलिप्त 5 हजार के इनामी बदमाश को काबू कर लिया है। आरोपी पुलिस को देखकर बाइक भगाने लगा, लेकिन उसकी बाइक फिसल गई और वह घायल हो गया। जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। दरअसल, सोहना क्राइम ब्रांच की टीम 7 फरवरी की रात को अपराधियों को काबू करने के लिए सोहना घाटी की तरफ जा थी।

इसी दौरान एक युवक बिना नम्बर प्लेट की बाईक पर सवार होकर जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक तेज गति से बाइक भगाने लगा और असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया। पुलिस टीम द्वारा उस युवक को काबू कर लिया। जिसकी पहचान शाहरुख (23) निवासी पीर कॉलोनी, जिला गुरुग्राम (हरियाणा) के रूप में हुई। युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 पिस्टल, 1 जिंदा कारतूस बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत पुलिस थाना शहर सोहना में केस दर्ज किया गया।

आरोपी के पैर में चोट लगने के कारण उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सेक्टर-10 में भर्ती करवाया गया। कल अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह चोरी करने की वारदातों को अंजाम देने का आदतन अपराधी है।

# पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक रूट डायवर्जन प्लान

हरिभूमि न्यूज । ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। जिसके चलते एक रूट डायवर्ट कर दिया है। सुल्तानपुर रोड पर फरुखनगर रेलवे फाटक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टी और वाहनों के सुगम संचालन के लिए इस सड़क मार्ग पर वाहनों का आवागमन 5 दिनों तक प्रतिबंधित रहेगा। ट्रैफिक पुलिस एएसआई विकास वर्मा ने बताया कि जो वाहन चालक गुरुग्राम के रास्ते फरुखनगर, झज्जर की ओर जाना चाहते हैं सभी वाहन चालक रामगोपाल कॉलेज सुल्तानपुर से मुबारकपुर होते हुए झज्जर बाइपास का प्रयोग करेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन सिंह** पुत्र जीत सिंह निवासी आर.जैड.क्यू.–24 निहाल विहार, दिल्ली और दुसरा पताः ई.–18, शिव राम पार्क, निहाल विहार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 285/14, धारा 325/34 भा.द.स., थाना निहाल विहार, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन सिंह** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमन सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 285/14, धारा 325/34 भा.द.स., थाना निहाल विहार, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमन सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.03.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (पश्चिम)
कमरा नं. 292,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/2085/OD/2026

**मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड**
CIN: L21093DL1992PLC116600
पंजीकृत कार्यालयः 15ए/13, ऊपरी भूतल, पूर्वी पटेल नगर, नई दिल्ली–110008
कार्यालयः 9 कि.मि. स्टोन, नगीना रोड, बिजनौर, उत्तर प्रदेश– 246701
फोनः 011– 25886798,
वेबसाइटः www.mohitpaper.in, ईमेलः investorsmohitpaper@gmail.com

**शेयरधारकों को सूचना**
**(फिजिकल सिक्योरिटीज के ट्रांसफर और डीमटेरियलाइजेशन के लिए स्पेशल विंडो)**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026, ("सेबी परिपत्र") के अनुसार कंपनी के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेची/खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए एक विशेष विंडो खोली गई है।

शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि यह स्पेशल विंडो उन ट्रांसफर रिक्वेस्ट के लिए भी उपलब्ध है जो पहले सबमिट की गई थीं और डॉक्यूमेंट्स/प्रोसेस/या किसी और वजह से रिजेक्ट/वापस कर दी गई थीं/जिन पर ध्यान नहीं दिया गया था।

इस तरह ट्रांसफर की गई सिक्योरिटीज को जरूरी तौर पर ट्रांसफरी के नाम डीमैट मोड में क्रेडिट किया जाएगा और वे ट्रांसफर के रजिस्ट्रेशन की तारीख से एक साल के समय के लिए लॉक–इन रहेंगी। ऐसी सिक्योरिटीज को बताए गए लॉक–इन पीरियड के दौरान ट्रांसफर/लियन–मार्क/प्लेज नहीं किया जाएगा। आवेदनकर्ता के पास ओरिजिनल सिक्योरिटी सर्टिफिकेट होना चाहिए और हमारे आरटीए के पास ट्रांसफर के लिए डॉक्यूमेंट्स जमा करते समय ऊपर बताए गए सेबी सर्कुलर में बताए गए जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ ओरिजिनल सिक्योरिटी सर्टिफिकेट भी देना जरूरी है।

कृपया ध्यान दें कि ट्रांसफरर और ट्रांसफरी के बीच विवादों वाले मामलों पर इस विंडो में विचार नहीं किया जाएगा और और इसे ट्रांसफरर और ट्रांसफरी द्वारा अदालत/एनसीएलटी प्रक्रिया के जरिए सुलझा सकते हैं। जो पात्र शेयरधारक इस मौके का फायदा उठाना चाहते हैं, उनसे रिक्वेस्ट है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) से संपर्क करेंरू एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबेल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट नंबर एनएच –2, एलएससी, सी –1 ब्लॉक, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 या ई–मेल आईडी delhi@in.mpms.mufg.com पर या कंपनी से investorsmohitpaper@gmail.com पर संपर्क करें।

योग्य शेयरहोल्डर्स से अनुरोध है कि वे अपनी ट्रांसफर रिक्वेस्ट 04 फरवरी, 2027 को या उससे पहले सभी मामलों में विधिवत पूर्ण करके जमा करें।

मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/–
संदीप जैन
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00458048

तारीखः 16 फरवरी, 2026
स्थानः नई दिल्ली

**गुरुग्राम में पति के साथ चला रही थी अवैध कॉल सेंटर**

# चाईना मूल के साइबर ठगों को कॉलिंग सपोर्ट देने वाली महिला गिरफ्तार



धर्मेंद्र कौशिक। ▶▶ गुरुग्राम

चाइनीज ठगों को सपोर्ट देने के लिए गुरुग्राम में सक्रिय नागालैंड निवासी महिला को पुलिस ने गृह मंत्रालय की टीम के साथ मिलकर काबू किया है। महिला अपने पति के साथ लोगों को ठगने में चाइना मूल के ठगों को स्पोर्ट कर रही थी। महिला की पहचान कुंग पंमई (30) निवासी दीमापुर (नागालैंड) वर्तमान निवासी सेक्टर-28, जिला गुरुग्राम (हरियाणा) के रूप में हुई। दरअसल, साइबर थाना ईस्ट पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर सेक्टर-28 में साइबर ठगी के लिए वर्चुअल सिम बॉक्स लगाया हुआ है और समानांतर अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित कर रहा है। जिससे अंतरराष्ट्रीय वीओआईपी कॉल को लोकल वॉइस कॉल में परिवर्तित करके साइबर अपराधियों द्वारा विदेश में बैठकर भारतीय लोगों के साथ कॉल करके उनके साथ डिजिटल अरेस्ट, गेमिंग और इनवेस्टमेंट की ठगी की जा रही है। सिम बॉक्स अत्याधुनिक परिष्कृत सेटअप है, जिसका विदेशों में स्थित आतंकवादी और राष्ट्र विरोधी समूह अपने स्थानीय कैडर, स्लीपर सेल, समर्थकों से संपर्क करने के लिए और साइबर ठगी के लिए वीओआईपी कॉल रूटिंग का उपयोग करते हैं। अवैध वीओआईपी कॉल रूटिंग देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए हानिकारक है। जिसके बाद एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम ईस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमित की पुलिस टीम ने इंडियन साईबर क्राईम कोऑर्डिनेशन सेंटर, गृह मंत्रालय के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही करते हुए सेक्टर-28 के एक बिल्डिंग में रेड की। यहां एक बिल्डिंग में चौथी मंजिल पर एक किराए के मकान में 3 मोबाईल फोन चालू हालत में मिले जो तीनों मोबाईल फोन अपने आप चल रहे थे। उन मोबाइल फोन से अपने आप अलग-अलग भारतीय नंबरों पर कॉल जाती हुई मिली

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी जिले में चरखी दादरी में जिला अस्पताल में विशेष मरम्मत (500 केवीए सर्वो स्टेबिलाइजर का प्रावधान केवल)। | 12.02.2026 19.02.2026 | 24.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में ऐलनाबाद में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में तहसील भवन की विशेष मरम्मत (विभिन्न विद्युत सेवाओं का प्रावधान केवल)। | 12.02.2026 19.02.2026 | 15.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed- hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट का प्रावधान। | 12.02.2026 19.02.2026 | 7.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में सीएचसी घंघोला में सम्मेलन कक्ष और जैव चिकित्सा कचरा कक्ष का निर्माण। | बंद होने की तिथि 19.02.2026 | 26.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में कोर्ट नं. 13 का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 19.02.2026 | 1.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाओं का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 19.02.2026 | 16.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में कोर्ट कॉम्पलैक्स में कमजोर विटनस कोर के लिए विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 19.02.2026 | 1.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | गांव शिमली के आबादी क्षेत्र में रोहतक लिंक के रीच आरडी 1100 से 1750 में आरसीसी ट्रफ का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.02.2026 | 247.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | गांव आसन, जिला रोहतक में आसन लिंक ड्रेन के आरडी 24000 टेल पर पम्प हाउस के निर्माण सहित आउटफॉल आरडी 24000 (टेल) पर आसन लिंक ड्रेन के कैचमेंट एरिया से बाढ़ के पानी को निकालने के लिए अंडरग्राउंड आरसीसी 900 मिमी डाया एनपी3 और 600 मिमी डाया एनपी3 पाइप लाइन बिछाना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.02.2026 | 358.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | भालोट सब ब्रांच के आरडी 82500 से 124000 तक विभिन्न संरचनाओं का पुनर्निर्माण / निर्माण। | बंद होने की तिथि 05.03.2026 | 2822.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | नारनौल ब्रांच के कि.मी. 27.820/आर से गांव खेड़की के निकट दोहन नदी में भू-जल टेबल की रिचार्जिंग और सिंचाई सुविधाओं के प्रावधान हेतु आरसीसी पाइप लाइन 1600 मिमी आई/डी एनपी-3 बिछाना। | बंद होने की तिथि 26.02.2026 | 1345.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | आरडी 18430 घरौंडा गंदा नाला पर वीआर ब्रिज का निर्माण। | 11.02.2026 18.02.2026 | 17.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 13 | पंचायती राज भिवानी | गांव कुराल ब्लॉक लोहारू में जाट धर्मशाला में अजीत के मकान तक आईपीबी फिरनी को पूरा करना, स्कीम-एचआरडीएफ + 6 कार्य। | 12.02.2026 18.02.2026 | 178.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/260/43051/I/88/7 दि. 16.02.26

# योगी सरकार की शहरी पुनर्विकास नीति-2026 से शहरों को मिलेगा नया स्वरूप

**नीति का मकसद 25 वर्ष या उससे अधिक पुराने भवनों को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधायुक्त रूप में पुनर्विकसित करना है, ताकि लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवास मिल सके। कैबिनेट की मंजूरी के बाद शहरी एवं नियोजन विभाग ने इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया है।**

## निर्माण, रियल एस्टेट और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

तेजी से बढ़ते शहरीकरण और पुराने हो चुके ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स की जर्जर स्थिति को देखते हुए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने 'उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026' लागू कर दी है। नीति का मकसद 25 वर्ष या उससे अधिक पुराने भवनों को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधायुक्त रूप में पुनर्विकसित करना है, ताकि लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवास मिल सके। कैबिनेट की मंजूरी के बाद शहरी एवं नियोजन विभाग ने इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया है।



### रोजगार और आधुनिक शहरों की दिशा में कदम

सरकार का मानना है कि यह नीति न सिर्फ पुराने और असुरक्षित भवनों को नया जीवन देगी, बल्कि निर्माण, रियल एस्टेट और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। बेहतर नियोजन और आधुनिक डिजाइन के जरिए यह पहल उत्तर प्रदेश के शहरों को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और भविष्य के अनुरूप बनाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

### जर्जर इमारतों की चुनौती और समाधान

प्रदेश के कई शहरों में पुराने अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग परियोजनाएं अब संरचनात्मक रूप से कमजोर हो चुकी हैं। ऐसे भवनों में रहना जोखिम भरा हो गया है और महंगी शहरी जमीन का पूरा उपयोग भी नहीं हो पा रहा। नई नीति के जरिए सरकार इन पुराने और कम उपयोग किए जा रहे परिसरों को नए सिरे से विकसित कर शहरों के स्वरूप को बेहतर बनाना चाहती है।

### पुनर्विकास के तीन मॉडल

सरकार ने पुनर्विकास के लिए तीन मॉडल तय किए हैं- पहला, शासकीय एजेंसी द्वारा सीधे कार्यान्वयन; दूसरा, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत निजी डेवलपर की भागीदारी; और तीसरा, सोसायटी या एसोसिएशन द्वारा स्वयं पुनर्विकास। पीपीपी मॉडल में शासकीय अभिकरण, डेवलपर और सोसायटी के बीच त्रिपक्षीय समझौता होगा, जिसमें सभी की जिम्मेदारियां स्पष्ट होंगी।

### डीपीआर और निवासियों के अधिकार

हर परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करना अनिवार्य होगा। इसमें नए फ्लैट्स का कारपेट एरिया, पार्किंग, कॉमन एरिया, ट्रांजिट आवास या किराए की व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन और तय समयसीमा जैसी सभी जानकारियां शामिल होंगी। पुनर्विकास के दौरान जिन निवासियों को अस्थायी रूप से स्थानांतरित करना होगा, उन्हें वैकल्पिक आवास या किराया दिया जाएगा।

### पात्रता और सहमति की शर्तें

नीति के तहत सार्वजनिक व निजी प्रोजेक्ट्स पुनर्विकास के लिए पात्र होंगे, जो 25 वर्ष पुराने हैं या जिन्हें स्ट्रक्चरल ऑडिट में असुरक्षित पाया गया हो। हाउसिंग सोसायटी या अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के मामलों में प्रक्रिया शुरू करने दो-तिहाई सदस्यों की सहमति जरूरी होगी। 1,500 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल की भूमि व एकल मकान नीति में शामिल नहीं किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### झारखंड में बच्चा चोरी के शक में बवाल



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड के विभिन्न जिलों में बच्चा चोरी की अलग-अलग घटनाओं के संदेह में ग्रमीणों ने एक महिला समेत पांच लोगों की पिटाई कर दी। पुलिस के अनुसार, रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के चंदनपुर गांव में ग्रामीणों ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के रहने वाले दो सपेरों को कथित तौर पर बंधक बना लिया और उनकी पिटाई की।

### बिहार में गांव-गांव खुलेंगे बायोफ्यूल पंप



**पटना।** बिहार में गांव-गांव बायोफ्यूल पंप खुलेंगे। सड़क से पेट्रोल पंप तक पहुंच पथ का उपयोग करने में हो रही परेशानी को देखते हुए ग्रामीण कार्य विभाग ने इंजीनियरों की कमेटी बनाई है। यह पथ निर्माण विभाग की तरह ही ग्रामीण सड़कों के किनारे खुलने वाले गैर पारंपरिक पेट्रोल पंप तक आने-जाने का रास्ता बनाने की मंजूरी देने की प्रक्रिया तय करेगी।

## 2017 के पहले गुंडे और माफिया चला रहे थे प्रदेश में समानांतर सरकार

**विपक्ष पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले-**

# 'अब न कर्फ्यू है न दंगा है उत्तर प्रदेश में है सब चंगा'


यूपी विधानपरिषद को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। सीएम योगी ने कहा है कि सपा के राज में उत्तर प्रदेश अपराध का गढ़ बन गया था।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानपरिषद में समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला है। सीएम योगी ने आरोप लगाया है कि सपा ने महिला राज्यपाल का अपमान किया है। सीएम योगी ने कहा- राज्यपाल का अभिभाषण शासन की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का एक दस्तावेज होता है। मैं सबसे पहले हमारे संवैधानिक प्रमुख के प्रति हमारे मुख्य प्रतिपक्षी का आचरण और व्यवहार बहुत ही अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण रहा है।

**खास बातें**

- सपा ने महिला राज्यपाल का अपमान किया
- आक्रांताओं को महिमामंडन व देशद्रोहियों के समर्थन में बयानबाजी बर्दाश्त नहीं



### सही दिशा में आगे बढ़ रहा यूपी

सीएम योगी ने कहा कि श्यूपी में आज कानून का राज है। भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश से है। यूपी में अब दंगे नहीं होते हैं। यूपी में अब विकास है। यूपी की पहचान अब रंगोत्सव और दीपोत्सव से होती है। 6 सालों में यूपी सरप्लस स्टेट बन गया है। यूपी खाद्यान्न में नंबर वन है। यूपी सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। अन्नदाता अब उद्यमी बन रहे हैं। पहले किसान सिर्फ वोटबैंक होते थे।

**'प्रतिपक्ष का व्यवहार लोकतंत्र को कमजोर करता है'**


सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा- राज्यपाल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होती हैं। संवैधानिक पद के प्रमुख प्रति मुख्य प्रतिपक्ष का व्यवहार लोकतंत्र को कमजोर करता है। यह अवमानना के दायरे में आता है। खैर जिस प्रकार का प्रतिपक्ष है उससे ऐसी अपेक्षा करना बेवकूफी होगी की वो संवैधानिक प्रमुख का सम्मान करें।

**सपा ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई**

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रनायकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। सपा ने गाजी के मेले का समर्थन किया था। वह कांवड़ यात्राओं पर रोक लगाती थी। ये राम मंदिर और काशी विश्वनाथ का विरोध करते हैं। समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थी। विपक्ष ने राम, कृष्ण को अदालत में मिथक बताया था। सपा ने वंदे मातरम् का अपमान किया। उनको राष्ट्रगीत से दिक्कत क्यों है। राष्ट्रगीत का अपमान संविधान की अवहेलना है।

## नीतीश सरकार ने मीट शॉप के नियम सख्त

# बिहार में खुले में मांस बेचने पर लगी रोक



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में खुले में मांस-मछली बेचने पर रोक लगा दी गई है। अब लाइसेंस प्राप्त वैध मीट शॉप पर ही मांस की बिक्री होगी। नीतीश सरकार ने इस संबंध में नियमों को सख्त कर दिया है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को बिहार विधान परिषद के बजट सत्र के दौरान सदन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य और जनभावना को देखते यह फैसला लिया गया है। बिहार के सभी नगर निकायों में यह व्यवस्था लागू की होगी। अवैध मीट शॉप चलाने वालों पर ऐक्शन भी होगा।

### नियम पालन करने वालों को ही मिलेगा लाइसेंस

सिन्हा ने कहा कि इसके बाद उन्होंने सभी जिला प्रशासन और नगर निकाय के अधिकारियों को इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में खुले में मांस बेचने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। साथ ही मीट शॉप के लिए धारा 345 के अंतर्गत लाइसेंस लेना अनिवार्य है। उसकी शर्तों के अनुसार खुले में मांस की बिक्री नहीं की जाएगी।

### अवैध मीट शॉप पर होगी कार्रवाई

डिप्टी सीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों से शहरों में मौजूद मांस-मछली की दुकानों की जांच करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों के पास वैध लाइसेंस हैं, उन्हें उपयुक्त स्थल पर स्थानांतरित किया जाएगा। साथ ही अवैध दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विजय सिन्हा ने सदन में यह घोषणा की शव वाहनों से किसी तरह का सैरात शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## होली पर हवाई टिकट के दामों में उछाल आने की संभावना

# होली के बाद आठ तारीख को रहेगी सबसे महंगी उड़ान दिल्ली और मुंबई रूट पर हवाई टिकटों का किराया बढ़ा

एजेंसी ▶▶ कानपुर

होली में हवाई टिकट महंगा होगा। इससे लोग अभी से टिकट की बुकिंग कराने लगे हैं। इस साल तीन मार्च को होलिका दहन और चार मार्च को होली है। ऐसे में लोग दो मार्च को छुट्टी लेकर लंबा वीकेंड मनाएंगे।

एक मार्च को कानपुर से दिल्ली का किराया 4,489 रुपये, दो को घटकर 4,174 रुपये हो जाएगा। होलिका दहन और होली के दिन यह 3,754 रुपये तक आ सकता है। वहीं, आठ मार्च से किराये में बढ़ोतरी होगी। इसी तरह, कानपुर से मुंबई जाने के लिए एक और दो मार्च को किराया 5,509 रुपये है, जो तीन मार्च को 6,407 रुपये और आठ मार्च को बढ़कर 9,867 रुपये हो जाएगा। वहीं, दिल्ली से कानपुर आने के लिए पांच से सात मार्च तक किराया 3,223 रुपये से 3,433 रुपये के बीच रहेगा। मुंबई से कानपुर आने का किराया 6,113 रुपये रहेगा। आठ मार्च को कानपुर आने वाले यात्रियों की जेब पर भारी पड़ सकता है, क्योंकि दिल्ली से किराया 5,533 रुपये और मुंबई से 8,651 रुपये तक हो सकता है। इसलिए, यात्री आठ मार्च की बजाय अन्य दिन चुन रहे हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर प्रदीप यादव ने बताया कि होली का त्योहार नजदीक है। इसको लेकर यात्री फ्लाइट की टिकट अभी से ही करा रहे है। हालांकि टिकट के रेट में अभी और उछाल आने की संभावना है।

## अब महाराजगंज में सड़क पर उतरे लोग

# यूजीसी एक्ट के समर्थन में फिर से आंदोलन शुरू




एजेंसी ▶▶ महाराजगंज

यूजीसी एक्ट के समर्थन और विरोध में प्रदर्शनों का दौर थम नहीं रहा है। एक्ट के समर्थन और उच्च शिक्षा में समान अवसर और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सोमवार को यूपी के महाराजगंज की सड़कों पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुआ। अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग के शिक्षकों-छात्रों से जुड़े भेदभाव निरोधक प्रावधानों पर लगी रोक के विरोध में भारतीय बौद्ध महासभा व एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज के खेल मैदान से नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू किया। जुलूस की शक्ल में जिला मुख्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित छह सूत्रीय मांग पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। इसका नेतृत्व भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह व प्रांतीय महासचिव श्रवण कुमार पटेल ने किया। जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यूजीसी एक्ट का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति, धर्म, लिंग, जन्मस्थान व दिव्यांगता के आधार पर होने वाले भेदभाव पर सख्त रोक लगाना था।

## रायबरेली में टूटा पुल

# स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की जान से किया जा रहा खिलवाड़



एजेंसी ▶▶ रायबरेली

रायबरेली में ऊंचाहार तहसील के सिंघापुर भटौली गांव में शोभ नाले पर बना पुल काफी समय से टूटा पड़ा है। आसपास के ग्रामीण खासकर स्कूली बच्चे अपनी जिंदगी खतरे में डालते नजर आ जाएंगे। गांव वाले इसकी शिकायत शासन-प्रशासन से कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इस पर किसी का ध्यान नहीं गया है। प्रशासन केवल आश्वासन देता है पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे स्कूली बच्चों को आने-जाने और गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऊंचाहार तहसील के जगतपुर ब्लॉक के सिंघापुर भटौली गांव में लंबे समय से गांव वालों और स्कूली बच्चों को नाला पार कर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि यह शोभ नाले पर बना पुल काफी समय से टूटा पड़ा है। इस मामले की ग्रामीणों ने सरपंच से लेकर एसडीएम और जिलाधिकारी तक शिकायत की थी, लेकिन केवल आश्वासन मिला पर कार्रवाई नहीं हुई है। बरसात के समय में इस नाले पर पानी अचानक बाढ़ जाने के कारण स्कूली बच्चे स्कूल जाना छोड़ देते हैं, साथ ही महिलाओं को भी बाजार और खेत जाने में जान जोखी में डालकर नाले को पार करना पड़ता है।

## पेज एक का शेष

### भारत-फ्रांस रक्षा...

भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही दोनों नेता अपनी वार्ता के दौरान रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। जिसमें उनका जोर भविष्य में विविधतापूर्ण नए और उभरते हुए क्षेत्रों के विस्तार पर रहेगा। क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दे भी इस चर्चा में शामिल किए जाएंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति की यह चौथी भारत यात्रा होगी। जिसमें वह पहली बार मुंबई जाएंगे।

### ये होगा मोदी-मैक्रों ...

जाएगा।

818 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे फ्रांस के राष्ट्रपति नई दिल्ली पहुंचेंगे।

819 फरवरी को एआई इंपैक्ट सम्मेलन का भारत मंडपम में आयोजन होगा, राष्ट्रपति सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर वेन्यू पर पहुंचेंगे।

89.15 पर वेन्यू में फैमिली फोटो, 9.40 पर उद्घाटन समारोह होगा। 10.40 पर मैक्रों फ्रांस पवेलियन का दौरा करेंगे। 11.30 मिनट पर ग्रुप फोटो, लीडर्स प्लेनरी के साथ दोपहर के भोजन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

819 फरवरी को भारत यात्रा के समापन के साथ शाम 3 बजकर 45 मिनट पर राष्ट्रपति मैक्रों राजधानी के पालम हवाई अड्डे से फ्रांस के लिए रवाना हो जाएंगे।

### डिप्टी मैनेजर ही निकला ...

यह धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी ने उच्च अधिकारियों को बताए बिना बैंक लॉकरों से ग्राहकों के 2,780 ग्राम सोने के आभूषण निकाल लिए और उन्हें एक फाइनेंस कंपनी के पास गिरवी रख दिया। जांच के दौरान प्रारंभिक सबूत मिले हैं कि इस तरीके से प्राप्त पैसे को आरोपी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी (ऑनलाइन बेटिंग/जुआ) पर खर्च कर दिया था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) लोकेश बी जगलासर ने बताया कि आरोपी उप प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हम बाकी सोना बरामद करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक करीब 700 ग्राम सोना बरामद हो चुका है। उन्होंने आगे बताया कि फाइनेंस कंपनी से जरूरी सहयोग नहीं मिल रहा है, इसलिए हम अदालत का रुख करेंगे और उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे। फिलहाल मामले की जांच अभी जारी है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### 9 जजों की पीठ ...

जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने सोमवार को सभी पक्षों को 14 मार्च 2026 तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने 10 फरवरी 2020 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जिन सात सवालों को तय किया जाना है, उनके जवाब के लिए सुनवाई जरूरी है। केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा है कि वह समीक्षा याचिका का समर्थन कर रही है और महिलाओं के इस मंदिर में प्रवेश का विरोध करती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह जानकारी दी।

### बीईएल की मिसाइल ..

मंत्रालय ने एक बयान के जरिए बताया कि रक्षा मंत्री ने बेंगलुरु से ही पुणे स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (सीओई-एआई) का वर्चुअली उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की स्वदेशी गैस टरबाइन इंजन विकास परियोजनाओं की समीक्षा भी की है।

### एआई से बढ़ता ...

नेस्तनाबूद किया। एआई के बेहतर उपयोग से खतरों के पूर्वानुमान, उनकी जल्द पहचान के साथ घोषणा के जरिए हमारे सैनिकों का आत्मविश्वास यानी मनोबल कई गुना बढ़ गया है। अब उन्हें पता है कि एक मजबूत वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग सिस्टम हमेशा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में स्वदेशी हथियारों और तकनीक के बलबूते पर मिली हुई विजय हमारी आत्मनिर्भरता की जीत है। जो देश के विश्वास को इस दिशा में पुनः स्थापित करती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग भविष्य के विषय या विचार नहीं हैं। बल्कि इनका बदलते हुए युद्धक्षेत्रों के मानकों के हिसाब से सही समय पर उचित निर्णय लेने, स्वायत्त सिस्टम बनाने, साइबर डिफेंस और सटीक अभियानों में अहम भूमिका है। उन्होंने बेल को इंडस्ट्री, स्टार्टअप और अकेडमिया के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### कावेरी इंजन परीक्षण ...

इंजनों में आत्मनिर्भरता हासिल करें। हम उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान के डिजाइन और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। देश ने अतीत में एयरो इंजनों के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने के कई प्रयास किए हैं। अब इन्हें पूरा करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हम खुद को केवल पांचवीं पीढ़ी के इंजनों तक सीमित नहीं रख सकते हैं। हमें जल्द ही छठी पीढ़ी की उन्नत तकनीकों का विकास शुरू करना पड़ेगा। इन पर शोध समय की मांग है। कृत्रिम तकनीक, मशीन लर्निंग और नई सामग्रियों का उपयोग बढ़ रहा है। इसलिए हमें इस क्षेत्र में अग्रणी बने रहना होगा। रक्षा मंत्री के मुताबिक, एयरो इंजन विकास कार्य एक बेहद जटिल प्रक्रिया है। इसलिए हमें ये मानकर चलना होगा कि 20 से 25 वर्ष निकल चुके हैं। अब हमारे पास 5 से 7 साल ही बचे हैं और अब हमें राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप कार्रवाई करनी पड़ेगी।

## हेमंत सरकार 24 को पेश करेगी 'अबुआ दिशोम बजट'

# महिला किसानों की आय बढ़ाने व कृषि आधारित उद्यम पर जोर

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

झारखंड विधानसभा में 24 फरवरी को पेश होने जा रहा हेमंत सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 का 'अबुआ दिशोम बजट' झारखंड की महिला किसानों के लिए ऐतिहासिक साबित हो सकता है। विश्व स्तर पर वर्ष 2026 को संयुक्त राष्ट्र ने 'अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष' घोषित किया है। इसी पृष्ठभूमि में हेमंत सरकार राज्य की महिला किसानों को विकास का केंद्रीय आधार बनाने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, महिला किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें कृषि आधारित उद्यमी बनाने को बजट में दो विशेष योजनाओं की घोषणा संभव है।



**लाई जा रही मार्केट लिंक की नई योजना**

राज्य में करीब 38 लाख किसानों में महिलाओं (19 लाख) की आधी हिस्सेदारी है। खेती-किसानी में उनकी बराबरी की भागीदारी को नीति-स्तर पर मान्यता देने की तैयारी है। महिला किसानों की आय संवर्धन एवं मार्केट लिंक के लिए नई योजना लाई जा सकती है। योजना के तहत कृषि गतिविधियों में महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। उनके द्वारा तैयार कृषि उत्पादों को सीधे बाजार से जोड़ने के लिए विशेष मार्केट लिंक, एफपीओ और सहकारिता मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा। महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उत्पादन, प्रोसेसिंग व पैकेजिंग को संस्थागत रूप दिया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री मंईयां उद्यम योजना लाने की तैयारी

हेमंत सरकार राज्य की मंईयां को स्वरोजगार के लिए 'मुख्यमंत्री मंईयां उद्यम योजना' लाने जा रही है। इसके तहत बैंकों के माध्यम से एकमुश्त 20,000 रुपए का लोन दिया जाएगा। योजना को लेकर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड व अन्य बैंकों के साथ बैठक हो चुकी है। बैकों ने योजना को लेकर एकमत से सहमति जताई है। इस योजना को बजट का हिस्सा बनाए जाने की पूरी संभावना है।

### बजट का बढ़ता आकार

वर्ष 2026-27 के लिए करीब 1.70 लाख करोड़ रुपए का 'अबुआ दिशोम बजट' लाने की तैयारी है। आकार में यह अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। नया बजट इन असमानताओं को कम करने में ठोस कदम साबित हो सकता है।

# हरिभूमि सहेली



वर्किंग वूमेन की घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच बैलेंस की बात खूब होती है। यही समझा जाता है वर्किंग वूमेन की तुलना में हाउस वाइफ की जिंदगी आसान है, जबकि इनकी जिंदगी में भी चैलेंज होते हैं। रोज घर के कामों की लंबी फेहरिस्त, घर के हर सदस्य का ध्यान, रिश्तों का निर्वाह, इन सब के बीच बैलेंस की जरूरत होती है। हम यह क्यों नहीं समझते, हाउस वाइफ को भी 'मी टाइम' चाहिए, जो उसके मेंटल के साथ-साथ फिजिकल हेल्थ के लिए भी बहुत जरूरी है।

## होम लाइफ बैलेंस भी है जरूरी

कवर स्टोरी

**डॉ. मोनिका शर्मा**

बात जब वर्क लाइफ बैलेंस की हो तो कई पहलुओं पर सोचना जरूरी है। वर्किंग वूमेन, घर और वर्किंग रिस्पांसिबिलिटीज की भाग-दौड़ के बीच कैसे अपने लिए समय निकालें? किस तरह खुद को आराम दें? जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कौन से तरीके अपनाएं? जैसी बातों का खूब जिक्र होता है और फिक्र भी। वहीं घर में रहने वाली महिलाओं पर होम लाइफ बैलेंस को लेकर आमतौर पर कोई बात नहीं होती है, जबकि घर पर ही रहकर हर समय भाग-दौड़ में लगी रहने वाली महिलाओं के लिए भी संतुलित दिनचर्या जरूरी है। घर-आंगन तक सिमटी महिलाओं की लाइफ में भी एक बैलेंस होना जरूरी है।

### काम और आराम के बीच संतुलन

हमारे पारिवारिक परिवेश में दफ्तर से लौटी महिला के थकने या व्यस्त रहने की बात तो होती है, लेकिन घर के भीतर भाग-दौड़ में जुटी महिलाओं को लेकर ऐसा कुछ नहीं सोचा जाता। वर्किंग



वूमेन के ट्रैफिक से जूझने, यात्रा कर दफ्तर तक पहुंचने की उलझनों की बात होती है पर होममेकर्स की शारीरिक भाग-दौड़ और ठहरी, सिमटी-सी जिंदगी में बिखरती मनःस्थिति की उपेक्षा ही होती आई है। सुबह से शाम तक अपनों का खयाल रखने की धुरी पर दौड़ती महिलाओं की परेशानियों की ओर किसी का भी ध्यान ही नहीं जाता। जबकि उनके लिए भी आराम और अंतहीन सूची वाले कामों में एक बैलेंस की जरूरत होती है। घर संभालने का दायित्व निभा रही बहू-बेटियां भी थकती हैं। उनकी दिनचर्या भी आसान नहीं होती। हर समय अपनों के लिए कुछ करने को मौजूद रहने वाली अधिकतर स्त्रियां तो रोज घर में सबसे पहले अपने दिन की शुरुआत करती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर के छोटे-बड़े सदस्य हर समय कुछ-न-कुछ करने को कहते रहने के बजाय उनके काम और आराम में संतुलन बनाने में मदद करें। कम से कम यह समझने की गलती तो बिल्कुल न करें कि उनका जीवन बहुत आसान है या दिनभर घर पर रहती हैं तो करती ही क्या हैं? कभी ना खत्म होने वाली एक भागम-भाग उनके भी हिस्से होती है। इसीलिए महिलाओं की होम लाइफ में भी बैलेंस जरूरी है।



### टाइम मैनेजमेंट भी है आवश्यक

**असल में** टारगेट सिर्फ ऑफिस में ही नहीं होते। समय सीमा में काम निपटाने, रसोई में कुछ पकाने, रिश्तेदारी में मेल-मिलाप रखने और आस-पड़ोस में लेन-देन निभाने के भी टारगेट होते हैं। समय के सही मैनेजमेंट के बिना घरेलू जिम्मेदारियों की सूची कभी खत्म नहीं हो सकती। ऐसे में खुद महिलाएं भी अपनी संभाल-देखभाल के लिए समय निकालने का प्रयास करें। बात सेहत और फिटनेस के लिए समय निकालने की हो या किसी सहेली से बैठकर बतियाने की। समय प्रबंधन करके ही अपने लिए वक्त निकाला जा सकता है। होम लाइफ में बैलेंस बनाया जा सकता है। देखने में आता है कि नॉन-वर्किंग महिलाओं की पर्सनल लाइफ कहीं पीछे छूट जाती है। अपने हों या पराए, सभी के लिए बहुत कुछ करते हुए भी वे कुछ न करने वाली भूमिका में दिखती हैं। उनका रोल 'टेकन फॉर ग्रांटेड' वाली स्थिति में आ जाता है। दिनभर भाग-भागकर सब कुछ करते रहना अपनों को आम-सी बात लगती है। ऐसे में अपनी सहजता और सुकून के लिए खुद महिलाओं को ही अपने समय का प्रबंधन करना होगा। वरना मल्टीटास्किंग और एकरसता का यह मेल स्ट्रेस और एंग्जाइटी के घेरे में ले आएगा।

### बाहर की दुनिया से जुड़ाव

जैसे काम-काजी महिलाओं के लिए घर में आराम से समय बिताना भी एक बदलाव होता है। वैसे घर पर रहने वाली स्त्रियों को बाहर जाने से थोड़ा बदलाव महसूस होता है। उनके मन का मौसम बदलता है। आमतौर पर बच्चे, बड़े या जीवनसाथी कोई इस बात को अहमियत नहीं देता। वीकेंड पर घर पर रहने वाले अपने उनकी व्यस्तता और बढ़ा देते हैं। सगे-संबंधियों के यहां किसी कार्यक्रम में जाने के अलावा उनका कहीं और जाना जरूरी नहीं समझा जाता। जबकि महिलाएं रिश्ते-नातेदारी में जाकर भी कोई ना कोई काम करने में ही जुट जाती हैं। ऐसी आउटिंग को फिक्र से दूर मानसिक शांति और मन के बदलाव के लिए समय बिताना नहीं कहा जा सकता। ऐसे में महिलाएं खुद संतुलन की डगर चुनें। अपनी रुचि को भी प्राथमिकता दें।



काम-काजी महिलाओं के समान ही सुबह-सुबह अपने कामों की सूची बनाएं। हर काम की प्राथमिकता तय करें। अपने 'मी टाइम' को लेकर अपनों से स्पष्ट बात करें। हर समय कुछ-न-कुछ करते रहने के बजाय अपनी लिमिट्स भी तय करें। ऐसा करने से ही होम लाइफ बैलेंस बन सकता है। संतुलन की इन परिस्थितियों में आप अपनी हेल्थ और हॉबीज को समय दे सकेंगी। सही शेड्यूल बनाने से टाइम-टु-टाइम ब्रेक लेना भी सहज होगा। यह समय घर के बाहर की दुनिया से जुड़ने और कुछ नया सीखने जैसी स्ट्रेस फ्री एक्टिविटीज में लगाने से, घर और अपने भीतर के मोर्चे पर संतुलन बना रहेगा। a

## ऐसे बनाएं खुशहाल दांपत्य जीवन की राह

हर दंपती खुशहाल दांपत्य जीवन की तो कामना करता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों पर तकरार, अहंकार की वजह से अपने दांपत्य जीवन में कड़वाहट पैदा कर लेता है। इससे पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ती हैं। दंपती कैसे तनावमुक्त रहें और खुशहाल दांपत्य जीवन की राह बने, जरूरी सलाह।

सलाह

**स्नेहा सिंह**



शादी के बाद दो लोग सिर्फ एक-दूसरे के जीवन में प्रवेश ही नहीं करते, एक-दूसरे की आदतों, सोच और संस्कारों से भी कहीं ना कहीं प्रभावित होते हैं। विवाह के बाद शुरुआती दिनों में जो बातें प्यारी लगती हैं, वही कुछ दिनों बाद अखरने लगती हैं। इतना ही नहीं बात-बात पर दंपती के बीच तकरार, छोटी-सी असहमति एक बड़ा विवाद का रूप अख्तियार करने लगती है, इससे दूरियां बढ़ती हैं। इन विपरीत स्थितियों में अपने दांपत्य रिश्तों को कैसे सहेजें, इसके लिए किन बातों का ध्यान रखें, जानिए-

**बनाए रखें संवाद:** पति-पत्नी के रिश्ते की बुनियाद आपसी संवाद पर टिकी होती है। लेकिन जब बात करने की जगह चुप्पी ले लेती है तो ऐसे में गलतफहमियां जन्म लेती हैं। अकसर देखा जाता है कि हम अपनी परेशानी बाहर वालों को तो बता देते हैं, लेकिन अपने जीवनसाथी से बात नहीं करते। मन में दबी बातें धीरे-धीरे बड़ी शिकायतें बन जाती हैं, एक दिन विस्फोट के रूप में बाहर आती हैं। इसलिए एक-दूसरे को समझते हुए खुलकर, बिना डरे और आरोप के बात करना रिश्ते को टूटने से बचाता है। इसलिए दांपत्य जीवन में निरंतर संवाद बहुत जरूरी है।



**डगमगाने ना दें विश्वास:** आपसी विश्वास के बिना दांपत्य जीवन सिर्फ एक समझौता बनकर रह जाता है। शक, संदेह और निगरानी का भाव रिश्ते के अपनत्व और गर्माहट को खत्म करता है। मोबाइल की जांच करना, देर से आने पर सवाल-जवाब करना या हर बात पर संदेह करना, ये सब बातें धीरे-धीरे दांपत्य प्रेम को विषाक्त कर देती हैं, तलाक तक की नौबत आ जाती है। भरोसा बनाए रखने के लिए जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति ईमानदार रहें, संदेह के बजाय विश्वास बनाए रखें।

**एक-दूसरे को समय दें:** आज के दौर में साथ बैठकर बातें ना करने का सबसे आसान बहाना बन गया है 'बहुत व्यस्त हूं।' माना कि करियर की जिम्मेदारियों के बीच पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं लेकिन दंपती का कभी-कभी साथ बैठकर बातें साझा करना, डिनर-लंच करना या कभी यूं ही टहलने निकल जाना भी जरूरी है। साथ बिताए छोटे-छोटे मिठास भरे पल रिश्ते में जान फूंकते हैं। समय न देना कलह की शुरुआत की वजह बनता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे को यथासंभव समय जरूर दें।

**अहंकार से रहें दूर:** दांपत्य जीवन में अहंकार सबसे खतरनाक दुश्मन है। 'मैं क्यों झुकूं, गलती तो उसकी है।' ऐसी सोच रिश्ते को खोखला कर देती है। समझदारी इसी में है, स्वयं सही होते हुए भी चुप रह जाएं, ताकि रिश्ता बचा रहे। झुकना हार नहीं, बल्कि रिश्ते की जीत है। माफी मांगना और माफ करना, पत्नी-पति दोनों को आना चाहिए। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

**गुस्से पर रखें काबू:** गुस्से में बोले गए शब्द कभी-कभी सालों का प्यार पलभर में खत्म कर देते हैं। क्रोध के क्षणों में मौन रहना और बाद में शांत होकर बात करना कहीं ज्यादा प्रभावी होता है। याद रखिए, शब्दों से लगे घाव दिखाई नहीं देते, लेकिन बहुत गहरे होते हैं।

**साथ चलने का नाम है दांपत्य:** दांपत्य जीवन दो लोगों की साझा यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। प्रेम, विश्वास, संवाद और धैर्य, इन चार स्तंभों पर टिका होता है दांपत्य रिश्ता, जो हर कलह से बचाता है। जब हम जीवनसाथी को गहराई से समझने लगते हैं, तो दांपत्य जीवन में मधुरता घुलती है, दंपती खुशहाल रहते हैं। a

## क्या आपका नेचर है जजमेंटल ऐसे करें खुद में बदलाव

कई लोग दूसरों के बारे में बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। ऐसा जजमेंटल नेचर आपके पर्सनल-सोशल रिलेशन बनाने में बाधक हो सकता है। इसलिए इससे बचना जरूरी है।

बिहेवियर

**ललिता गोयल**

हमारे आस-पास कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो किसी भी व्यक्ति या घटना को देखकर बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। वे बिना ज्यादा सोचे-समझे किसी के भी बारे में अपनी राय कायम कर लेते हैं। ऐसे व्यक्ति जजमेंटल नेचर वाले होते हैं। ऐसे लोग अकसर दूसरे में कमियां खोजते रहते हैं।

**ऐसे होती है पहचान:** आपके आस-पास का कोई व्यक्ति जजमेंटल नेचर का है, इसे आप उसके कुछ बर्तावों से पहचान सकती हैं।

- ऐसे लोग खुद को बहुत अहमियत देते हैं और सामने वाले को छोटा समझते हैं।
- खुद को समझदार और हर विषय का जानकार मानते हैं।
- ये लोग अपनी सलाह खुद देने लगते हैं और दूसरों को अपनी सलाह को मानने के लिए बाध्य भी करते हैं।
- जजमेंटल नेचर वाले लोगों का व्यवहार थोड़ा जिद्दी होता है और वे हमेशा दूसरों से आगे निकलने की चाह में रहते हैं।
- वे अपनी राय को सर्वोपरि मानकर दूसरों की राय को महत्व नहीं देते हैं।
- ऐसे लोग बातचीत के दौरान अकसर तेज आवाज में बोलते हैं।
- ये लोगों को हमेशा 'अच्छे' या 'बुरे' के तराजू में तौलते रहते हैं और अपने आप को सही साबित करने के लिए दूसरों की निंदा और कमियां खोजने से भी नहीं हिचकिचाते हैं।
- ऐसे लोग दूसरों की तारीफ करने या उन्हें प्रोत्साहित करने से बचते हैं।
- ऐसे लोग नकारात्मक सोच के होते हैं।





**ऐसे बर्ताव से खुद को बचाएं:** अगर आपको उक्त में से कोई बर्ताव खुद में नजर आता है तो आप कुछ बातों पर अमल करके इसमें सुधार कर सकती हैं। जजमेंटल होने से बच सकती हैं।

**पूरे नेचर को परखें:** कभी-कभी लोग कुछ ऐसा कर जाते हैं, जिसे आप सही नहीं समझते, जैसे किसी के लंच में से उठाकर खा लेना या फिर बाजार में खूब मोलभाव करना। ऐसे में जरूरी है, कि उन्हें उनके बर्ताव के हिसाब से न जज किया जाए। हो सकता है कि उनमें ऐसी कई पॉजिटिव क्वालिटीज भी हों, जिन्हें आपने अभी तक देखा ही नहीं हो। इसलिए किसी डिसीजन पर पहुंचने से पहले पूरी तरह परख लें।

**खुद को सामने वाले की जगह पर रखकर देखें:** हर इंसान की स्किल्स, नेचर, उनकी जिंदगी के अनुभवों, रहन-सहन के अनुसार होता है। उनकी पर्सनालिटी में उनके साथ किया हुआ बर्ताव, उनकी परिस्थितियां काफी अहम भूमिका अदा करती हैं। इसलिए किसी इंसान को अच्छे से जाने बिना उनके बारे में राय न बनाएं।

**अपीयरेंस से न जज करें:** हर इंसान अपनी पसंद कंफर्ट के अनुसार तैयार होता है। इस आधार पर उनकी पर्सनालिटी के बारे में जज करना सही नहीं होता। अगर किसी ने टैटू बनवाए हुए हैं तो उसके बारे में यह राय बनाना कि वो गंभीर व्यक्ति नहीं हो सकता, सही नहीं है। इस सोच से उबरना चाहिए।

**राय बनाने से पहले लें कुछ वक्त:** किसी भी इंसान से सिर्फ 5 मिनट बात करने के बाद उसके बारे में कोई राय बना लेना सही नहीं होता, क्योंकि इतने कम समय में कोई किसी के भी बारे में सब कुछ कैसे जान सकता है। किसी भी इंसान के बारे में अपनी तरफ से राय बनाने से पहले, आपको उनके बारे में सब कुछ जानने की कोशिश करनी चाहिए। किसी के बारे में कोई भी राय बनाने से पहले एक-दूसरे को अच्छी तरह जानने-समझने का मौका दें, नहीं तो सामने वाला भी आपके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जान पाएगा और एक अच्छा रिश्ता बनाने से चूक सकते हैं। a

## जैसी हो स्किन-वैसी करें केयर

स्किन केयर

**प्रीति गुप्ता**

आपकी स्किन हमेशा सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आए, इसके लिए आपको पहले इसके नेचर को समझना होगा। इसके अनुसार जब आप अपनी स्किन केयर करेंगी तो वो हमेशा ग्लोइंग नजर आएगी। यहां आपको बता रहे हैं कि ड्राय और ऑयली स्किन वाली महिलाएं उनकी केयर कैसे कर सकती हैं?

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय नेचर की है तो आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

- स्किन क्लीनिंग के लिए हमेशा माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें।
- हर रोज दिन में कम से कम दो बार क्रीम-बेस्ड या हाइड्रेटिंग फेस वॉश से चेहरा साफ करें।
- नहाने के तुरंत बाद मॉयश्चराइजर या कोई जैल क्रीम लगाएं, ताकि स्किन में नमी बनी रहे।
- गुनगुने पानी से ही चेहरा धोएं। बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्रायनेस बढ़ जाती है।
- हफ्ते में कम से कम एक-दो बार स्क्रब करना न भूलें। स्क्रबिंग करने से डेड स्किन हटती है, चेहरे पर नया ग्लो नजर आता है। लेकिन ध्यान रखें कि स्क्रबिंग ज्यादा न करें।
- फेस क्लीनिंग और स्क्रबिंग के बाद होममेड फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। आप अपनी पसंद या चीजों की उपलब्धता के अनुसार दूध और शहद का फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। या फिर एलोवेरा जैल और नारियल तेल को मिलाकर भी फेस पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।



- जब भी दिन के समय घर से बाहर निकलें तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। ड्राय स्किन के लिए क्रीम-बेस्ड एसपीएफ 30 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन इस्तेमाल कर सकती हैं।

**ऑयली स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसकी केयर करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- फेस धोने के लिए जैल-बेस्ड फेस वॉश का यूज करें।
- दिन में 2-3 बार ऑयल कंट्रोल फेस वॉश से भी चेहरा धोएं। इससे स्किन पर नजर आने वाला एक्स्ट्रा ऑयल हट जाएगा और फेस फ्रेश नजर आएगा।
- स्किन ऑयली है तो मॉयश्चराइजर लगाना जरूरी नहीं, यह सोच गलत है। मॉयश्चराइजर न लगाने से स्किन और ज्यादा ऑयली हो सकती है। इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर जरूर लगाएं।
- चेहरे को बार-बार न छुएं। इससे पिंपल्स और फेस स्किन ऑयल बढ़ता है।
- आपकी स्किन ऑयली है फिर भी हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब जरूर करें।
- ऑयली स्किन वाली महिलाओं को भी सनस्क्रीन अप्लाई करना चाहिए।
- सोने से पहले मेकअप जरूर हटा लें। a

**(स्किन केयर एक्सपर्ट काजल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## इस मौसम में हेल्थ की करें एक्स्ट्रा केयर

इन दिनों के बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही से आप बीमार हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए आपको अपनी हेल्थ की एक्स्ट्रा केयर करनी चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

मेडिकल एडवाइस


**डॉ. रवींद्र गुप्ता**

सीनियर कंसल्टेंट फिजीशियन

सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम


इन दिनों मौसम का मिजाज बदल रहा है। दोपहर के वक्त तेज धूप खिली होती है और दिन का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वही शाम ढलते ही ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और रात का तापमान 10-12 डिग्री तक पहुंच जाता है। इस दौरान अधिकतर लोग अपनी सेहत की देखभाल के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। इससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। आइए जानते हैं, कुछ ऐसी ही समस्याओं और उनके समाधान के बारे में।

**पोलेन एलर्जी:** फरवरी के महीने में वसंत ऋतु का आगमन हो जाता है और आस-पास के वातावरण में चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिले होते हैं। लेकिन इस दौरान हवा में चारों ओर इन फूलों के पोलेन यानी परागकण उड़ रहे होते हैं। इससे कुछ लोगों को एलर्जी हो जाती है। इस वजह से छींकें आने लगती हैं या सांस लेने में परेशानी होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। इस समस्या से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय आपको मास्क जरूर पहनना चाहिए।



**सर्दी-खांसी-जुकाम:** दिन का तापमान बढ़ने की वजह से लोग इस मौसम में गर्म कपड़े पहनना कम कर देते हैं, ठंडे पानी और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजों का सेवन शुरू कर देते हैं। ऐसी लापरवाही के कारण उन्हें सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। इससे बचाव के लिए सुबह-शाम गर्म कपड़े जरूर पहनें, घर से बाहर निकलते समय सिर और कान ढंककर रखें। गले के इंफेक्शन से बचाव के लिए नमक मिले गुनगुने पानी से गरारे करें। अदरक, तुलसी वाली चाय पिएं और नहाने के लिए अभी भी ठंडे के बजाय हल्के गरम पानी का ही इस्तेमाल करें।

**कमजोर इम्यूनिटी से होती हैं कई समस्याएं:** बदलते मौसम में वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं और जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, उनके शरीर पर ऐसे वायरस आसानी से हमला कर देते हैं, जिससे उन्हें बुखार जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में संतरा, सेब, मौसंबी, अनार, अमरूद और अंगूर जैसे रंग-बिरंगे मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, इससे आपका शरीर संक्रमण से सुरक्षित रहेगा।



**हड्डियों-जोड़ों में दर्द:** इस बदलते मौसम में अकसर तेज ठंडी हवाएं चलती हैं, जिससे कुछ लोगों (खासतौर पर पचास से अधिक उम्र के लोगों) को हाथ-पैरों के जोड़ों और हड्डियों में दर्द की समस्या परेशान करती है। जिन्हें पहले से ऑस्टियोपोरोसिस या आर्थराइटिस हो, उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। जोड़ों को दर्द से बचाने के लिए नी कैप पहनें, गुनगुने तेल की मालिश करें, नियमित वॉक और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी दर्द से राहत दिलाने में मददगार होती है।

**त्वचा संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में तेजी से चलने वाली शुष्क हवाओं के कारण अकसर महिलाओं की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो जाती है। इससे उन्हें खुजली और रैशेज जैसी समस्याएं परेशान करती हैं। इनसे बचाव के लिए नहाने के बाद पूरे शरीर पर नारियल के तेल या मॉयश्चराइजर से मालिश करें। a

**प्रस्तुति: विनीता कुमारी**

राज्यपाल पटेल ने केरल के पार्षदों से कहा


# सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ करें समाज और राष्ट्र की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से रविवार को लोकभवन में केरल राज्य के विभिन्न स्थानीय निकायों के पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने सभी का आत्मीय स्वागत कर परिचय प्राप्त किया। उनके क्षेत्र के राजनैतिक और प्रशासनिक नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि मप्र के भ्रमण पर आए केरल के जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा करें।

प्रदेश सरकार के अनुकरणीय नवाचारों और भ्रमण के अनुभवों को अपने क्षेत्रों में जनकल्याणकारी और विकासात्मक कार्यों में लागू करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी से स्थानीय शासन को और अधिक प्रभावी बनाएं। हमेशा गरीब, वंचितों और जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प का पालन करें। राज्यपाल पटेल से केरल के जनप्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश भ्रमण के अनुभव साझा किए। देश की स्वच्छतम राजधानी के रूप में भोपाल के सफ़ाई प्रबन्धन की सराहना की। प्रदेश के जल प्रबन्धन, स्मार्ट सिटी परियोजना, कचरा निस्तारण, सौर ऊर्जा आदि की चर्चा की। शिष्टाचार भेंट कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारी और प्रदेश में निवासरत मलयाली समाज के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## मप्र सरकार के अनुकरणीय नवाचारों और भ्रमण के अनुभवों को अपने क्षेत्रों में लागू करेंः पटेल



केरल के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल पटेल से भेंट की।

## भाजपा फॉर विकसित केरलम कार्यक्रम के तहत केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने भोपाल एवं ग्वालियर का किया भ्रमण

भारतीय जनता पार्टी के भाजपा फॉर विकसित केरलम कार्यक्रम के तहत प्रवास के दूसरे दिन रविवार को भोपाल में 11 सदस्यीय और ग्वालियर में 13 सदस्यीय केरल के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर योजनाओं का अवलोकन किया। विधानसभा का भ्रमण करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों से विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मप्र के संगठन को बुलंदी तक पहुंचाया है। ग्वालियर में पहुंचे केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने रविवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के कमल सिंह का बाड़ा स्थित आवास पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। उन्होंने मोतीमहल, अत्याधुनिक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, जलविहार स्थित नगर निगम परिषद का अवलोकन कर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगर निगम के कार्यों की जानकारी प्राप्त की।



अरेरा कॉलोनी स्थित कचरा कैफे की कार्यपद्धति के बारे में भी जाना

## केरल के पार्षदों ने फिल्टर प्लांट और वाटर सप्लाई की प्रोसेस देखी, बड़ी झील में शिकारे का भी लिया आनंद

केरल के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों ने रविवार को स्वच्छता की विभिन्न गतिविधियों एवं जलापूर्ति व्यवस्था का अवलोकन किया। प्रतिनिधि मंडल ने मनुआभान टेकरी स्थित 5 एमजीडी क्षमता के जलशोधन संयंत्र एवं अरेरा कॉलोनी 10 नंबर स्थित कचरा कैफे की कार्यपद्धति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और इनकी कार्यप्रणाली को समझा। इसके बाद शहर की बड़ी झील में केरल के दल के सदस्यों ने शिकारे का आनन्द लिया और भोपाल की झीलों, शैल-शिखरों सहित शहर की सुंदरता की सराहना भी की।



जलशोधन संयंत्र पर मौजूद अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की, साथ ही भोपाल शहर की जलप्रदाय व्यवस्था की जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों ने 10 मार्केट स्थित अपने प्रकार के अनोखे कचरा कैफे का भी अवलोकन किया।

## एक तरफा प्रेम में पागल युवक ने प्रेमिका पर किया कटर से हमला



**भिलाई।** नेवई थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पर्व पर घर आई एक महिला पर उसी के मोहल्ले के एक युवक ने कटर से हमला कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे बालोद से गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक महिला से एकतरफा प्यार करता था और लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था। वर्ष 2023 में महिला की शादी होने के बाद से आरोपी लगातार उससे बात करने का दबाव बना रहा था, जिसे महिला मना करती आई थी। महाशिवरात्रि के अवसर पर महिला अपने मायके मरोदा आई हुई थी। पूजा के बाद लौट रही थी अपने घर शिव मंदिर में पूजा करने के बाद जब वह अपने पिता के घर जा रही थी, तभी आरोपी युवक ने उसका रास्ता रोका और बात करने को कहा। महिला के मना करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और अपनी जेब से कटर निकालकर उस पर कई बार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों और परिजनों ने घायल महिला को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसके शरीर पर कई टांके लगे हैं और उसका इलाज एसीयू में जारी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया विक्रमोत्सव-2026 का शुभारंभ

# सम्राट विक्रमादित्य के सम्मान में स्थापित होगा सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अलंकरण सम्मान

**21 लाख रुपए का राष्ट्रीय और 5-5 लाख रुपए के तीन राज्य स्तरीय सम्मान भी होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन ने सदियों से धर्म, ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति की ज्योति प्रज्वलित की है। विरासत से विकास के इस प्रतीक के रूप मे ही उज्जैन में विक्रमोत्सव का सांस्कृतिक महापर्व आयोजित किया जा रहा है। यह केवल एक उत्सव नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता और ऐतिहासिक स्वाभिमान का विराट पर्व है। महान सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय, सुशासन और लोक कल्याण की ऐसी परंपरा स्थापित की जो आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उज्जैन का सांस्कृतिक आध्यात्मिक और सामाजिक आयोजन - विक्रमोत्सव हमारी परंपरा को नई ऊर्जा देगा। प्रदेश भर में गांव, शहर, कस्बों तक विक्रमोत्सव का विस्तार करते हुए प्रदेश में हो रहे सभी शिवरात्रि मेलों को इस आयोजन से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिव और शक्ति के महापर्व महाशिवरात्रि की उज्जैनवासियों को बधाई दी और रविवार को उज्जैन में विक्रमोत्सव-2026 का शुभारंभ कर यह विचार व्यक्त किए।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन की कीर्ति का वैभव संपूर्ण विश्व में छाया था। सम्राट विक्रमादित्य का दरबार नवरत्नों से संपन्न था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने और उनके शौर्य, न्याय तथा प्रजावत्सल आदर्शों को अमर बनाने के लिए उनकी स्मृति में एक करोड़ एक लाख रुपए का सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय अलंकरण सम्मान स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 21 लाख रुपए का राष्ट्रीय सम्मान और 5-5 लाख रुपए की तीन राज्य स्तरीय सम्मान भी स्थापित करने की घोषणा की। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2024 के विक्रमोत्सव को एशिया का बिगेस्ट रिलीजियस फेस्टिवल अवॉर्ड मिला।

### अब हर वर्ष उज्जैन में होगा वन मेले का आयोजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सभी क्षेत्रों में विकास के नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं। उज्जैन में आयोजित विक्रमोत्सव और विक्रम व्यापार मेला इस तथ्य का परिचायक है। इन आयोजनों से नगर निगम सहित स्थानीय संस्थाओं की आय बढ़ाने ओर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिली है। डॉ. यादव ने रविवार को उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला-2026 का शुभारंभ उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर दीप प्रज्वलन कर किया। डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की नगरी अवंतिका विकास के नए कीर्तिमान बना रही है। व्यापार, व्यवसाय में बाबा श्री महाकाल की नगरी तेजी से प्रगति कर रही है। विक्रम व्यापार मेले का आयोजन तीसरी बार किया जा रहा है। व्यापार मेले से जिले और आस पास के क्षेत्र में आर्थिक प्रगति हुई है।

अद्भुत धाम है नवग्रह शक्तिपीठ

## मुख्यमंत्री डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने नवग्रह मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि डबरा में निर्मित यह नवग्रह शक्तिपीठ एक अद्भुत धाम है। उन्होंने कहा कि आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डबरा के शक्तिपीठ में उपस्थित होना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्र ने इस नवग्रह शक्तिपीठ का निर्माण कर अद्भुत और प्रेरणादायी संकल्प को साकार किया है। मुख्यमंत्री ने कुमार विश्वास का अभिदनंदन करते हुए कहा कि उन पर मां सरस्वती की कृपा सदैव बरसती है। वे समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम के स्वयंवर के समय विराट रूप के दर्शन करवाए गए, जिसके साक्षी दुनिया के अनेक शासक भी थे।



नवग्रह के दर्शन करते सीएम।

### *संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बातः डॉ. मिश्रा*

*पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डबरा में इस प्रकल्प के पूर्ण होने और संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बात है।*



### मुख्यमंत्री ने सपत्नीक महाशिवरात्रि पर्व पर श्री महाकाल के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर में दर्शन पूजन में सहभागिता की और श्री महाकाल बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर समिति ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और शिव तत्व से जुड़ने का अवसर है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। पूजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं से संवाद किया और मंदिर परिसर में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

घुमका थाना क्षेत्र के मोहंदी गांव का मामला, पुलिस कर रही घटना की जांच

# केमिकल फैक्ट्री में भड़की आग, दूर-दूर तक उठा धुंए का गुबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के घुमका थाना क्षेत्र के मोहंदी गांव में स्थित जया केमिकल फैक्टरी में सोमवार भीषण आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और इसकी जांच की जा रही है। सूचना मिलते ही फैक्टरी प्रबंधन ने तुरंत दमकल विभाग और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची दमकल और पुलिस की टीमों द्वारा आग बुझाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

यह घटना मोहंदी गांव की है, जहां जया केमिकल फैक्टरी में अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी भीषण थी कि उसका धुआं दूर-दूर तक देखा जा सकता था, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है और पुलिस व दमकल विभाग इसकी जांच कर रहे हैं। फैक्टरी प्रबंधन ने तत्काल आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।



### *जान-माल की हानि की पुष्टि नहीं*

*फिलहाल, आगजनी की इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दमकल कर्मी लगातार आग बुझाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। आग की लपटें देख आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए और बचाव कार्यों में सहायता कर रहे हैं। हालांकि, आग पर काबू पाने के प्रयासों में काफी समय लग रहा है। घटनास्थल पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस की टीमें भी मौजूद हैं, जो स्थिति का जायजा ले रही हैं। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। अभी तक किसी भी हताहत की सूचना नहीं है, लेकिन फैक्ट्री में रखे केमिकल स्टॉक के कारण आग तेजी से फैल सकती थी, जिससे नुकसान की आशंका बनी हुई है।*

अस्पताल में गंभीर हालत में चल रहा घायल प्रेमी का इलाज

# प्रेमिका के भाई ने प्रेमी पर डाला पेट्रोल, लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

प्रेम प्रसंग में पागलपन और रंजिश की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। एक युवक को उसकी प्रेमिका ने मिलने के लिए बुलाया था, लेकिन घात लगाए बैठे प्रेमिका के भाई ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग की लपटों से घिरा युवक जान बचाने के लिए पास के तालाब में कूद गया। मिली जानकारी के अनुसार, कनकी (थाना उरगा) निवासी विशु सारथी (21 वर्ष) का प्रेम प्रसंग जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कटओत की रहने वाली चांदनी नामक युवती से था। शनिवार शाम करीब पांच बजे चाँदनी ने विशु को अपने गांव बुलाया था। विशु को जरा भी अंदाजा नहीं था कि यह मुलाकात उसके लिए मौत का जाल साबित होगी। आरोप है कि जैसे ही वह वहां पहुंचा, लड़की के भाई ने उस पर हमला कर दिया और उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग की लपटों में घिरे विशु ने चीखते हुए पास के तालाब में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे पानी से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, युवक बुरी तरह जल चुका है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल चौकी पुलिस ने पीड़ित युवक का बयान दर्ज कर लिया है। पीड़ित युवक विशु ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका चांदनी के साथ पिछले तीन साल से प्रेम संबंध चल रहा था। युवती ने उसे फोन करके मिलने के लिए बुलाया था, लेकिन वहां उसके भाई ने यह खौफनाक वारदात को अंजाम दिया।





18 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र में 9 छुट्टियां होंगी

# हरियाणा विस सत्र का शेड्यूल जारी 2 को बजट पेश करेंगे सीएम सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में बजट सेशन के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। सेशन 20 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। 2 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बजट पेश करेंगे। सैनी 2.15 लाख करोड़ का बजट पेश कर सकते हैं। पिछले साल 2.05 लाख करोड़ का बजट पेश किया गया था। 18 मार्च तक चलने वाले इस बजट सत्र में 9 छुट्टियां होंगी। सेशन 17 दिन चलेगा। फिलहाल टेम्परेरी शेड्यूल जारी किया गया है। हालांकि इस पर अंतिम फैसला 19 फरवरी को होने वाली बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में होगा।



### 20 को होगा राज्यपाल का अभिभाषण

सेशन की शुरुआत 20 फरवरी को सुबह 11 बजे राज्यपाल के अभिभाषण से होगी, जिसमें शोक प्रस्ताव रखे जाएंगे और सदन पटल पर पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद 21 और 22 फरवरी को अवकाश रहेगा। 23 से 25 फरवरी तक राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की जाएगी।

### 26 को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा

26 फरवरी को सामान्य चर्चा फिर से शुरू होगी और वर्ष 2025-26 के लिए अनुपूरक बजट (तीसरी किस्त) पर प्रस्तुति, चर्चा और मतदान होगा। 27 फरवरी को मुख्यमंत्री राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देंगे, धन्यवाद प्रस्ताव पर मतदान होगा और वर्ष 2025-26 के लिए अनुपूरक अनुदान विधेयक (तीसरी किस्त) पारित किया जाएगा। 28 फरवरी और 1 मार्च को अवकाश रहेगा।

## महाशिवरात्रि मेलाः प्रशासन की मुस्तैदी से सुगम हुई चौरागढ़ की कठिन डगर

आस्था का सैलाब

# दुर्गम पहाड़ियों पर गूंजा हर-हर महादेव, लाखों भक्तों ने टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। ऊंचे पहाड़, घने जंगल और दुर्गम रास्तों की परवाह किए बिना लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए उमड़ पड़े हैं। सुप्रसिद्ध चौरागढ़ महादेव मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं, जो रात-दिन सतत रूप से आगे बढ़ रही हैं। 06 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए बड़ा सहारा बन रही है। दुर्गम चढ़ाई के कारण श्रद्धालुओं को होने वाली शारीरिक समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। चौरागढ़, नांदिया जंक्शन, बड़ा महादेव और जटाशंकर जैसे प्रमुख स्थलों पर मेडिकल कैंप स्थापित किए गए हैं।



### *देवदूत बनकर उभरा प्रबंधन दल*

*अधिकांश श्रद्धालु थकान, बदन दर्द, सांस लेने में तकलीफ और डिहाइड्रेशन की शिकायत लेकर पहुंचें। कैंपों में ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर और जीवनरक्षक दवाइयों के साथ डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात है। गंभीर मरीजों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिए पचमढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। छिंदवाड़ा के रवि जथुराया को चोट लगने पर तत्काल उपचार दिलाया गया। वहीं, अमरावती के बबनराव चांदने को एनडीआरएफ की टीम ने चौरागढ़ की पहाड़ियों से सुरक्षित रेस्क्यू कर अस्पताल पहुँचाया।ऑक्सीजन सपोर्टः ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहे एक बुजुर्ग श्रद्धालु को भी टीम ने त्वरित सहायता प्रदान कर अस्पताल रेफर किया।खोया-पाया केंद्र के प्रयासों से 6 वर्षीय बालक नित्य को उसके पिता अनूप रत्न से सुरक्षित मिलवाया गया, जिससे परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।*

## चिंतन

# भारतीय वायुसेना को नई मजबूती देगी राफेल डील

भारत और फ्रांस के बीच प्रस्तावित 114 राफेल लड़ाकू विमानों की डील केवल एक रक्षा खरीद नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की सामरिक सोच का संकेत है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान जिस 3.60 लाख करोड़ रुपये के संभावित समझौते पर चर्चा हो रही है, वह भारतीय वायुसेना की क्षमताओं में गुणात्मक बढ़ोतरी कर सकता है। दो मोर्चों चीन और पाकिस्तान की चुनौती के बीच यह सौदा रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास करीब 29 स्क्वाड्रन ऑपरेशनल हैं, जबकि आधिकारिक मंजूरी 42.5 स्क्वाड्रन की है। यानी लगभग 13 स्क्वाड्रन की कमी पहले से ही चिंता का विषय है। आने वाले दशक में जगुआर, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विमानों के चरणबद्ध सेवानिवृत्त होने से यह अंतर और बढ़ सकता है। ऐसे में नई पीढ़ी के अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता स्पष्ट है। राफेल पहले ही अपनी उपयोगिता सिद्ध कर चुका है। हालिया अभियानों में इसकी लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल क्षमता, अत्याधुनिक रडार और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम ने वायुसेना को सामरिक बढ़त दिलाई है। वर्तमान में भारत के पास एफ-3 मानक के राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान माने जाते हैं। प्रस्तावित डील के तहत एफ-4 और बाद में एफ-5 श्रेणी के 'सुपर राफेल' मिलने की संभावना है। यूरोपीय मानकों के अनुसार एफ-5 को छठी पीढ़ी के जेट की श्रेणी में रखा जा रहा है। यदि यह समयसीमा के अनुसार 2030 के बाद मिलते हैं, तो भारत फ्रांस के बाद इन अत्याधुनिक विमानों का प्रमुख ऑपरेटर बन सकता है। इस डील का एक और महत्वपूर्ण पहलू 'मेक इन इंडिया' है। कुल 114 विमानों में से 18 सीधे उड़ान-योग्य अवस्था में मिलेंगे, जबकि 96 का निर्माण भारत में होगा। इनमें लगभग 60 प्रतिशत कलपुर्जों का स्वदेशीकरण प्रस्तावित है। इससे भारतीय एयरोस्पेस उद्योग को नई गति मिलेगी, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और हजारों रोजगार सृजित होंगे। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक निर्णायक कदम साबित हो सकता है। हालांकि, कुछ सवाल भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। चीन पहले ही छठी पीढ़ी के विमानों के विकास में आगे बढ़ चुका है। ऐसे में भारत को केवल प्लेटफॉर्म खरीदने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास पर भी समान बल देना होगा। क्या 42.5 स्क्वाड्रन का लक्ष्य अगले दशक में पूरा हो पाएगा? क्या समय पर आपूर्ति और लागत नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सकेगा? ये वे प्रश्न हैं जिन पर सरकार और रक्षा प्रतिष्ठान को पारदर्शिता के साथ काम करना होगा। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी रक्षा सहयोग से कहीं व्यापक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच वार्ता केवल विमानों की खरीद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उभरती प्रौद्योगिकियों, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक भू-राजनीति पर भी केंद्रित होगी। कुल मिलाकर 114 राफेल की संभावित डील वायुसेना के लिए 'ऑक्सीजन' साबित हो सकती है, लेकिन इसे दीर्घकालिक सामरिक दृष्टि से जोड़ना आवश्यक है। मजबूत वायुशक्ति केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि शांति और संतुलन की गारंटी भी होती है।

## सारा संसार



मसानी अम्मन मंदिर मसानी देवी को समर्पित एक मंदिर है, जिन्हें शक्ति देवी के नाम से भी जाना जाता है। यह कोयंबटूर जिले के अन्नामलाई के पंचायत शहर में स्थित है, इसे अरुलमिगु मसानी अम्मन मंदिर या अन्नामलाई मसानी अम्मान मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर बेहद ही आध्यात्मिक है, जिस वजह से लोग यहां खिचे चले आते हैं।

## सरोकार

योगेंद्र माथुर



# शादी ब्याह में आर्थिक संपन्नता के प्रदर्शन की होड़, अन्न का अपमान

विगत दिनों जब शादी-ब्याह का सिलसिला पुनः चालू हुआ तो मुझे भी एक के बाद एक कई शादियों में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त हुआ। शादी-ब्याह की इस धूमधाम में जाहिर है हमेशा की तरह ही ऐश्वर्य और विलासिता के भरपूर दर्शन हुए। 'तेरी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे?'की तर्ज पर होने वाली होड़ में आयोजक अपनी क्षमता से अधिक पैसा खर्च करते नजर आए। परिणय स्थल यथा- गार्डन, धर्मशाला, लॉज-होटल की चमक बढ़ाने की गरज से टेंट व विद्युत साज-सज्जा पर पैसा पानी की तरह बहता दिखाई दिया। समारोह पांडाल की साज-सज्जा तो ठीक भोजन को भी अपनी सामर्थ्य के प्रदर्शन का माध्यम बना लिया गया हो, ऐसा लगा। भोजन में कुछ नया या नई वैरायटी परोसने की होड़ में निर्मित व्यंजनों का आंकड़ा 56 के भी पार जाता नजर आया। सभी व्यंजनों के नाम तो शायद आयोजक को भी मालूम नहीं होंगे। अब भला खाने वाले 4-5 व्यंजनों से अधिक का स्वाद चख पाएं, न चख पाएं या फिर प्लेट में छोड़ते नजर आएं, आयोजक की आर्थिक संपन्नता का प्रदर्शन तो हो ही गया। कहने या बताने की आवश्यकता नहीं कि ऐसे शादी समारोह में धन के साथ अन्न का भी अपव्यय होना तय है। आप सोचिए, क्या कोई मेहमान चाहकर भी भोजन के अपव्यय को रोक पाएगा? समझदारी दिखाकर वह इतने अधिक पकवानों में से कुछ का स्वाद न भी चखे अथवा प्रत्येक पकवान का एक या आधा टुकड़ा ले तो भी कुछ मात्रा में ही सही भोजन का अपव्यय निश्चित है। हालांकि सभी मेहमानों से इतनी समझदारी की उम्मीद लगाना भी बेमानी ही होगा। हमारे देश में जब से 'बुफे' संस्कृति का विस्तार हुआ है, भोजन का अपव्यय भी बढ़ा है। इसमें बुफे संस्कृति की बुराई जैसी कोई बात नहीं है। कमी हममें ही है क्योंकि इसके सही तौर-तरीकों के पालन के संस्कार हमारे यहां नहीं पनप पाए हैं। प्रायः शादी समारोह में यही देखने में आता है कि लोग प्लेट में खाना लेते समय, बाद में मिलेगा या बचेगा कि नहीं की सोच के चलते अपनी प्लेट में एक साथ अधिकाधिक खाद्य सामग्री रख तो लेते हैं किंतु बाद में अधिकांश लोग 'जूठन' के रूप में छोड़ देते हैं। ऐसी स्थिति में 56 या अधिक पकवान बन जाएं तो भोजन की बर्बादी को कौन रोक सकता है? हमारी संस्कृति में अन्न के एक-एक दाने का महत्व बताया गया है और अन्न को देवतुल्य माना गया है। ऐसी स्थिति में शादी समारोह में भोजन का 'जूठन' के रूप में फिकना क्या अन्न का तिरस्कार या देवता का अपमान नहीं है? जिस देश में बच्चे भुखमरी व कुपोषण का शिकार बन कर असमय दम तोड़ रहे हों, उस देश में अन्न को अपनी सम्पन्नता के प्रदर्शन का माध्यम बनाना कहां तक उचित है? वैवाहिक आयोजनों के माध्यम से दूसरों की अपेक्षा अपने को कहीं अधिक बड़ा, समर्थ, सक्षम व सम्पन्न बताने की यह अंधी होड़ निश्चित ही बेहद खतरनाक है। उधार का घी पीकर अपनी सम्पन्नता दर्शाने की प्रवृत्ति तो निश्चित ही व्यक्ति, परिवार व समाज को पतन की ओर ले जाने वाली है। वर्तमान चार दिन की चकाचौंध भविष्य को गहरे अंधकार में धकेलने वाली है। अंधानुकरण की इस होड़ से हमें समाज को बचाना होगा और यह हम तभी कर पाएंगे या समाज को कोई संदेश दे पाएंगे, जब हम अपने से ही इसकी शुरुआत करेंगे। बेहतर होगा कि हम हमारे घर-परिवार में होने वाले वैवाहिक आयोजन सादगीपूर्ण व गरिमा के साथ आयोजित करें और विवाह समारोह की चकाचौंध पर होने वाले खर्च से 'परिणय-सूत्र' में आबद्ध हो रहे जोड़े के भविष्य को रोशन करें।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मुद्दा

रोहित माहेश्वरी

20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। अब साइबर अपराधी कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। इनके पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है।

# अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआई जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैटजीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। 'फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026' की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं। सर्वे के अनुसार, 61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर। साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61 फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61 फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं। सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआई एक 'दोधारी तलवार' बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, 54 फीसदी लोग एआई के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है। ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024–2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों



के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों का दावा है कि अब लगभग 80 प्रतिशत साइबर हमलों में किसी न किसी रूप में एआई की भूमिका है। एआई का इस्तेमाल अब डीपफेक तकनीक में भी हो रहा है।


डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में अपराधी किसी प्रसिद्ध पुलिस अधिकारी का चेहरा और आवाज नकली तरीके से दिखाकर पीड़ित को डराते हैं, जिससे वह खुद को असली अधिकारी से बात करते हुए समझता है। साइबर अपराध में अब ट्रिपल एक्सटॉर्शन मॉडल भी सामने आया है। इसमें पहले रैनसमवेयर से डेटा लॉक किया जाता है फिर उसे लीक करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं। इसके अलावा क्राइम-एस-ए-सर्विस का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें संगठित गिरोह उन लोगों को भी अपराध की सुविधा देते हैं जिनके पास तकनीकी जानकारी नहीं होती। यानी पैसे दो और तैयार साइबर क्राइम सेवा लो। इस तरह के मामलों में कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी तक ठगी का शिकार हो चुके हैं। साफ है कि एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वर्तमान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के तो कई तरीके मौजूद हैं, लेकिन इन्हें किस हद तक इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए, इसके लिए नियम-कानूनों का अभाव है। हमारा देश और दुनिया भी एआई के बढ़ते कदमों और उसके प्रभावों को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आगाज हो रहा है। 20 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ में दुनिया की 300 से ज्यादा कंपनियां भविष्य की तकनीक दिखाएंगी। खेती से लेकर सेहत तक, एआई आपकी जिंदगी को कैसे आसान बनाएगा, इसकी पूरी झलक यहां देखने को मिलेगी। आईटी के नए नियमों का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि अब एआई से बने कंटेंट को छिपाना आसान नहीं रहेगा। लेबलिंग व डिजिटल पहचान चिह्न से आम व्यक्ति यह समझ सकेगा कि उसके सामने मौजूद सामग्री वास्तविक है या तकनीक से तैयार की गई है। इससे सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक अभियानों पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। चुनाव, सामाजिक मुद्दों और संवेदनशील घटनाओं के दौरान यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को भी सुरक्षित रखने में सहायक होगी, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। इन तमाम बातों के बीच सवाल यह भी है कि सिर्फ नियम-कायदे बनाना ही काफी नहीं, बल्कि इन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत करना, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन की स्थिति में त्वरित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है। क्योंकि यदि नियमों का पालन ढीला रहा, तो इनका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। इसके साथ ही नागरिकों में डिजिटल साक्षरता बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है।

लोगों को यह समझना होगा कि हर वायरल वीडियो या तस्वीर सत्य नहीं होती। जागरूक उपयोगकर्ता ही फेक कंटेंट की श्रृंखला को तोड़ सकता है। सरकार, सोशल मीडिया कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। भ्रमजाल फैलने से रोकने के लिए सरकार और समाज दोनों के साझा प्रयासों की दरकार है। साझे प्रयासों से ही एआई का सकारात्मक लाभ हम उठा सकते हैं। वरना हमारी सुविधा के लिए बनी तकनीक हमारे लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# आनंद आपके भीतर है, बाहर खोजने की जरूरत नहीं



संकलित

## दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं। जहां जाएंगे, वहां ले जा सकते हैं।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित

## प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से (विशेषकर सोशल मीडिया पर) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। *– संदीप सरकार, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# महिला के गरिमा को ठोस एनआरआई को मिली जेल


सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने के जुर्म में पांच महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार में सोमवार को प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी गई। खबर के मुताबिक, शुक्रवार को सजा के एलान के दौरान अदालत ने कहा कि 42 वर्षीय ओम कुमार राय ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। खबर में कहा गया है कि अदालती दस्तावेज से पीड़िता का नाम और घटनास्थल का विवरण हटा दिया गया है। इसमें बताया गया है कि राय 22 वर्षीय पीड़िता के पिता का सहकर्मी है और वह 17 जून 2025 को तड़के पीड़िता से मिलने पहुंचा था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, राय पीड़िता को बातचीत के बहाने एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ छेड़खानी की। अभियोजन पक्ष ने बताया कि पीड़िता राय को धक्का देकर उसके चंगुल से भागने में सफल रही और अपने माता-पिता को घटना से अवगत कराया, जिसके बाद उन्होंने उसी दिन सुबह नौ बजे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अभियोजकों ने राय को पांच से छह महीने की जेल की सजा देने का अनुरोध किया था।



## ऑफ बीट

# नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर

जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।



## ट्रेंड

### देश तेजी से प्रगति कर रहा



यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। इससे हमारे युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। यह अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### दिल्ली की सुरक्षा होगी सुदृढ़



दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस समारोह में ₹857 करोड़ की लागत से निर्मित 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' का लोकार्पण किया। साथ ही, ₹368 करोड़ की लागत से स्पेशल सेल के इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर का ई-शिलान्यास किया। **-अमित शाह,** गृहमंत्री

### शंकर से प्रेरणा लेती है सेना



सैनिकों के अंदर की भावना हमारी संस्कृति से, भगवान शिव की प्रेरणा से आती है। डर से समाज लंबे समय तक सुरक्षित नहीं हो सकता। एक निडर समाज ही मजबूत राष्ट्र बना सकता है। निडरता आध्यात्मिकता से आती है। **-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### गिग वर्कर को मिले सुरक्षा



'कुछ दिन पहले जनसंसद में गिग वर्कर्स के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। बातचीत से साफ़ हुआ कि गिग अर्थव्यवस्था के फायदे मज़दूरों तक पहुंचाने के लिए मज़बूत और ज़िम्मेदार सरकारी कार्रवाई ज़रूरी है। महिला गिग वर्कर दोहरे शोषण का शिकार हैं, आर्थिक असुरक्षा के साथ-साथ सम्मान और सुरक्षा का अभाव। **-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# लैंड फॉर जॉब्स घोटाला : लालू समेत 46 पर आरोप तय, 9 मार्च से शुरू होगा रोजाना ट्रायल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बहुचर्चित 'लैंड फॉर जॉब्स' मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव समेत 46 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। सीबीआई की विशेष अदालत ने 9 जनवरी को आदेश पारित करते हुए सभी आरोपियों के विरुद्ध आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप निर्धारित किए थे। अब मामले में 9 मार्च से 28 मार्च तक प्रतिदिन सुनवाई कर अभियोजन साक्ष्य दर्ज किए जाएंगे।

### क्या है पूरा मामला

सीबीआई द्वारा दर्ज इस मामले में आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे के विभिन्न ज़ोन में ग्रुप-डी के पदों पर 'सब्स्टीट्यूट' के रूप में नियुक्ति के बदले जमीन या अन्य



संपत्ति ली गई। आरोप है कि यह लेन-देन लालू प्रसाद यादव के परिजनों और सहयोगियों के माध्यम से किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोप तय किए गए हैं।

## पूर्व आईएएस आरके महाजन भी 46 आरोपियों में शामिल

अदालत द्वारा जिन 46 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं, उनमें लालू प्रसाद यादव के अलावा उनके परिवार के पांच सदस्य—राबड़ी देवी, मीसा भारती, तेज प्रताप यादव, तेजस्वी यादव और हेमा यादव—शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त तीन करीबी सहयोगी—भोल यादव (तत्कालीन विशेष अधिकारी), आर.के. महाजन (तत्कालीन निजी सचिव) और प्रेम चंद गुप्ता (राज्यसभा सांसद, राजद)—का नाम भी आरोपियों में है। एक निजी कंपनी 'ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड', जो वर्तमान में लालू परिवार से संबंधित बताई जा रही है, को भी आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक, सब्स्टीट्यूट अभ्यर्थी और अन्य निजी व्यक्तियों को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है।

### कई चार्जशीट दाखिल

सीबीआई ने इस प्रकरण में तीन मुख्य चार्जशीट और दो पूरक चार्जशीट अदालत में दाखिल की थीं। अदालत ने दस्तावेजों और तर्कों पर विचार करने के बाद आरोप तय करने का आदेश दिया।

### आरोपियों ने नहीं माना दोष

अदालत ने 1 फरवरी से 28 फरवरी के बीच आरोपियों की व्यक्तिगत उपस्थिति सुनिश्चित करने और आरोप पढ़कर सुनाने की तिथियां तय की थीं। इस दौरान लालू , उनके परिवार के सदस्य और अन्य आरोपी अदालत में पेश हुए और सभी ने स्वयं को निर्दोष बताते हुए आरोपों से इनकार किया। सभी आरोपियों ने दोषी नहीं होने की दलील दी।

### 9 मार्च से रोजाना सुनवाई

विशेष अदालत ने अब मामले को अभियोजन साक्ष्य के लिए 9 मार्च से 28 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इस दौरान सीबीआई अपने गवाह और साक्ष्य अदालत के समक्ष पेश करेगी। राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस मामले पर अब सबकी निगाहें आगामी सुनवाई पर टिकी हैं, जहां अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को प्रमाणित करने का प्रयास करेगा।

## भूपेन ने अचानक दिया इस्तीफा, 4 घंटे बाद पलटे और लिया वापस



**गुवाहाटी** । असम की सियासत में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ऐसा एक बड़ी तमाशाबाजी सामने आई। इसने कांग्रेस और भाजपा दोनों को सुर्खियों में ला दिया। पूर्व असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पहले पार्टी से इस्तीफा देकर राजनीतिक हलचल मचा दी और फिर महज 4 घंटे के भीतर यू-टर्न लेते हुए कांग्रेस में ही बने रहने का ऐलान कर दिया। सोमवार सुबह भूपेनने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेजा। उन्होंने पार्टी में अनदेखी और उचित सम्मान न मिलने की बात कही। इस्तीफे की खबर बाहर आते ही असम कांग्रेस में खलबली मच गई। बैठकों का दौर चला, फोन कॉल्स हुए और शाम होते-होते बोरा ने इस्तीफा वापस लेने का फैसला कर लिया।

### भूपेन ने नेतृत्व पर साइडलाइन करने का लगाया था आरोप

इस्तीफा वापस लेते वक्त भूपेनने कहा कि मैंने अभी इस बारे में अपने परिवार से बात नहीं की है। इसलिए मुझे फैसला लेने के लिए और समय चाहिए। 32 वर्षों तक कांग्रेस की सेवा करने वाले भूपेन ने साइडलाइन करने का आरोप लगाया था। भूपेन ने 2021 से 2025 के बीच असम कांग्रेस संगठन की कमान संभाली थी। पिछले वर्ष पार्टी नेतृत्व ने बदलाव करते हुए उनकी जगह गौरव गोगोई को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। सियासी अनुभव की बात करें तो बोरा असम विधानसभा में दो बार विधायक भी रह चुके हैं।

### हाईकमान की दखल बनी निर्णायक

इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस हाईकमान की भूमिका निर्णायक रही। पार्टी के अनुसार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने खुद भूपेन बोरा से बात की। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने भी पुष्टि की कि भूपेन बोरा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया। हाईकमान ने उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारी देने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद मामला संभल गया।

## एसआईआर की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने नाराजगी जताई

याचिकाकर्ता को खूब सुनाया

# आर्टिकल 32 का मजाक न बनाएं, हम तय करें कि आपके माता-पिता कौन हैं?



टीएमसी और ईसीआई में तकरार बढ़ी

### मोहम्मद नोवाज ने याचिका दाखिल कर लगाई थी सुप्रीम कोर्ट से गुहार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगालएसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। इस बार याचिका दाखिल कर एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने जमकर नाराजगी जताई है। खास बात है कि इस मुद्दे को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार और ईसी आई यानी भारत निर्वाचन आयोग में तकरार जारी है। मोहम्मद जिमफरहाद नोवाज ने याचिका दाखिल की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी लिस्ट के इस्तेमाल को चुनौती दी है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आर्टिकल 32 में आप चाहते हैं कि हम यह तय करें कि आपके पिता, माता और आदि कौन हैं। यह आर्टिकल 32 याचिका का मजाक है।

### 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी



28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि नामों की वर्तनी में हुई गलती और विसंगतियों से संबंधित सुनवाई 27 दिसंबर को शुरू हुई और पूरे राज्य में विद्यालयों, क्लब कक्षों और प्रशासनिक भवनों में स्थापित शिविरों में जारी रही।

### ईसीआई ने 7 अधिकारियों को किया निलंबित

ईसीआई ने बंगाल में 7अधिकारियों को गंभीर कदाचार, कर्तव्य में लापरवाही और एसआईआर से जुड़े अधिकारी के के दुरुपयोग के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ये सभी सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी थे।

### मंगलवार तक का दिया समय

ईसी ने बंगाल की मुख्य सचिव को 17 फरवरी तक उसके निर्देशों का पालन करने को कहा है, जिसमें बीएलओ को बढ़ा हुआ मानदेय देना और जारी एसआईआर के दौरान जानबूझकर नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना शामिल है।

### सरमा की सुनवाई नहीं की

## आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए?

सुप्रीम कोर्ट ने कथित हेट स्पीच की घटनाओं को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज करने और विशेष जांच दल द्वारा जांच का आदेश देने वाली याचिकाओं को



खारिज करते हुए असंतोष जाहिर किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की बेंच ने याचिकाकर्ताओं को पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने साफ किया कि उसे मामले की सीधे सुनवाई करने का अधिकार हासिल है, लेकिन वह उन शॉर्टकट तरीकों के पक्ष में नहीं है जहां याचिकाएं हाईकोर्ट में जाने से पहले ही सुप्रीम कोर्ट में सुनी जाती हैं। सीजेआई कांत ने कहा कि आप तो अभी तक हाई कोर्ट भी नहीं गए हैं। मैं सीधे रास्ते पर चल रहा हूं। एक क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करने की जल्दबाजी में हम दूसरे क्षेत्राधिकार को कमजोर नहीं कर सकते। यह न्यायालय इन सब का खेल मैदान नहीं बन सकता। हाई कोर्ट के क्षेत्राधिकार में आने वाले किसी भी मामले में, हमें विश्वास है कि वह हाई कोर्ट इस पर विचार करके फैसला ले सकता है।

### सिंघवी बोले- पूरा देश प्रभावित हो रहा

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अभिषेक मनु सिंहवी ने तर्क दिया कि सरमा की टिप्पणियों से पूरा देश प्रभावित होता है और वह एक आदतन अपराधी हैं, जिससे यह मामला सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त हो जाता है।

### बाबा खतरनाक की याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट

## बाबा जी प्लीज हाई कोर्ट जाएं

सुप्रीम कोर्ट ने बदरवाद वेणुगोपाल उर्फ बाबा खतरनाक की याचिका को खारिज कर दिया। इसमें वाराणसी में गंगा नदी के पानी की बिगड़ती गुणवत्ता को लेकर चिंता जाहिर की गई थी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता बाबा खतरनाक को संबंधित हाई कोर्ट में जाने की छूट दे दी। सीजेआई की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि बाबा जी प्लीज वहां जाएं और अधिकारियों को अपना प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करें। वहां शायद काफी काम हो चुका है। हर कोई बस सुप्रीम कोर्ट ही आना चाहता है। हाई कोर्ट महज दस किलोमीटर दूर है। फिर भी वे यहां पर आना चाहते हैं। मामला ह्यूमन सीवेज से संबंधित है।

## आधार ऐप डाउनलोड्स की संख्या 14 मिलियन के पार

### आधार ऐप के जरिए एक मिलियन लोगों ने घर बैठे अपडेट किया मोबाइल नंबर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार के इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने बताया है कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआइ) के नए आधार ऐप को लेकर आम जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार ऐप को अपनाने की यह तेज गति सुरक्षित, डिजिटल और सुविधाजनक आधार सेवाओं के प्रति नागरिकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआइ) के नए आधार ऐप ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब तक इसे लगभग 14 मिलियन से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। यह सफलता देश भर में आधार सेवाओं को अधिक सुलभ, उपयोगकर्ता के अनुकूल और तुरंत उपलब्ध कराने में इस ऐप की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

आधार ऐप एक नेक्स्ट-जेनरेशन का मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसे आधार संख्या धारकों (एएनएच) को अपनी डिजिटल पहचान रखने, साझा करने, दिखाने और सत्यापित करने के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और गोपनीयता-केंद्रित तरीका प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एंड्रॉइड और एप्पल आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय की जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को राष्ट्र को समर्पित किए गए इस नए ऐप को औसतन प्रतिदिन 1,00,000 से अधिक लोग डाउनलोड कर रहे हैं। इस ऐप की बढ़ती उपयोगिता ने आधार सेवाओं को निवासियों के लिए घर बैठे ही सुलभ बना दिया है। अब तक यह ऐप 1 मिलियन निवासियों को अपना मोबाइल नंबर अपडेट करने में मदद कर चुका है। वहीं 3,57,000 आधार धारकों ने ऐप के जरिए अपने बायोमेट्रिक्स को लॉक या अनलॉक किया है। इसी तरह, लगभग 8,00,000 निवासियों ने नए ऐप का उपयोग करके अपना ई-आधार डाउनलोड किया है। इस ऐप में कई आधुनिक और उन्नत सुविधाएँ शामिल हैं, जैसे प्रेजेंस के प्रूफ के तौर पर फेस वेरिफिकेशन, सिंगल क्लिक में बायोमेट्रिक लॉक/अनलॉक, ऑर्थेंटिकेशन हिस्ट्री को देखने की सुविधा और कॉन्टैक्ट डिटेल्स को आसानी से साझा करने के लिए QR-आधारित कॉन्टैक्ट कार्ड।

सभी यूजर्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह आधार ऐप, दैनिक जीवन के कई महत्वपूर्ण कार्यों में सहायक है। इसके माध्यम से होटल में चेक-इन के दौरान ऑफलाइन वेरिफिकेशन सीकिंग एंटिटी (ओवीएसई) क्यूआर कोड स्कैनिंग, उम्र का सत्यापन, अस्पतालों में भर्ती, कार्यक्रमों में प्रवेश और गिग वर्कर्स व सर्विस पार्टनर्स के सत्यापन जैसे कई कार्य सुगम हो गए हैं।

# जयपुर से शुरू होगी एआई किसान क्रांति,केंद्रीय मंत्री चौहान लांच करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 फरवरी को राजस्थान प्रवास पर रहेंगे। वे जयपुर में,देशभर के किसानों के लिए नया डिजिटल साथी 'भारत विस्तार' लांच करने जा रहे हैं। कृषि और किसानों को स्मार्ट बनाने यह एआई आधारित प्लेटफॉर्म किसानों को फोन कॉल, चैटबॉट और आगे चलकर ऐप के ज़रिए मौसम, मंडीभाव, कीटरोग, मिट्टी, फसल सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही जगह पर देगा। फेज1 में यह सुविधा हिंदी व अंग्रेज़ी में शुरू होगी और महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात सहित कई राज्यों के लाखों किसानों तक पहुंचेगी। इसमें राज्यों के कृषि मंत्री व आईसीएआर, केवीके, कृषि विवि तथा अन्य कृषि संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से लाखों किसान वर्चुअली जुड़ेंगे।

चौहान के साथ बड़ी संख्या में किसानों के अलावा मुख्य रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी,रामनाथ ठाकुर,राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, सांसद, विधायक, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी भी होंगे।

## मौसम, मंडीभाव, योजनाएं एक कॉल पर: "भारतविस्तार" से किसानों

### वॉयसफर्स्ट एआई: साधारण फोन से भी सुविधा

भारत 'विस्तार' को वॉयसफर्स्ट एआई के रूप में तैयार किया गया है, ताकि साधारण फीचर फोन वाला किसान भी लाभ ले सके। इसे टेलीफोनी हेल्पलाइन 155261 को प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। वॉयस इनपुटआउटपुट, वेबसाइट और मोबाइल साइट चैटबॉट जैसी सुविधाएं भी तैयार हैं, वहीं एंड्रॉयड ऐप भी जारी किया जाएगा।

### योजनाओं का एकीकृत समाधान

इसमें आईएमडी से मौसम की जानकारी, मंडीभाव, कीट और बीमारी प्रबंधन, एग्रीस्टैक डेटा और 10 केंद्र सरकार योजनाओं की जानकारी को जोड़ा गया है। योजना की डिटेल, आवेदन की स्थिति, लाभ की ट्रैकिंग और समाधान की स्थिति देखने की सुविधा भी होगी।

### डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में 'भारत विस्तार'

भारत विस्तार को कृषि क्षेत्र के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए किसानकेंद्रित, एआईसंचालित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में डिजाइन किया गया है, जो "प्लगएंडप्ले"मॉडल पर काम करेगा ताकि अलगअलग सरकारी, वैज्ञानिक और बाज़ार संबंधी प्रणालियों को आसानी से जोड़ा जा सके। यह प्लेटफॉर्म सत्यापित एवं सुरक्षित जानकारी पर आधारित है, मल्टीमॉडल और बहुभाषी पहुंच देता है और ऐसा ढांचा प्रदान करता है, जिसे विभिन्न राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर अपनाकर बड़े स्तर पर प्रभाव पैदा कर सकती हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कमल शर्मा** पुत्र श्री छोटे लाल शर्मा निवासी मकान नं. डी–82, लक्ष्मी पार्क, नांगलोई, दिल्ली ने ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट सं.35392 धारा 379/411 भा.द.स., थाना निहाल विहार, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कमल शर्मा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कमल शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट सं.35392 धारा 379/411 भा.द.स., थाना निहाल विहार, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कमल शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **21.04.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (पश्चिम)
कमरा नं. 292,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/2068/OD/2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश, पुत्रः** गुमान, **पताः** 244/90, गली नं.–05, स्कूल ब्लॉक, मंडावली, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 92/2023 U/s 27 NDPS ACT, थानाः मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 92/2023 U/s 27 NDPS ACT, थानाः मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिनेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री उद्भव कुमार जैन
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 13, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17228/ED/2025
(Court Matter)

### सुरजेवाला ने उठाए सवाल- भारत आत्मनिर्भर है या अमेरिका-निर्भर

# भारतीय किसानों के हितों की बलि दी, ऊर्जा सुरक्षा से खिलवाड़ और देश की संप्रभुता के साथ आत्मनिर्भरता से किया समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर हमला जारी रखते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने देशहित को गिरवी रखकर भारतीय किसानों के हितों की बलि दे दी है, ऊर्जा सुरक्षा से खिलवाड़ के साथ देश की संप्रभुता व आत्मनिर्भरता से समझौता किया गया है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने समझौते से भारत को होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारत में बिना किसी आयात शुल्क के बाजार खोल दिया है। इससे भारत के मक्का, ज्वार, सोयाबीन और फलों के उत्पादक किसानों को बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि भारत में 2025-26 के दौरान 4.30 करोड़ मीट्रिक टन मक्का, 52 लाख मीट्रिक टन ज्वार का उत्पादन हुआ और 2024-25 में 153 लाख टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका में यह फसलें भारत से कहीं ज्यादा उत्पादन होती हैं, अगर वहां से शुल्क रहित मक्का, ज्वार और सोयाबीन भारत के बाजार में बिकेगा, तो भारतीय किसानों की आजीविका संकट में आ जाएगी। उन्होंने सेब, संतरा, चेरी, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी जैसे फलों के अमेरिका से आने को भी भारत के किसानों के लिए बेहद नुकसानदायक बताया।

सुरजेवाला ने इस बात पर भी चिंता जताई कि यदि भारत में प्रोसेस्ड मक्का, ज्वार, सोयाबीन व अन्य कृषि उत्पाद आएंगे, तो उनका सीधा प्रभाव भारत की जैविक विविधता और बीज शुद्धता पर भी पड़ेगा। उन्होंने पूछा कि क्या मोदी सरकार ने पिछले दरवाजे से भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड कृषि उत्पादों के आयात की अनुमति दे दी है। उन्होंने आगे बताया कि व्यापार समझौते में नॉन-ट्रेड बैरियर्स को हटाने का सीधा मतलब भारतीय किसान की सब्सिडी को हटाना व जीएम क्राप्स के आयात को मंजूरी देना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने किसानों को सालाना 1.45 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी देता है। इसके विपरीत भारतीय किसानों को सीमित सहायता मिलती है, ऐसे में सुरक्षा उपायों में किसी भी प्रकार की और कमी उनके लिए हानिकारक होगी। उन्होंने पूछा कि अमेरिका से भारत आने वाले अतिरिक्त उत्पाद कौन से हैं, जिनका अभी खुलासा नहीं किया गया है?

सुरजेवाला ने समझौते को भारत के कपास उत्पादक किसानों और टेक्सटाइल उद्योग के लिए भी खतरा बताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश-अमेरिका व्यापार व्यवस्था के तहत बांग्लादेश अमेरिकी कपास व धागा आयात कर जो कपड़ा अमेरिका को निर्यात करेगा, उस पर अमेरिका में शून्य प्रतिशत शुल्क लगेगा। इसके उलट अमेरिका में भारत के निर्यात पर 18 प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने कहा कि इसका प्रतिकूल असर भारत के कपड़ा उद्योग पर पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि भारत से बांग्लादेश को सालाना 24,550 करोड़ रुपए का कपास व धागा निर्यात होता है। जब बांग्लादेश अमेरिका से कपास व धागा मंगवाने लगेगा, तो भारत के कपास उत्पादक किसान व कपड़ा बनाने वाले कारखाने तबाह हो जाएंगे। उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बयान का हवाला देकर कहा कि अब अमेरिकी कपास के भारत में निशुल्क आयात का दरवाजा भी खोल दिया गया है, जो किसान पर दोहरी मार की तरह है।

### तेल खरीदी पर लिया आड़े हाथ

रूस से तेल न खरीदने की अमेरिकी शर्त पर मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस नेता ने बताया कि भारत अपनी जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत तेल रूस आयात करता रहा है, सस्ती दरों के चलते फरवरी 2022 से जनवरी 2026 के बीच भारत को लगभग 1.81 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई थी। अब मोदी सरकार अमेरिका और वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदेगी, लेकिन व्यापार समझौते में कम कीमतों का कोई आश्वासन नहीं है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के उस आदेश का भी हवाला दिया, जिसके अनुसार अब अमेरिका निगरानी करेगा।

### ईरान से नहीं ले रहे तेल

उन्होंने याद दिलाया कि पहले ही अमेरिका के कहने पर मोदी सरकार ईरान से कच्चा तेल नहीं खरीद रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह भारत की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता से समझौता नहीं है? सुरजेवाला ने आंकड़ों के हवाले से कहा कि साल 2024 में भारत ने अमेरिका को 81 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सामान निर्यात किया और 43 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सामान आयात किया।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | एम.सी. जुलाना के कार्यालय भवन की मरम्मत + 7 कार्य। | 12.02.2026 19.07.2026 | रु.1,85,43,224/- | https://etenders.hry.nic.in | 7206353677 secmcjulana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43038/I/88/7 दि. 16.02.26

## खबर संक्षेप

### आय फाइनेंस के शेयर की बाजार में स्थिर शुरुआत




**नई दिल्ली।** आय फाइनेंस के शेयर ने सोमवार को बाजार में स्थिर शुरुआत की और निर्गम मूल्य 129 रुपये के बराबर ही सूचीबद्ध हुआ। एनएसई और बीएसई दोनों पर शेयर 129 रुपये प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में, एनएसई पर इसमें 3.17 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 124.91 रुपये पर पहुंच गया।

### रिन्य का शुद्ध घाटा कम होकर 19.8 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी (रिन्यू) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध घाटा कम होकर 19.8 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध घाटा 38.79 करोड़ रुपये रहा था। 2025-26 की समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 2,119.8 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,137.2 करोड़ रुपये हो गई।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 90.66 पर स्थिर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 90.66 (अस्थायी) पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख को विदेशी बाजारों में डॉलर की मजबूती ने बेअसर कर दिया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, कच्चे तेल की कम कीमतों ने रुपये का समर्थन किया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया आंकड़ा

# जनवरी में बेरोजगारी दर मामूली बढ़कर पांच फीसदी पर : सर्वेक्षण

- 15 वर्ष से अधिक में बेरोजगारी दर बढ़कर पांच प्रतिशत
- ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर बढ़ी
- ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी मौसमी कारणों से बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के बीच बेरोजगारी दर जनवरी महीने में थोड़ा बढ़कर पांच प्रतिशत हो गई, जो दिसंबर, 2025 में 4.8 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली। नवीनतम आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि बेरोजगारी दर में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दर्ज की गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बयान में कहा कि श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) एवं श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में गिरावट और बेरोजगारी दर में वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी कारणों से हुई।

### कृषि कार्यों में सुस्ती से काम की तलाश बढ़ी

फसल कटाई के बाद कृषि गतिविधियों में स्वाभाविक सुस्ती, निर्माण, कृषि-संबद्ध कार्य, परिवहन एवं छोटे व्यापार जैसे क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान सुस्ती रहने और कुछ श्रमिकों का अस्थायी रूप से काम की तलाश न करना इसके प्रमुख कारण रहे। हालांकि, एनएसओ ने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में श्रम बाजार की स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर रही।



### काम की तलाश में जुटे लोगों का अनुपात घटा

एनएसओ ने कहा कि महिला बेरोजगारी दर अप्रैल से दिसंबर, 2025 के दौरान दर्ज दायरे के भीतर ही बनी हुई है। यह दर्शाता है कि यह वृद्धि अल्पकालिक उतार-चढ़ाव का परिणाम है, न कि श्रम बाजार की संरचनात्मक कमजोरी का। कुल आबादी में से काम कर रहे या काम की तलाश में जुटे लोगों का अनुपात यानी एलएफपीआर जनवरी में घटकर 55.9 प्रतिशत रहा, जबकि दिसंबर में यह 56.1 प्रतिशत था।

### महिलाओं में बेरोजगारी दर बढ़ी

विस्तृत आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण बेरोजगारी दर दिसंबर के 3.9 प्रतिशत से बढ़कर जनवरी में 4.2 प्रतिशत हो गई। शहरी क्षेत्रों में यह दर 6.7 प्रतिशत से बढ़कर सात प्रतिशत पर पहुंच गई। स्त्री-पुरुष विभाजन के आधार पर देखें तो 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के पुरुषों में बेरोजगारी दर जनवरी में स्थिर रही। इसके उलट, इस आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर दिसंबर की तुलना में बढ़ गई।

### ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफपीआर घटा

ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफपीआर 59.0 प्रतिशत से घटकर 58.7 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में यह 50.3 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो दिसंबर के 50.2 प्रतिशत के लगभग बराबर है।

### महिला श्रम बल भागीदारी दर में रहा उतार-चढ़ाव

*एनएसओ के मुताबिक, महिला एलएफपीआर में केवल मामूली उतार-चढ़ाव देखा गया और समग्र स्तर पर यह स्थिर बना हुआ है। कुल आबादी में कार्यरत लोगों का अनुपात डब्ल्यूपीआर जनवरी, 2026 में समग्र रूप से स्थिर रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में जून 2025 (53.3 प्रतिशत) से लेकर दिसंबर 2025 (56.7 प्रतिशत) तक इसमें क्रमिक वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन जनवरी में यह घटकर 56.2 प्रतिशत रह गया।*

### शहरी श्रमिक जनसंख्या अनुपात स्थिर रहा

*ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष डब्ल्यूपीआर 75.7 प्रतिशत और महिला डब्ल्यूपीआर 38.0 प्रतिशत रहा, जो दिसंबर महीने के क्रमशः 76.0 प्रतिशत और 38.6 प्रतिशत से थोड़ा कम है। शहरी क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआर लिंग के आधार पर लगभग स्थिर रहा। जनवरी में शहरी पुरुषों का डब्ल्यूपीआर 70.5 प्रतिशत, महिलाओं का 23.0 प्रतिशत और समग्र शहरी डब्ल्यूपीआर 46.8 प्रतिशत दर्ज किया गया।*

## अमृत भारत स्टेशन योजना से असम सहित पूर्वोत्तर में बदल रहा रेलवे का बुनियादी ढांचा



**मालीगांव।** रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे में आधुनिक, यात्री अनुकूल रेल अवसंरचना के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए अमृत भारत स्टेशन स्कीम (एबीएसएस) शुरू की। इस योजना में दीर्घकालीन, चरणबद्ध तरीके से रेलवे स्टेशनों का संपूर्ण विकास करने का लक्ष्य है, जिसमें प्रत्येक चयनित स्टेशन के लिए विस्तृत मास्टर प्लान तैयार करना और यात्री सुविधाओं एवं बुनियादी संरचना को बेहतर बनाने के लिए उसे व्यवस्थित तरीके से लागू किया जाना है। इस योजना के तहत, स्टेशन तक पहुंच और सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाने, प्रतीक्षालय और शौचालय को अपग्रेड करने, आवश्यकतानुसार लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने, साफ-सफाई बढ़ाने और फ्री वाई-फाई की सुविधा देने पर फोकस किया जा रहा है। आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक मीटिंग के लिए विशेष स्थान, लैंडस्केपिंग और स्टेशन के अग्रभग को आकर्षक बनाना इत्यादि पुनर्विकास के अभिन्न घटक हैं। यह योजना 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' कियोस्क जैसी पहलों के माध्यम से स्थानीय उद्यमिता को भी बढ़ावा देता है, जिससे स्थानीय समुदाय के लिए नए आर्थिक अवसरों का सृजन होता है। अमृत भारत स्टेशन स्कीम, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले असम सहित पूर्वोत्तर के रेल परिदृश्य को पुनः परिभाषित कर रहा है।

## जयपुर से शुरू होगी एआई किसान क्रांतिः केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान लांच करेंगे "भारत-विस्तार

**नई दिल्ली/जयपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 17 फरवरी को राजस्थान प्रवास पर रहेंगे, इस दौरान वे जयपुर में, देशभर के किसानों के लिए नया डिजिटल साथी "भारत-विस्तार" लांच करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में भारतीय कृषि और किसान भाइयों-बहनों को स्मार्ट बनाने के लिए यह एआई आधारित प्लेटफॉर्म किसानों को फोन कॉल, चैटबॉट और आगे चलकर ऐप के ज़रिए मौसम, मंडीभाव, कीटरोग, मिट्टी, फसल सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही जगह पर देगा। फेज1 में यह सुविधा हिंदी व अंग्रेज़ी में शुरू होगी और महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात सहित कई राज्यों के लाखों किसानों तक पहुंचेगी। लांच कार्यक्रम में राज्यों के कृषि मंत्री व आईसीएआर, केवीकेएस, कृषि विश्वविद्यालयों तथा अन्य कृषि संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से देशभर के लाखों किसान वर्चुअली जुड़ेंगे।

## छोटे उद्यमों को समय पर कर्ज सुलभ कराना प्राथमिकता

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वित्तीय संस्थानों से समय पर और पर्याप्त कर्ज उपलब्धता में सुधार करना केंद्रीय बैंक की प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं में से एक है। केंद्रीय बैंक के संबंधित पक्षों के साथ निरंतर बैठकों के तहत, मल्होत्रा ने चुनिंदा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। आरबीआई के बयान के अनुसार, मल्होत्रा ने देश के आर्थिक परिदृश्य में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जो जीडीपी, निर्यात और आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान देता है। मल्होत्रा ने कहा एमएसएमई के लिए वित्तीय संस्थानों से समय पर और पर्याप्त ऋण की उपलब्धता में सुधार करना रिजर्व बैंक की प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं में से एक है।

## फ्रैक्टल तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) समाधान प्रदाता फ्रैक्टल एनालिटिक्स ने सोमवार को बाजार में सुस्त शुरुआत की और इसका शेयर 900 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर 876 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 2.67 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। बाद में, इसमें 4.94 प्रतिशत की और गिरावट आई और यह 855.55 रुपये पर पहुंच गया। बीएसई पर शेयर ने सपाट शुरुआत की और 900 रुपये प्रति शेयर पर खुला। कंपनी का बाजार मूल्यांकन एनएसई पर 14,839.73 करोड़ रुपये रहा। फ्रैक्टल एनालिटिक्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले सप्ताह बोली के अंतिम दिन 2.66 गुना थी।

# बिजली, बैंक शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

- शेयर बाजार में जारी गिरावट थमी
- अमेरिका-ईरान बातचीत से धारणा को मिला समर्थन

स्थानीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 650 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 212 अंक चढ़ गया। बिजली, बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। इसके अलावा, अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत के बीच रुपये और वैश्विक कच्चे तेल में स्थिरता से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट से उबरते हुए 650.39 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 83,277.15 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,565 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,747 बढ़त में रहे। वहीं 184 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,11,982.13 रुपये बढ़कर 4,68,58,625.33 करोड़ रुपये (5,170 अरब डॉलर) पर पहुंच गया।

# चांदी में दो फीसदी की गिरावट सोना 700 रुपये हुआ मजबूत

- चांदी घटकर 2.5 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें दो प्रतिशत घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी 5,000 रुपये या 1.96 प्रतिशत घटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई, जो शुक्रवार को 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गया, जो पिछली बार 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा, ''सप्ताहांत की तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की जिससे चांदी की शुरुआत नरम रुख के साथ हुई। हालांकि, केन्द्रीय बैंक की खरीदारी, प्रौद्योगिकी और एआई शेयरों में



- सोना बढ़कर 1,59,200 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया

गिरावट के बीच सुरक्षित निवेश की मांग में बढ़ोतरी और कमजोर डॉलर इंडेक्स ने इसके नुकसान को को कम करने में मदद की है।'' वैश्विक बाजारों में, हाजिर चांदी लगभग एक प्रतिशत घटकर 76.94 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 40.10 डॉलर या एक प्रतिशत घटकर 5,003.01 डॉलर प्रति औंस रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''डॉलर में मामूली सुधार और उसके बाद की लिवाली की कमी से कीमती धातुओं पर दबाव पड़ने से सोमवार को सोने में गिरावट आई।''

## मनशा ग्रुप के प्रोजेक्ट्स ने रियल एस्टेट में रचा नया इतिहास

**नई दिल्ली।** हरियाणा के रियल एस्टेट क्षेत्र में भरोसे और गुणवत्ता का पर्याय बन चुके मनशा ग्रुप ने अपने विभिन्न प्रोजेक्ट्स के माध्यम से ग्राहकों के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। समूह द्वारा विकसित द हेरिटेज बाय मनशा तथा आगमन प्रोजेक्ट, जीटी करनाल रोड के निकट सेक्टर-83 एवं 84, सोनीपत में स्थित हैं, जहाँ सुव्यवस्थित प्लॉट्स और प्रीमियम बिल्डर फ्लोर्स के साथ आधुनिक टाउनशिप जीवनशैली उपलब्ध कराई जा रही है। बेहतर कनेक्टिविटी, हरित वातावरण और सुविचारित इंफ्रास्ट्रक्चर इन दोनों परियोजनाओं को सुरक्षित व लाभदायक निवेश का उत्कृष्ट विकल्प बनाते हैं। मनशा ग्रुप का उद्देश्य केवल आवास उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण और बेहतर जीवन अनुभव प्रदान करना है।




## एफपीआई ने बाजार में डाले 19675 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में 19,675 करोड़ रुपये डाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई का यह प्रवाह लगातार तीन माह की भारी बिकवाली के बाद हुआ है। एफपीआई ने जनवरी में भारतीय शेयर बाजार से 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। कुल मिलाकर, 2025 में, एफपीआई ने भारतीय शेयरों से शुद्ध रूप से 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) की निकासी की है। यह एफपीआई के प्रवाह की दृष्टि से सबसे खराब वर्षों में रहा है।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | प्रोविजन ऑफ डुअल डिटेक्शन फॉर ऑटोमैटिक सेक्शन इन बिटवीन SZM-SNP एंड PNP-BBDE सेक्शन। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत(₹) | ₹1,98,64,825.96 | धरोहर राशि(₹) | ₹2,49,300/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 16.02.2026 / निविदा खुलने की दिनांक 09.03.2026 को 15:00 बजे तक | | |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | | |

निविदा सं: 558-Sig-16-M-Tender-1467 दिनांक: 16.02.2026 517/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

# जेईई मेन : देश के 100 पर्सेन्टाइलर 12 स्टूडेंट्स में से 7 एलन के



कबीर छिल्लर | अनय जैन | निमय पुरोहित | रीशित गर्ग | भावेश पात्रा | शुभम कुमार | अर्णव गौतम

- एलन के कबीर को परफेक्ट 300 में से 300 स्कोर

**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन जनवरी सेशन का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि जेईई मेन 2026 के परिणामों में एलन ने एक बार फिर अपनी एकेडमिक एक्सीलेंस साबित की है। रिजल्ट्स में देशभर में 12 स्टूडेंट्स को ओवरआल 100 पर्सेन्टाइलर घोषित किया गया है, इसमें से 7 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से हैं। वर्ष 2026 के पहले बड़े परिणाम में एलन स्टूडेंट्स ने रिजल्ट्स की अपनी नियमितता को बरकरार रखते हुए परफेक्ट स्कोर व 100 पर्सेन्टाइल स्कोर किए हैं। एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने परफेक्ट स्कोर प्राप्त किया है। 100 पर्सेन्टाइल के साथ कबीर ने 300 में से 300 अंक हासिल किए हैं। कबीर पिछले दो साल से एलन कोटा के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट है। इसके साथ ही क्लासरूम कोर्स से अर्णव गौतम, शुभम कुमार, भावेश पात्रा, अनय जैन, निमय पुरोहित और चिरंजीब कर ने 100 पर्सेन्टाइल स्कोर किया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने 99 पर्सेन्टाइल से अधिक स्कोर किया है। रिजल्ट्स की ऑथेंटिसिटी एवं पारदर्शिता को बरकरार रखते हुए एलन ने इस बार भी अपने रिजल्ट्स को देश की बड़ी ऑडिट फर्म ई-वाई इंडिया से वैलिडेट करवाया है। नितिन कुकरेजा ने बताया कि पिछले दो वर्षों के रिजल्ट्स में आईआईटी में प्रवेश लेने वाला हर चैथा स्टूडेंट एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.Pc./84
भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज पुत्र श्री अनिल कुमार बिष्ट** निवासीः पी-39, पिलंजी विलेज, सरोजनी नगर, नई दिल्ली ने **FIR No. 07/2018 u/s 25/54/59 Arms Act. थाना : सरोजनी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सन्देह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सूरज** नही मिल रहा है और समाधानप्रद रूप से प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सूरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए छिपा हुआ है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 07/2018 u/s 25/54/59 Arms Act. थाना : सरोजनी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सूरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 14.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विजयश्री राठौर
एलडी. जेएमएफसी-05,
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली

DP/1939/SW/2026/
(court notice)

## शब्द पहेली - 6141



***बाएँ से दाएँ***


1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

***ऊपर से नीचे***

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -6140 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | ■ | ज | प | ■ | त | न | ■ | शा | न |
| प | त | न | ■ | ल | त | ■ | भ | ला | ■ | शा |
| ■ | वा | न | र | ■ | म | ल | ■ | ज | रा | ■ |
| फि | ■ | द | म | न | ■ | क | द | ■ | ज | न |
| दा | दा | ■ | ल | क | वा | ■ | म | स्त | ■ | ख |
| ■ | न | या | ■ | ल | च | क | ■ | र | थ | ■ |
| रा | ■ | क | ल | ■ | क | ल | म | ■ | ल | ब |
| ही | र | ■ | हू | र | ■ | ह | म | ल | ■ | ल |
| ■ | स | जा | ■ | जा | ल | ■ | ता | ड़ | ना | ■ |
| य | ■ | म | त | ■ | व | ध | ■ | ना | का | रा |
| म | य | ■ | ल | क्ष्य | ■ | न | ल | ■ | म | जा |



# अफगानिस्तान की विश्व कप में पहली जीत, यूएई को पांच विकेट से दी मात

## जीत के साथ सुपर आठ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा



**टी20 क्रिकेट में प्रदर्शन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैच | 518 | औसत | 18.5 |
| पारी | 513 | इकानॉमी | 6.58 |
| विकेट | 700 | 5 विकेट हॉल | 04 |
| | | 4 विकेट हॉल | 18 |

### राशिद ने रचा इतिहास...

### टी20 में 700 विकेट लेने वाले बने पहले गेंदबाज

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 28वें लीग मैच में अफगानिस्तान ने यूएई को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लिया और वो टी20 प्रारुप में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। टी20 में इस वक्त सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में राशिद खान पहले नंबर पर हैं। राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लेते ही इतिहास रच दिया और टी20 प्रारुप में वो 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। राशिद खान ने ये कमाल अपने टी20 करियर के 518वें मैच की 513वें पारी में किया। इन मैचों में राशिद खान का औसत 18.5 का है जबकि इकानॉमी रेट 6.58 का रहा है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन-तीन मैच खेले हैं। यूएई की ओर से जुनैद सिद्दिकी ने 23 जबकि मोहम्मद अरफान ने 30 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।



### यूएई की टीम 160 रन पर ढेर

इससे पहले अजमतुल्लाह (15 रन पर चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने यूएई की टीम नौ विकेट पर 160 रन ही बना सकी। शोएब खान ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

# 'सुपर-8' में पहुंचा इंग्लैंड

## इटली को हराया, जैक्स ने जड़ा अर्धशतक



**कोलकाता।** इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के 29वें मुकाबले में इटली के खिलाफ 24 रन से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में तीसरी जीत के साथ इंग्लैंड ने 'सुपर-8' में जगह बना ली है। इंग्लैंड के अलावा ग्रुप-सी से वेस्टइंडीज भी अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 7 विकेट खोकर 202 रन बनाए। इस टीम के लिए फिलिप सॉल्ट ने जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े। बटलर महज 3 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सॉल्ट ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। यह टीम 105 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो चुकी थी, जहां से विल जैक्स ने सैम करन के साथ छठे विकेट के लिए 25 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जैक्स 22 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों के साथ 53 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि करन ने 19 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से ग्रांट स्टीवर्ट और क्रिशन कलुगामागे ने 2-2 विकेट निकाले।

### इटली के मेनेंटी ने जड़े 6 छक्के, खेली 60 रन की पारी

इसके जवाब में इटली की टीम 178 रन पर सिमट गई। इस टीम ने महज 22 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। यहां से जस्टिन मोस्का ने बेन मेनेंटी के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 92 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 114 के स्कोर तक पहुंचाया। बेन मेनेंटी 25 गेंदों में 6 छक्कों और 4 चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद मोस्का ने ग्रांट स्टीवर्ट (45) के साथ छठे विकेट के लिए 21 रन जुटाकर टीम को 135 के स्कोर तक पहुंचा दिया। इटली ने 135 के स्कोर पर पांचवां विकेट गंवाया, जिसके बाद 16वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर विकेट खोकर टीम संकट में आ गई, लेकिन यहां से स्टीवर्ट ने जसप्रीत सिंह (12) के साथ 18 गेंदों में 40 रन की साझेदारी करते हुए टीम में एक बार फिर जीत की उम्मीद जगाई, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही टीम बिखर गई।

# निसांका का शतक, श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**निसांका बने मैन ऑफ द मैच, 'सुपर-8' में पहुंचा श्रीलंका**

**पालेकल (भाषा)।** पथुम निसांका की नाबाद शतकीय पारी के बूते श्रीलंका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 12 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। निसांका की 52 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी से श्रीलंका ने जीत के लिए मिले रिकॉर्ड 182 रन के लक्ष्य को 18 ओवर में दो विकेट गंवाकर आसानी से हासिल कर लिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाने के अलावा दूसरे विकेट के लिए कुसल मेंडिस (38 गेंद में 51) के साथ 66 गेंद में 97 जबकि पवन रथनायके (15 गेंद में नाबाद 28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 79 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिला दी। इस हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। अब उसे अपने अंतिम मैच में ओमान के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी और बेहतर नेट रन रेट के लिए अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। जिम्बाब्वे ने मं अगर आयरलैंड को हरा दिया तो ऑस्ट्रेलिया का सफर ग्रुप चरण में ही खत्म हो जायेगा। इससे पहले कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के विस्फोटक अर्धशतकों के दम पर मजबूत शुरुआत करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पारी 181 रन पर सिमट गयी। चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए मार्श ने वापसी करते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और 27 गेंदों में 54 रन ठोक डाले।

### आज जिम्बाब्वे जीता तो ऑस्ट्रेलिया बाहर

**करो या मरो जैसा हाल, एक हार कर देगी बंटाधार**

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे खूंखार टीम कही जाने वाली ऑस्ट्रेलिया का हाल टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बुरा हो चुका है। जिम्बाब्वे ने उलटफेर कर ऑस्ट्रेलिया के लिए करो या मरो की स्थिति पैदा कर दी है। श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्ड कप में 8 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम इस टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गई है। अब उसकी उम्मीदें जिम्बाब्वे की हार पर टिकीं हैं। अगर जिम्बाब्वे मंगलवार को होने वाले मैच में आयरलैंड को हरा देती है, तो ऑस्ट्रेलिया बाहर हो जाएगी।


## खबर संक्षेप



### नेपाल के खिलाड़ियों पर दबाव डालना जरूरी

**मुंबई।** नेपाल के कोच निक पोथास का मानना है कि अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों पर आगे और अधिक दबाव डालने की जरूरत है और उन्होंने अपने खिलाड़ियों से अपील की कि वे मंगलवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने मैच में पिछले दो मैचों में की गई गलतियों को न दोहराएं। नेपाल ने टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी लेकिन उसके बाद से उसके प्रदर्शन में गिरावट आई है तथा उसे इटली और वेस्टइंडीज से क्रमशः 10 और नौ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। पोथास ने कहा, 'अगर हमें नेपाल क्रिकेट में सुधार लाना है तो हमें बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा। टीमें तभी बेहतर प्रदर्शन करती हैं जब खिलाड़ियों पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होता है। मुझे नहीं पता कि नेपाल में ऐसा क्या है, लेकिन क्रिकेट में सुधार के लिए खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव महसूस करना जरूरी है।'

### द.अफ्रीका के खिलाफ हार का कोई असर नहीं पड़ेगा: ग्लेन फिलिप्स



**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के हरफनमौला ग्लेन फिलिप्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार का असर ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर काबिज कनाडा के खिलाफ उनके मैच पर नहीं पड़ेगा और टीम इस मुकाबले को जीतकर सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। न्यूजीलैंड फिलहाल तीन मैचों में दो जीत के साथ ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका छह अंकों के साथ सुपर आठ में पहुंच चुका है। दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट की हार झेलने के बाद न्यूजीलैंड की कोशिश अपनी खामियों को दूर कर खिताब के दावेदार के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की होगी। फिलिप्स ने कहा, ' टी20 मैचों में जीत और हार के बीच बहुत कम अंतर होता है। पिछले दिन दक्षिण अफ्रीका ने खेल के हर पहलू में शानदार प्रदर्शन किया। हमने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका को अलग-अलग प्रारूपों में कड़ी टक्कर दी है।''

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : पडिक्कल ने जड़ा दोहरा शतक, कर्नाटक ने खड़ा किया रनों का पहाड़

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कप्तान देवदत्त पडिक्कल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहले दोहरे शतक की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ छह विकेट पर 689 रन बनाए। रविचंद्रन स्मरण ने भी 191 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 121 रन की पारी खेली। पडिक्कल ने 330 गेंद में 29 चौकों और तीन छक्कों के साथ 232 रन बनाए।



### कर्नाटक ने रखी लय कायम

अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 355 रन से आगे खेलते हुए कर्नाटक ने उसी लय को कायम रखा। पडिक्कल और करुण नायर (105 गेंद में 60 रन ) ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन जोड़े। उत्तरखंड को पहली सफलता अभय नेगी ने दिलाई, जिन्होंने करुण को विकेटकीपर सौरभ रावत के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने 288 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह स्मरण के साथ 59 रन की साझेदारी करने के बाद लक्ष्य रायचंदानी की गेंद पर विकेटकीपर रावत को कैच देकर लौटे। श्रेयस गोपाल खाता भी नहीं खोल सके और आदित्य रावत की गेंद पर बोल्ड हो गए। वहीं पडिक्कल के आउट होने के बाद स्मरण ने विकेटकीपर कृतिक कृष्णा के साथ 123 रन की साझेदारी की। कृष्णा ने 103 गेंद में 60 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था। आफ स्पिनर अवनीश सुधा ने कृष्णा को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) ने स्मरण के साथ सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 81 रन जोड़ लिए हैं।

# जम्मू कश्मीर और बंगाल में टक्कर आकिब के सत्र में 50 विकेट पूरे

**बंगाल की टीम ने पहली पारी में बनाए 328 रन**

एजेंसी ▶▶ कल्याणी

मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिए, जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाए। जम्मू कश्मीर के लिए आकिब नबी ने 26 ओवरों में 87 रन देकर पांच विकेट लिए। इस रणजी सत्र में उनके 50 विकेट पूरे हो गए हैं। बंगाल के लिए फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सुदीप कुमार घरामी कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर 146 रन पर आउट हो गए। अनुभवी सुमंता गुप्ता ने 36 गेंद में 39 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने 20 ओवरों में 41 रन देकर तीन विकेट लिए।



### डोगरा के रणजी ट्रॉफी में 10 हजार रन पूरे

जम्मू कश्मीर की पारी में शमी ने बंगाल के लिए शानदार पहला स्पैल डाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज शुभमन खजूरिया (तीन) और ताविर हुसैन (दो ) को पगबाधा आउट किया जबकि शुभम पुंडीर ने मुकेश कुमार की गेंद पर स्लिप में सुदीप चटर्जी को कैच थमाया।

तीन विकेट 13 रन पर गिरने के बाद जम्मू कश्मीर के लिये अनुभवी कप्तान पारस डोगरा ने 112 गेंद में 58 रन बनाये और युवा आईपीएल स्टार अब्दुल समद ने 85 गेंद में 82 रन की पारी खेली। डोगरा ने रणजी ट्रॉफी में 10000 रन भी पूरे कर लिए।

### यूएई और उपमहाद्वीप के बाहर अधिक मैच खेलने होंगे: ट्रॉट

**नई दिल्ली।** शीर्ष टीमों के खिलाफ अधिक द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के कप्तान राशिद खान के नजरिए का समर्थन करते हुए अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि उन्हें इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में भी खेलना सीखना होगा। मौजूदा टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने की कगार पर खड़े अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने जोर दिया था कि छोटे देशों को शीर्ष टीम के खिलाफ नियमित रूप से खेलना चाहिए, जिससे कि बड़े टूर्नामेंट अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकें। ट्रॉट ने कहा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने के अलावा उन्हें यूएई (अफगानिस्तान के घरेलू मुकाबलों का मेजबान) और उप महाद्वीप के बाहर भी खेलना सीखना होगा। ट्रॉट ने कहा, ' मैं और भी अधिक द्विपक्षीय श्रृंखलाएं चाहूंगा।

# पांच भारतीय खिलाड़ियों ने किया पाकिस्तान के घमंड को चकनाचूर

**कोलंबो।** टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ एक और यादगार जीत दर्ज कर भारत ने सुपर-8 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। इस महामुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए इस हाईवोल्टेज मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया के 5 खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के घमंड को चकनाचूर किया।

### ईशान किशन की धमाकेदार शुरुआत

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 175 रन बोर्ड पर लगाए। यह स्कोर टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी था। ओपनर इशान किशन ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने तेज रन गति बरकरार रखते हुए 40 गेंदों में 77 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए और पाकिस्तान के गेंदबाजों को दबाव में रखा।



### सूर्यकुमार यादव की जुझारू पारी

ईशान के आउट होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला। उन्होंने बीच के ओवरों में समझदारी से बल्लेबाजी की और तिलक वर्मा के साथ साझेदारी कर टीम को 170 के पार पहुंचाया। सूर्य ने 29 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली, जो टीम के लिए काफी अहम साबित हुई।



### हार्दिक ने गेंद से दिखाया दम

175 रनों के लक्ष्य का बचाव करने उतरी भारतीय टीम को गेंदबाजों ने शानदार शुरुआत दी। हार्दिक पंड्या ने अपने पहले ही ओवर में पाकिस्तान के ओपनर को आउट कर टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। उन्होंने 3 ओवर में सिर्फ 16 रन देकर 2 विकेट लिए और बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

### बुमराह का घातक स्पैल

इसके बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने स्पेल में सैम अयूब और सलमान अली आगा के रूप में लगातार दो विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को बैकफुट पर धकेल दिया। उनके प्रदर्शन ने पाकिस्तान की रन गति पर ब्रेक लगा दिया।

### अक्षर की फिरकी ने उम्मीदें खत्म कर दीं

बीच के ओवरों में स्पिनर अक्षर पटेल ने भी कमाल किया। उन्होंने पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाजों को आउट कर मैच पर भारत की पकड़ मजबूत कर दी। इसके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने भी एक ही ओवर में दो विकेट लिए और मैच पूरी तरह से भारत की झोली में डाल दिया। भारतीय गेंदबाजों के सामने पाकिस्तान की पूरी टीम 114 रनों पर सिमट गई। इस जीत से भारत ने न सिर्फ अपने ग्रुप में बढ़त बना ली बल्कि सुपर-8 में पहुंचने की राह भी आसान कर ली। अब टीम इंडिया का अगला मैच 18 फरवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ खेला जाएगा।

**आज सुबह 11 बजे से कनाडा और न्यूजीलैंड में टक्कर**

# पावरप्ले की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड की कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आ गई थी और उसकी टीम अब कनाडा के खिलाफ मंगलवार को होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में इन्हें दूर करने और सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगा।

विश्व कप से ठीक पहले भारत में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से काफी हद तक अभ्यस्त होकर टूर्नामेंट में उतरी। अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आसान जीत ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ उसे सात विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार ने हर विभाग में, खासकर बल्लेबाजी में उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया।



### रचिन की खराब फॉर्म चिंता का विषय

न्यूजीलैंड के लिए पावरप्ले की परेशानियां लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से लय बिगड़ जाती है और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को पारी को संवारने का काम करना पड़ता है। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर रचिन रविंद्र की खराब फॉर्म भी टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अगले दौर में प्रवेश करने वाला है तो न्यूजीलैंड के टीम प्रबंधन उनके जल्दी लय में लौटने की उम्मीद कर रहा होगा। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

### कनाडा अंक तालिका में निचले पायदान पर

*दूसरी तरफ कनाडा की भी अपनी परेशानियां हैं। उसकी टीम दक्षिण अफ्रीका और यूएई के खिलाफ अपने दोनों मैच हारने के बाद अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। टूर्नामेंट से पहले प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव न होने का असर उनके प्रदर्शन में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना भी उनके लिए मुश्किल रहा है। यूएई से हार के बाद तेज गेंदबाज दिलोन हेइलिगर ने कहा था, 'हम यहां की तुलना में काफी कम तापमान में रहते हैं और हमारे पास क्रिकेट खेलने के लिए साल में केवल तीन महीने होते हैं। हम इनडोर अभ्यास करते हैं। इसलिए हमारे लिए यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है।'*

# स्मृति को बीबीसी 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' पुरस्कार मिला

**नई दिल्ली (भाषा)** महिला वनडे विश्व कप 2025 में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को यहां एक भव्य समारोह में 2025 की बीबीसी 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर (साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी)' पुरस्कार के लिए चुना गया। शतरंज की युवा प्रतिभा दिव्या देशमुख को 20 वर्ष की उम्र में फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। पैरा एथलीट प्रीति पाल को 2024 पेरिस पैरालंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो कांस्य पदक जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी चुना गया। पूर्व निशानेबाज अंजलि भागवत को



'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज रही हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के साथ मौजूद मंधाना ने वीडियो संदेश में कहा, /"बीबीसी का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे साल का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया। 2025 महिला क्रिकेट के लिए खास साल रहा, खासकर साल के अंत में विश्व कप जीतना। मुझे खुशी है कि मैं भारत की जीत में योगदान दे सकी।/"





# विकास को नई गति देगी एआई, दुनिया भर के लोगों को मिलेगा लाभ

## एआई इंपैक्ट समिट 2026 में बोले ब्रिटेन के डिप्टी पीएम

*ब्रिटेन के डिप्टी पीएम ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ब्रिटेन का ध्यान इस बात पर रहेगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है*

### जापान सरकार एआई उद्योग और कंपनियों के मॉडल विकसित कर रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार की शाम को एआई इंपैक्ट समिट का उद्घाटन किया। इस समिट में दुनियाभर से कई नेता शामिल हुए। ब्रिटेन के डिप्टी पीएम डेविड लैमी और एआई मंत्री कनिष्क नारायण के नेतृत्व में ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल भारत आया हुआ है। इस अवसर पर लैमी ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ब्रिटेन का ध्यान इस बात पर रहेगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि हम एआई के पूर्ण लाभों और क्षमता को उजागर करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर कैसे काम कर सकते हैं। साथ ही साथ मजबूत और निष्पक्ष सुरक्षा मानकों को शामिल कर सकते हैं जो हम सभी की रक्षा करते हैं। भारत के विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसआईटी) ने कहा कि भारत और ब्रिटेन 'स्वाभाविक तकनीकी साझेदार' हैं और इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और विप्रो जैसी सॉफ्टवेयर दिग्गज कंपनियां पूरे यूके में अपने परिचालन का विस्तार कर रही हैं।



डिप्टी पीएम डेविड लैमी

वहीं जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमईटीआई) के उप निदेशक (डिप्टी डायरेक्टर) ताकुमी मियाकावा ने कहा कि जापान में भी एआई को लेकर नई सरकार काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि जापान की पीएम भी एआई के महत्व पर जोर दे चुकी हैं। जापान सरकार अपने एआई उद्योग और कंपनियों को मॉडल विकसित करने में सहयोग दे रही है।

## भारत एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में: पीएम मोदी



पीएम मोदी को जियो प्लेटफार्म की एआई सेवाएं बताते आकाश अंबानी

पीएम नरेंद्र मोदी ने एआई इंडिया इंपैक्ट समिट में आए वैश्विक प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की शक्ति, मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम और अत्याधुनिक शोध के कारण भारत आज एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। उन्होंने इसे देश के युवाओं की क्षमता का प्रमाण बताते हुए कहा कि भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और जिम्मेदार व समावेशी तरीके से वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस समिट में मानवता की सेवा, समावेशी विकास को गति देने और धरती की रक्षा करने वाले जन-केंद्रित नवाचारों को प्रोत्साहित करने में एआई की प्रभावी भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एआई इंपैक्ट समिट की दी बधाई

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने ग्लोबल साउथ में होने वाले पहले इंडिया एआई इंपैक्ट समिट की बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इंपैक्ट समिट शुरू हो रहा है। भारत, लोगों को सबसे पहले रखने वाला, लोकतांत्रिक एआई भविष्य को आकार देने की कोशिशों में सबसे आगे है। यह समिट की थीम, 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' में भी दिखता है। एआई के विकास के केंद्र में पब्लिक गुड, एक्सेसिबिलिटी और वैश्विक सहयोग को रखकर, भारत वैश्विक उत्तर की तकनीकी ताकत को ग्लोबल साउथ के स्केल और पोटेंशियल से जोड़ना चाहता है, जिससे दुनिया भर में सबको साथ लेकर चलने वाली और शेयर्ड प्रोग्रेस हो सके।



सीपी राधाकृष्णन

### एआई अपनाने में देरी न करें, इसे रोजगार से जोड़ें: नागेश्वरन

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाना अपने आप नहीं होगा, इसके लिए स्पष्ट रणनीति और बड़े पैमाने पर रोजगार के साथ तकनीक को जोड़ने की प्रतिबद्धता जरूरी है। उन्होंने कहा कि देशों को निर्णायक कदम उठाते हुए मजबूत शिक्षा व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता वाले कौशल विकास, श्रम-प्रधान सेवा क्षेत्रों का विस्तार और नियामकीय बाधाओं को दूर करने पर ध्यान देना होगा। एआई को अपनाने की प्रक्रिया एक सहयोगात्मक प्रयास होनी चाहिए, जिसमें निजी क्षेत्र, अकादमिक जगत और नीति-निर्माताओं की संयुक्त भागीदारी जरूरी है। उन्होंने इसे 'टीम इंडिया' का सामूहिक प्रयास बताया।



वी. अनंत नागेश्वरन

### एआई से छात्रों को मेडिकल ई-बुक्स देंगे: डॉ. श्रीनिवास

एआई इंपैक्ट समिट में स्वास्थ्य मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (मेडिकल एजुकेशन) डॉ. बी. श्रीनिवास ने कहा कि दूरदराज के मेडिकल कॉलेजों के छात्रों को ई-बुक्स, डिजिटल क्लिनिकल मैटेरियल और तकनीकी अध्ययन सामग्री पहुंचाने के लिए सरकार एआई की मदद से इन छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री पहुंचाने की रणनीति बना रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी के जरिए ई-बुक्स और डिजिटल क्लिनिकल कंटेंट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पहल के पहले चरण में छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 57 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को शामिल किया जाएगा।

### एआई पेशेवरों की मांग पूरा करेगा भारत

विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप, अमेरिका, चीन और एशिया के बीच प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भारत अपने डिजिटल मॉडल जैसे आधार, यूपीआई और ओपन नेटवर्क को एक संतुलित और समावेशी विकल्प के रूप में पेश करता रहा है। भारत को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में एआई पेशेवरों की दुनिया में मांग तेजी से बढ़ेगी और अपनी विशाल युवा आबादी तथा आईटी कौशल के दम पर वह इस जरूरत को पूरा करने वाला प्रमुख स्रोत बन सकता है।

## *भारत बनेगा दुनिया का 'एआई प्रोवाइडर': विशेषज्ञ*

### तेजी से बेहतर हो रहे एआई मॉडल: चंदोक

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंदोक ने कहा कि एआई मॉडल बहुत तेजी से बेहतर हो रहे हैं और अगले तीन वर्षों में इस क्षेत्र में बहुत बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पुनीत चंदोक ने यह बात एआई इंपैक्ट समिट 2026 में आयोजित 'एआई फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट: एंटिसिपेटरी, हाइपरलोकल, स्केलेबल' सत्र के दौरान कही। चंदोक ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में एआई ने जिस रफ्तार से प्रगति की है, उससे साफ है कि यह तकनीक तेजी से बदल रही है। उन्होंने बताया कि आज के एआई मॉडल बेहद उन्नत हैं।



पुनीत चंदोक


### एआई से रोजगार खत्म नहीं होंगे: बिखचंदानी

इंफो एज के सह संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने कहा कि राजीव गांधी की सरकार के समय कहा गया कि बैंकों में कम्प्यूटरों का इस्तेमाल होगा। तब कहा गया कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन किसी की नौकरी नहीं गई। प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में हमेशा यह डर रहता है कि इससे रोजगार खत्म होंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है। लोगों के पास अब सुनने का समय नहीं है। वे 50 मिनट का पॉडकास्ट नहीं सुन पाते। इसका सार जानने के लिए भी लोग एआई टूल का इस्तेमाल करते हैं। उससे तीन-चार पन्नों का सार निकल जाता है।



संजीव

### 'युवाएआई' के जरिए नई पीढ़ी से जोड़ने की कोशिश



*इस समिट का एक बड़ा आकर्षित 'युवाएआई' कार्यक्रम है। यह एक ग्लोबल यूथ चैलेंज है और इसका उद्देश्य छात्रों और युवा पेशेवरों में एआई को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस चैलेंज में 38 से अधिक देशों से 2,500 से अधिक आवेदन आए थे। इसमें से शीर्ष 20 फाइनलिस्ट का चयन इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा किया गया है, जिसमें 15 टीम भारत से हैं। इन शीर्ष 20 फाइनलिस्ट का चयन 2025 के आखिर में कई राउंड्स की प्रतियोगिता के बाद किया गया था। इन शीर्ष 20 फाइनलिस्ट को इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के जरिए वैश्विक मंच पर अपने इनोवेशन को दिखाने का मौका मिलेगा।*

### भारत के लिए एआई क्रिएटर बनने का अवसर: सभरवाल

कोरोवर एआई और भारतजीपीटी एआई के संस्थापक और सीईओ अंकुश सभरवाल ने कह कि मौजूदा समय में जो भी ऐप्स आ रहे हैं उनमें एआई का उपयोग हो रहा है। आगे इसमें और बढ़ोतरी होगी। ऐसे हम सभी धीरे-धीरे एआई के यूजर बनेंगे। ऐसे में एआई भारत के लिए क्रिएटर बनने का बड़ा अवसर है, क्योंकि इससे सॉल्यूशंस बनाना आसान हो गया है, अब केवल इंजीनियर ही नहीं कोई व्यक्ति भी



अंकुश

### कृषि क्षेत्र में एआई काफी बदलाव लाएगा: सेठी

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के राष्ट्रीय तकनीकी समन्वयक संजय सेठी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में एआई काफी बदलाव ला सकता है। यह मौसम को समझने, खेती के समय सही आवश्यकताओं का अनुमान लगाने और खाद्य श्रृंखला को छोटा करने में काफी मदद कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दो से तीन वर्षों में कृषि क्षेत्र पर एआई का प्रभाव अधिक देखने को मिलेगा।



संजय सेठी

## *भारत ने बनाया एआई पवेलियन*

एआई इंपैक्ट समिट 2026 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पवेलियन के जरिए भारत की एआई क्षमता का प्रदर्शन किया। इस पवेलियन का उद्देश्य भारत के एआई इकोसिस्टम को न केवल वैश्विक प्रौद्योगिकी के उपभोक्ता के रूप में, बल्कि स्वदेशी, विस्तार योग्य और सामाजिक रूप से प्रासंगिक एआई समाधानों के क्रिएटर्स के रूप में प्रस्तुत करना है। यह पवेलियन, जिसमें वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर स्थित है, एक मीडिया और संवाद स्थल के रूप में डिजाइन किया गया है जहां नीति निर्माता, स्टार्टअप, क्रिएटर्स और उद्योगपति भारत में एआई के विकास पर चर्चा कर सकते हैं। यह पवेलियन स्वास्थ्य सेवा, मीडिया, कंटेंट, शासन और सामाजिक प्रभाव जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय स्टार्टअप और उद्यमियों को प्रमुखता प्रदान करता है।



एआई पवेलियन

### 13 देशों के पवेलियन लगाए गए


एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित 13 देशों के पवेलियन लगाए गए हैं, जो एआई क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।

### 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन

एक्सपो में 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तीन प्रमुख विषयों लोग, ग्रह और उन्नति पर आधारित है। लोग के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं में एआई का उपयोग दिखाया जाएगा। वहीं ग्रह में पर्यावरण और जलवायु से जुड़े समाधान पेश किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्नति में उद्योग, कारोबार और आर्थिक विकास में एआई की भूमिका बताई जाएगी।

### *विदेशी प्रतिनिधि कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट*

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने घोषणा की कि उसने 'यूपीआई वन वर्ल्ड' वॉलेट सेवा को एआई समिट में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के लिए बढ़ा दिया है। 40 से ज्यादा देशों से आए प्रतिनिधि अब भारत में अपने प्रवास के दौरान आसानी और सुरक्षित तरीके से यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। इस पायलट पहल के तहत विदेशी यात्री बिना भारतीय मोबाइल नंबर या स्थानीय बैंक खाते के भी यूपीआई के जरिए रियल-टाइम पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) भुगतान कर सकेंगे। इसका मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मेहमान भारत की संस्कृति, खरीदारी और खानपान का आनंद लेते हुए 'मेड इन इंडिया' डिजिटल पेमेंट तकनीक का उपयोग कर सकेंगे। 'यूपीआई वन वर्ल्ड' वॉलेट अधिकृत प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (पीपीआई) जारीकर्ताओं के माध्यम से नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और भारत मंडपम के हॉल 14 में स्थित एनपीसीआई पवेलियन पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जहां यह सम्मेलन हो रहा है।



यूपीआई

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में उस समय हड़कंप मच गया, जब कई स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जानकारी सामने आते ही स्कूल प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग और पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने पुष्टि की है कि, अहमदाबाद के कई स्कूलों को धमकी भरे मेल प्राप्त हुए हैं। धमकी भरे ईमेल की भाषा बेहद आपत्तिजनक और डर फैलाने वाली है। मेल में लिखा गया है कि, भारत को खालिस्तान बनाया जाएगा।



### अबू सलेम को अदालत से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1993 मुंबई बम धमाकों के आरोपी और कुख्यात गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें उसने खुद को तुरंत रिहा करने की मांग की थी। सलेम का दावा है कि वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और पिछले 10 महीनों से उसे गैर-कानूनी हिरासत में रखा गया है। जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि वे इस मामले को बॉम्बे हाई कोर्ट में ही उठाएं। हाई कोर्ट ने अभी सिर्फ अंतरिम राहत देने से मना किया है।



# नए आपराधिक कानूनों को बताया उपलब्धि माओवादी हिंसा खत्म होने का भरोसा जताया

*दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री*

### *गृह मंत्री अमित शाह ने 10 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड समारोह में कहा आने वाले समय में देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। इससे देश में आपराधिक मामलों में सजा की दर 80 फीसदी बढ़ जाएगी। यह कानून लागू होने के बाद मामलों का निपटारा करने और सजा की दर को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा माओवादी हिंसा के खिलाफ लड़ाई अपने आखिरी दौर में है और इस वर्ष मार्च तक यह खतरा हमेशा के लिए खत्म होने का भरोसा जताया। इस अवसर पर उन्होंने 10 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

## सेफ सिटी प्रोजेक्ट के प्रथम चरण का किया शुभारंभ



स्थापना दिवस परेड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह परियोजनाओं का शुभारंत करते हुए

गृह मंत्री ने स्पेशल सेल के लिए एक इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर और सेफ सिटी प्रोजेक्ट का पहले फेज की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सेफ सिटी प्रोजेक्ट के पहले फेज़ के तहत, 10,000 एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों में से 2,100 को निगरानी नेटवर्क से जोड़ा गया है। साथ ही, पहले से मौजूद 15,000 सीसीटीवी कैमरों को भी इसके साथ जोड़ गया है। देश की राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### दिल्ली देश के लोकतंत्र की धड़कन

शाह ने कहा कि दिल्ली केवल एक शहर नहीं है, बल्कि हमारे देश के लोकतंत्र की धड़कन है। यह राष्ट्र के स्वाभिमान और अस्मिता का केंद्र है। राजधानी होने के कारण यहां की सुरक्षा व्यवस्था का स्तर सर्वोच्च होना अत्यंत आवश्यक है। दिल्ली में अनेक कूटनीतिक बैठकें, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन होता है। साथ ही यहां राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास है। इन सभी महत्वपूर्ण संस्थानों और आयोजनों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस की जिम्मेदारियां और भी अधिक बढ़ जाती हैं।

### स्पेशल सेल की अहम भूमिका

अमित शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नशीले पदार्थों के सिंडिकेट, जाली भारतीय मुद्रा नोटों के गिरोह, जटिल साइबर अपराधों और संगठित अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। इतना ही नहीं, आतंकवादी घटनाओं की जांच में भी स्पेशल सेल ने सफल और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अंग्रेजों के कानून निरस्त किए

शाह ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा लगभग 150 साल पहले बनाए गए कानूनों को निरस्त कर हमने न्याय-केंद्रित प्रणाली स्थापित की है। इन कानूनों के देश भर में पूर्ण क्रियान्वयन के बाद, देश में हुए अपराध में 3 साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय दिलाना हम सुनिश्चित करेंगे। नए कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद दोष सिद्धि दर को हम 80 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होंगे।

# जयशंकर, कनाडाई विदेश मंत्री से मिले

## ऊर्जा, तकनीक और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा



एजेंसी ▸▸ ओटावा

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। सितंबर 2025 के बाद से यह उनकी पांचवीं मुलाकात थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति पर जोर दिया। कनाडा सरकार ने बयान में कहा कि विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के मौके पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात की। सितंबर 2025 के बाद से मंत्रियों के बीच यह पांचवीं मीटिंग है, जो कनाडा-भारत के संबंध में बढ़ती रफ्तार को दिखाती है। और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर बनी है। मंत्रियों ने ऊर्जा, तकनीक और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की।

### भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

बयान में कहा गया कि मंत्री आनंद ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते कनाडा के लिए एक साझेदार के तौर पर भारत की अहमियत पर ध्यान दिया। दोनों नेताओं ने व्यापार, उद्योग और श्रमिक के लिए साझा तकनीकी फायदों और साझेदारी के बड़े मौकों की पुष्टि की। दोनों पक्षों ने अक्टूबर 2025 में घोषित कनाडा-भारत संबंधों के लिए जॉइंट रोड मैप पर हुई ठोस प्रगति पर भी जोर दिया और रोड मैप की प्राथमिकताओं को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक मजबूती और स्थिरता के लिए कनाडा-भारत व्यापार को बढ़ाने और उसमें विविधता लाने के लिए अपना वादा दोहराया। वहीं जयशंकर ने कहा कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। भारत-कनाडा के संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

# अमेरिका की इंडो-पैसिफिक कमांड के प्रमुख और राजदूत गोर ने किया पश्चिमी सैन्य कमांड का दौरा

**प्रतिनिधिमंडल को सेना के पूर्व अभियानों, भावी मार्ग और कमांड की क्षमताओं के बारे में दी गई जानकारी**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए चिंताजनक सुरक्षा हालातों के बीच सोमवार का दिन भारत-अमेरिका की रक्षा साझेदारी और कूटनीतिक सहयोग के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हुआ। जिसके पीछे की एक बड़ी वजह रही अमेरिका की इंडो-पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे. पापारो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्गियो गोर का भारतीय सेना की चंडीगढ़ स्थित पश्चिमी कमांड मुख्यालय का किया गया दौरा है। सेना के सार्वजनिक सूचना निदेशालय (एडीजीपीआई) और अमेरिका के राजदूत सर्गियो गोर ने एक्स पर पोस्ट के जरिए इस बाबत जानकारी साझा की है। वहीं, रक्षा सूत्रों ने बताया कि अमेरिका के इस प्रतिनिधिमंडल की भारत की सेना की कमांड की इस यात्रा का संबंध दोनों देशों के बीच स्थापित रक्षा गतिविधियों के मद्देनजर किया गया है। अमेरिकी राजदूत की एक्स पोस्ट के साथ ही सोशल मीडिया पर मामले में दिखाई पड़ी तीखी प्रतिक्रिया के जवाब में सूत्रों ने कहा कि अमेरिका की नौसैन्य कमांड के मुखिया पूर्व में देश की नौसेना की कमांड की यात्रा कर चुके हैं। इस बार निवेदन सेना की कमांड को लेकर किया गया था।



### रणनीतिक सुरक्षा पर चर्चा हुई

सेना ने एक्स पोस्ट में कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ सेना की पश्चिमी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने देश के पश्चिमी मोर्चे पर रणनीतिक सुरक्षा गतिशीलता के मुद्दे पर जरूरी चर्चा की है। इस दौरान उन्हें कमांड के परिप्रेक्ष्य के बारे में व्यापक रूप से जानकारी दी गई, जिसमें परिचालन तत्परता, विशिष्ट विरासत और ऑपरेशन सिंदूर का निष्पादन, राष्ट्र निर्माण और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत बनाने में निभाई जा रही भारतीय सेना की भूमिका से भी अवगत कराया गया। अमेरिका के राजदूत ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि अभी-अभी चंडीगढ़ पहुंचा हूं। भारतीय सेना की पश्चिमी कमांड का दौरा करने के लिए उत्सुक हूं।

### बेंगलुरु भी जाएंगे दोनों अमेरिकी अधिकारी

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की बेंगलुरु जाने की भी योजना है। जहां पर यह दोनों तीन स्टार्टअप का दौरा करेंगे और भारत-अमेरिका सम्मेलन में भी शिरकत करेंगे। स्टार्टअप में से दो स्पेस श्रेणी के हैं और एक का संबंध रक्षा क्षेत्र से है। एडमिरल पापारो बेंगलुरु स्थित भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख रक्षा उपक्रम एचएएल की यात्रा भी कर सकते हैं।


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109